www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

19 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 269




नीट का रिजल्ट सिटी और सेंटर वाइज जारी हो : सुप्रीम कोर्ट

## रांची के रिम्स का जल्द ही होगा कायाकल्प

# समय पर पुनर्विकास कार्य पूरा करें : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने रिम्स के पुनर्विकास और विस्तार की प्रस्तावित कार्य योजना की ली जानकारी
- स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को दिये आवश्यक निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य का रांची स्थित प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) का जल्द ही कायाकल्प होगा। यह एक नये लुक में नजर आयेगा। इसके पुनर्विकास और विस्तार का प्रस्ताव तैयार हो चुका है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी प्रस्तावित कार्य योजना की गुरुवार को समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनर्विकास कार्य योजना को समय पर पूरा करें।



### प्रधान सचिव ने कार्य योजना से कराया अवगत

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने मुख्यमंत्री को रिम्स के पुनर्विकास एवं विस्तार से संबंधित प्रस्तावित कार्य योजना से अवगत कराया। उन्होंने साइट डेवलपमेंट एंड रीडेवलपमेंट प्रस्ताव के तहत रिम्स के एक-एक हिस्से का कायाकल्प करने के बारे में विस्तार से हेमंत सोरेन को जानकारी दी।

### ओपीडी से लेकर नये ब्लॉक का होगा निर्माण, पुराने का होगा जीर्णोद्धार

प्रस्ताव के अनुसार रिम्स के नये साइट डेवलपमेंट एंड रीडेवलपमेंट योजना में वर्तमान ओपीडी से लेकर विभिन्न ब्लॉक के पुनर्विकास की योजना है। इसके तहत पुराने ओपीडी और आइपीडी और एकेडमिक ब्लॉक का जीर्णोद्धार, निदेशक, अतिरिक्त निदेशक और डीन के नये आवासीय भवन, नया फोरेंसिक मेडीसीन विभाग, नया ओपीडी बलॉक, बाउंड्रीवाल, नया गेट आदि का निर्माण, सड़कों का जीर्णोद्धार आदि कार्य किये जायेंगे।

### मुख्यमंत्री ने एक-एक बिंदु पर की चर्चा

मुख्यमंत्री ने कार्य योजना की बिंदुवार जानकारी ली। उन्होंने जीर्णोद्धार की एक-एक योजना की जानकारी ली। इस संबंध में विभागीय प्रधान सचिव को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिये। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी उपस्थित थे।

**नीट पेपर लीक मामला**

## रांची रिम्स की छात्रा और पटना एम्स से चार हिरासत में

**रांची/पटना (आजाद सिपाही)।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ की जांच का दायरा जैसे-जैसे बढ़ रहा, एक के बाद एक गिरफ्तारियां और खुलासे हो रहे हैं। इस मामले में सीबीआइ ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए रांची रिम्स के सेंकेड इयर की छात्रा सुरभी कुमारी को हिरासत में लिया है। वहीं, पटना एम्स के चार छात्रों को नीट पेपर हल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इन चारों का नाम करण जैन, कुमार शानू, राहुल आनंद और चंदन सिंह है। इनमें चंदन, शानू और राहुल एमबीबीएस के थर्ड इयर के छात्र हैं। जबकि करण सकेंड इयर का छात्र है। सीबीआइ ने पहले उन्हें पूछताछ करने के लिए ले गयी। इसके बाद हिरासत में ले लिया। इनके मोबाइल को जब्त कर लिये हैं और होस्टल के कमरे को सील कर दिया है। सीबीआइ को उम्मीद है कि कमरे की तलाशी में कई अहम सबूत हाथ लग सकते हैं। एम्स प्रशासन की मौजूदगी में इन कमरों की तलाशी ली जायेगी। फिलहाल सीबीआइ ने सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया और रिमांड की मांग की है। पटना एम्स के निदेशक जीके पॉल ने चार छात्रों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि सीबीआइ से रिपोर्ट मिलने बाद अस्पताल प्रशासन आगे कोइ कार्रवाई करेगी।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल आयेंगे रांची

### विस्तारित कमेटी को करेंगे संबोधित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में आनेवाले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होना है। इसे लेकर चुनावी तापमान धीरे-धीरे चढ़ता जा रहा है। भाजपा की सक्रियता बढ़ती जा रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जोश भरने में लगे हैं। इसी क्रम में शनिवार 20 जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रांची आ रहे हैं। वह रांची के प्रभात तारा मैदान में पार्टी की विस्तारित कमेटी के सदस्यों को संबोधित करेंगे। कहा जा रहा है कि इसमें करीब 25 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे।

**भाजपा कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में जुटी:** राज्य में भाजपा इन दिनों चुनावी मोड में आ चुकी है। भाजपा जगह-जगह अभिनंदन सह विजय संकल्प सभाओं के जरिये कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर रही है। केंद्रीय मंत्री सह प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री (सह प्रभारी) हिमंता बिस्वा सरमा कार्यकर्ताओं को एक्टिव करने में जुटे हैं। इसके बीच केंद्रीय मंत्री अमित शाह के आगमन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शाह का पहले 19 जुलाई की शाम को रांची आने का कार्यक्रम था। प्रदेश भाजपा के नेता तय कार्यक्रम के अनुसार इसकी तैयारी में जुटे थे। कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा था। इस बीच अमित शाह के कार्यक्रम में बदलाव की जानकारी आ रही है। अब वह एक दिन पहले की बजाय कार्यक्रम वाले दिन ही रांची आयेंगे।



### दोपहर 1.30 बजे पहुंचेंगे रांची

भाजपा महामंत्री आदित्य साहू ने बताया कि अमित शाह 20 जुलाई को प्रभात तारा मैदान में पार्टी की विस्तारित कमेटी के सदस्यों को संबोधित करेंगे। इसके बाद वापस दिल्ली लौट जायेंगे। शाह बीएसएफ के विमान से 1.40 बजे रांची में लैंड करेंगे। यहां से दोपहर दो बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल पर 3.15 तक रहेंगे। अमित शाह करीब चार बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय आयेंगे। यहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बातचीत करेंगे। इसके बाद शाम 7.30 बजे दिल्ली वापस लौट जायेंगे।

### प्रभात तारा मैदान को दिया जा रहा अंतिम रूप

केंद्रीय गृह मंत्री के रांची आगमन को लेकर पुलिस की तरफ से विशेष तैयारी की गयी है। उनके रूट लाइन पर जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती रहेगी। उधर, पार्टी द्वारा रांची के प्रभात तारा मैदान में कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। सभा में भाजपा के विभिन्न स्तर के 25 हजार से अधिक पदाधिकारी उपस्थित रहने की उम्मीद है। तैयारी को लेकर गुरुवार को प्रदेश भाजपा के नेताओं ने वहां बैठक की। उसमें भाजपा के महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री आदित्य साहू, बालमुकुंद, कोषाध्यक्ष दीपक बंका सहित कई नेता उपस्थित थे।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 69,900 रु./10 ग्राम
चांदी 98,000 रु./प्रति किलो



# यूपी में भाजपा के भीतर मची हलचल का सियासी मतलब

## ■ लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद से ही मचा है घमासान

## ■ सीएम योगी को सात साल में पहली बार मिल रही है कड़ी चुनौती

**देश की सियासत का सिरमौर राज्य उत्तरप्रदेश का सियासी माहौल इन दिनों गर्म है। यहां लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के भीतर घमासान मचा हुआ है। दरअसल, यहां संगठन और सरकार के बीच तकरार की खबरें हैं। 2017 में पहली बार यूपी के सीएम बने योगी आदित्यनाथ को पहली बार पार्टी के भीतर से ही बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। वह भी ऐसे समय में, जब राज्य विधानसभा की 10 सीटों के लिए उपचुनाव अगले कुछ दिनों में होनेवाला है। योगी आदित्यनाथ को पार्टी के उस खेमे से चुनौती मिल रही है, जिसे संघ का वरदहस्त प्राप्त है और इसका नेतृत्व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कर रहे हैं। मौर्य ने लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के लिए पूरी तरह से योगी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उनके अलावा कई विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों ने भी इसी तरह के आरोप लगाये हैं। मौर्य ने तो प्रदेश की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में कह दिया कि संगठन हमेशा सरकार से बड़ा होता है। उनके इस बयान के बाद चर्चा तेज हो गयी कि उनके और सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच सब सही नहीं है। इसी के बाद मौर्य दिल्ली तलब किये गये और उनकी पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात हुई। हालांकि मौर्य को पार्टी अध्यक्ष की तरफ से सख्त हिदायत दी गयी कि किसी भी सूरत में सरकार और संगठन के तालमेल को लेकर ऐसी कोई बयानबाजी नहीं की जाये, जिससे पार्टी हित का नुकसान हो। पार्टी चाहती है कि इस पर लगाम लगे और सरकार-संगठन के बीच एकता का संदेश दिया जाये। लेकिन इस डैमेज कंट्रोल के बावजूद यूपी में सरकार और संगठन के बीच का रिश्ता पटरी पर नहीं लौट सका है। क्या है यूपी की सियासत में मची इस हलचल के मायने और इसके संभावित परिणाम, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

वह 14 जुलाई 2024 की तारीख थी। लखनऊ में भाजपा की बैठक चल रही थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में यूपी सरकार के दो शीर्ष नेताओं ने प्रदेश में पार्टी के खराब प्रदर्शन की अलग-अलग वजहें गिनवायीं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अति आत्मविश्वास को यूपी में खराब प्रदर्शन का कारण बताया, वहीं केशव प्रसाद मौर्य में यूपी सरकार के कुछ निर्णयों को कठघरे में खड़ा किया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने संगठन के सरकार से बड़े होने की बात कही। दोनों ने यूपी में खराब प्रदर्शन के अलग-अलग कारण बताये, लेकिन केशव प्रसाद मौर्य के बयान को योगी सरकार के खिलाफ टिप्पणी के रूप में देखा गया। मौर्य कहना चाह रहे थे कि यूपी की योगी सरकार पार्टी से बड़ी हो गयी है। दूसरी तरफ योगी के बयान को इस रूप में लिया गया कि केंद्रीय नेतृत्व अति आत्मविश्वास में था। इन दोनों के बयानों और अलग-अलग मुलाकातों के बाद यूपी में भाजपा को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे। योगी और केशव प्रसाद मौर्य के बयानों का अलग-अलग मतलब निकालने वाले लोग भी अपनी जगह पर सही है। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोकसभा चुनाव के समय पूरी भाजपा अति आत्मविश्वास में थी। उसका घोड़ा चार सौ पार की स्पीड से भाग रहा था। इसका असर यह हुआ कि कार्यकर्ता यह मान बैठे कि बैठे-बैठाये चार सौ पार हो ही जायेगा। वहीं यूपी सरकार के कुछ निर्णयों को कठघरे में खड़ा करनेवाले भी अपनी जगह पर सही हैं। विकास के नाम पर कुछ निर्णय निश्चित रूप से ऐसे लिये गये, जिनमें बड़े पैमाने पर लोगों की रोजी-रोजी छिन गयी। चूंकि वे वर्षों से सरकारी जमीन पर अपनी जमीन और झोंपड़ी बना कर रह रहे थे, विकास कार्य के कारण उन्हें उस जमीन से दरबदर होना पड़ा। दुकान हटी तो रोजगार भी छिन गया। यह काशी में भी हुआ और अयोध्या में भी। इसका नकारात्मक असर पड़ा।

### योगी और केशव प्रसाद मौर्य का सियासी सफरनामा

सीएम योगी आदित्यनाथ कभी कोई चुनाव नहीं हारे हैं, जबकि केशव प्रसाद मौर्य सिर्फ एक-एक बार विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीत सके हैं। मौर्य विश्व हिंदू परिषद और संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं, वहीं योगी की पहचान संघ के साये से अलग हिंदुत्व वाली राजनीति की रही है।

### ऐसे गरमाता रहा यूपी का सियासी माहौल

यूपी में योगी आदित्यनाथ बनाम केशव प्रसाद मौर्य की जो अटकलें लगायी जा रही हैं, उसे समझने के लिए कुछ तारीखों पर गौर किया जाना जरूरी है। इसमें पहली तारीख है 04 जून, जब लोकसभा के चुनावी नतीजों में यूपी में भाजपा के हिस्से में महज 33 सीटें आयीं, यानी 2019 की तुलना में 29 कम। उसके बाद से राज्य में कई जगहों पर सरकार और भाजपा नेताओं के बीच विवाद और बहस होने की खबरें आयीं। इन घटनाओं में अधिकांश ऐसे नेता शामिल थे, जो मौर्य या संघ की पृष्ठभूमि के माने जाते हैं। इसके बाद 14 जुलाई को लखनऊ में भाजपा कार्यसमिति की बैठक हुई, जिसमें लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा हुई। उसमें मौर्य ने कहा, संगठन, प्रदेश और देश के नेतृत्व के सामने कह रहा हूं कि संगठन सरकार से बड़ा है। संगठन से बड़ा कोई नहीं होता है। इसके बाद 16 जुलाई को दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से केशव प्रसाद मौर्य और यूपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मुलाकात की। पार्टी अध्यक्ष की सख्त हिदायत के बावजूद अगले ही दिन मौर्य ने सोशल मीडिया पर कहा, संगठन सरकार से बड़ा। कार्यकर्ताओं का दर्द मेरा दर्द है, संगठन से बड़ा कोई नहीं, कार्यकर्ता ही गौरव है। उस दिन शाम को सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल से मुलाकात की और राजभवन से इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया गया।



### यूपी, योगी और अटकलें

पिछले डेढ़ महीने के दौरान अलग-अलग तारीखों पर हुई इन मुलाकातों और बयानबाजियों से अटकलें तेज हुई हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या सीएम के तौर पर योगी आदित्यनाथ की कुर्सी सुरक्षित है? इस सवाल को सबसे पहले बड़े स्तर पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उठाया था। केजरीवाल ने 11 मई को एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर भाजपा चुनाव जीत गयी, तो लिखवा लो कि दो महीने के अंदर उत्तरप्रदेश का मुख्यमंत्री बदल देंगे ये लोग। योगी आदित्यनाथ की राजनीति खत्म करेंगे। उनको भी निपटा देंगे। अरविंद केजरीवाल के उस बयान का भाजपा आलाकमान की तरफ से खंडन नहीं करना भी कई सवालों को जन्म दे गया। ऐसे में भाजपा की अगुवाई में नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार सत्ता में आने और यूपी में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद यही सवाल फिर उठने लगा है। भाजपा आलाकमान यूपी में पार्टी की बड़ी जीत नहीं होने से अंदर ही अंदर नाराज है। कुछ लोग इसके लिए योगी आदित्यनाथ की तरफ इशारा करते हैं और कुछ शीर्ष नेतृत्व की तरफ। केशव प्रसाद मौर्य के ताजा बयान और सक्रियता को इसी कड़ी से जोड़ कर देखा जा रहा है।

### योगी पर अपनों के बढ़ते हमले

योगी की कार्यशैली पर सवाल उठानेवालों में निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद भी शामिल रहे। 16 जुलाई को संजय निषाद ने कहा कि बुलडोजर माफिया के खिलाफ इस्तेमाल होना चाहिए। अगर ये बेघर और गरीब लोगों के खिलाफ इस्तेमाल होगा, तो एकजुट होकर ये लोग हमें चुनाव में हरवा देंगे। योगी आदित्यनाथ की राजनीति में बुलडोजर की खास अहमियत है। चुनाव प्रचार के दौरान योगी की रैलियों में कई जगहों पर बुलडोजर भी खड़े किये गये थे। इससे पहले भाजपा की सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) की नेता और एनडीए सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी योगी आदित्यनाथ से अपनी शिकायत सार्वजनिक की थी। अनुप्रिया की इस चिट्ठी के बाद कुछ जानकारों ने कहा था कि यह योगी आदित्यनाथ के खिलाफ जमीन तैयार किये जाने का संकेत है।

### कैसी है योगी की चुनावी राजनीति

यूपी की इस सियासी हलचल को समझने के लिए योगी आदित्यनाथ की चुनावी राजनीति को समझना भी जरूरी है। 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा भले ही यूपी में पहले के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन ना कर पायी हो, मगर योगी आदित्यनाथ अपने गढ़ गोरखपुर के आसपास की सीटें बचाने में सफल रहे। वहीं कौशांबी, प्रयागराज और प्रतापगढ़ में भाजपा को हार मिली। इन तीनों सीटों पर केशव प्रसाद मौर्य का असर माना जा रहा था। भाजपा केशव प्रसाद मौर्य को पार्टी के ओबीसी चेहरे के तौर पर पेश करती रही है, लेकिन इन चुनावों में मौर्य पार्टी को वह सफलता नहीं दिलवा पाये, जिसकी उम्मीद भाजपा को थी।

### क्या होगा इस सियासी हलचल का परिणाम

यूपी में भाजपा के भीतर मची इस हलचल के बीच बड़ा सवाल यह है कि इसका परिणाम क्या होगा। अब यह लगभग तय है कि योगी आदित्यनाथ को बदले जाने का खतरा भाजपा नहीं उठायेगी। यह भी सच है कि सात साल में पहली बार योगी को पार्टी के भीतर से ऐसी चुनौती मिल रही है। ऐसे में उनके कंधे पर अगले कुछ दिनों में विधानसभा की 10 सीटों पर पार्टी को जीत दिलाने की चुनौती है। इन 10 में से नौ सीटें विधायकों के लोकसभा चुनाव में लड़ने और जीतने के बाद खाली हुई हैं। एक सीट सीसामऊ सपा विधायक रहे इरफान सोलंकी को एक आपराधिक मामले में दोषी करार दिये जाने के बाद खाली हुई है। इन 10 विधानसभा सीटों में से पांच में सपा को 2022 में जीत मिली थी। एक सीट तब सपा के साथ गठबंधन में रहे राष्ट्रीय लोकदल ने जीती थी। अब यह पार्टी भाजपा के साथ है। तीन सीट भाजपा और एक सीट निषाद पार्टी ने जीती थी।

सीएम योगी ने इन सीटों पर होनेवाले उप चुनाव के लिए अपनी एक 'सुपर 30' टीम बनायी है, जिनमें दोनों डिप्टी सीएम को शामिल नहीं किया गया है। यदि योगी इस उप चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो फिर वह अपने विरोधियों को हमेशा के लिए चुप करा देंगे, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है, तो फिर यूपी की सियासत में कुछ नया मोड़ आने की संभावना तो बनती हुई दिखाई देती ही है।

---

# नीट का रिजल्ट सिटी और सेंटर वाइज जारी हो : सुप्रीम कोर्ट

## एनटीए शनिवार दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर अपलोड करे

**अगली सुनवाई 22 जुलाई को**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और अन्य धांधली समेत परीक्षा रद्द कराने की मांग से जुड़ी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह सभी कैंडिडेट्स के रिजल्ट शनिवार दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर अपलोड करे। रिजल्ट सेंटरवाइज और सिटीवाइज होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि रिजल्ट अपलोड करते वक्त उम्मीदवार की पहचान जाहिर ना की जाए। हम सोमवार, 22 जुलाई को सुबह 10.30 बजे अगली सुनवाई शुरू करेंगे। हम बिहार पुलिस रिपोर्ट की एक कॉपी भी चाहते हैं।' मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की डिवीजन बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें रखीं। याचिकाकर्ता के वकील एडवोकेट नरेंद्र हुड्डा हैं।



सुनवाई के दौरान कोर्ट में गर्मागरम बहस हुई। इस दौरान चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने इस बात पर अचरज जताया कि 45 मिनट के अंदर 180 सवाल कैसे हल किये गये। दरअसल, वह जानना चाहते थे कि पेपर लीक परीक्षा शुरू होने से कितनी देर पहले हुआ था। पीठ यह जानने की कोशिश कर रही है कि पेपर लीक कब हुआ? और पेपर लीक और परीक्षा शुरू होने के बीच के गैप में क्या पेपर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सर्कुलेट तो नहीं हुआ।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पटना का हजारीबाग से क्या संबंध है? मुझे यकीन नहीं हो रहा है कि 45 मिनट में पूरा प्रश्नपत्र हल किया जा सकता है। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि पटना पुलिस का कहना है कि पेपर परीक्षा से एक दिन पहले ही शाम में लीक हुआ था। उन्होंने कहा कि हजारीबाग से भी यही सूचना मिली है और पेपर लीक में गिरफ्तार किए गए लोगों का भी कहना है कि परीक्षा की तारीख से पहले ही यानी पिछली शाम को ही प्रश्नपत्र हल कर लिया गया था और परीक्षार्थियों को याद करवा दिया गया था। कोर्ट अब 22 जुलाई को नीट-यूजी 2024 विवाद से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई फिर से शुरू करेगा।

# यूपी के गोंडा में डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पटरी से उतरी, दो की मौत

**एक्सीडेंट के पहले ड्राइवर ने सुनी धमाके की आवाज, 12 कोच पटरी से उतरे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोंडा।** यूपी के गोंडा में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की 3 एसी समेत 12 बोगियां पटरी से उतर गयीं। इनमें 3 पलटी खा गयीं। हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गयी, 25 घायल हैं। वहीं, दो यात्रियों के पैर कट गये। ज्यादातर घायल यात्री एसी कोच के बताये जा रहे हैं। हादसे के बाद यात्री खिड़की के कांच तोड़कर बाहर कूदे। ट्रेन (15904) चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही थी। हादसा झिलाही रेलवे स्टेशन के बीच गोसाई डिहवा में हुआ। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अफसर मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एसडीआरएफ की टीम मौके पर है। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि लोको पायलट ने एक्सीडेंट के पहले धमाके की आवाज सुनी थी। रेल मंत्रालय ने मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजे का एलान किया है। गंभीर घायलों को ढाई लाख और मामूली घायलों को 50 हजार रुपये की मदद दी जायेगी। साथ ही मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं।



हेल्पलाइन नंबर जारी : पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के मध्य डाउन लाइन पर 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के हादसे के फलस्वरूप रेल यात्रियों की सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।


---

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले

# गांवों के समग्र विकास को लेकर हों एकजुट, एक-दूसरे की मदद को रहें तत्पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि विकास निरंतर प्रक्रिया है। एक साथ सबका विकास और अपने पास से जो लोगों की सेवा करते हैं वही बड़े होते हैं। लगातार एकजुट होकर कार्य करने से निश्चित रूप से सफलता मिलती है। गांव के विकास को लेकर एक दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहें। वे विकास भारती बिशुनपुर द्वारा गुरुवार को बिशुनपुर में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



### कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था

**सरसंघचालक के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था की गयी थी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों की तैनाती गयी थी। सुरक्षा व्यवस्था में इंस्पेक्टर गुमला, एसडीपीओ, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य प्रखंडों से आये हुए पदाधिकारी एवं पुलिस बल तैनात थे। बिना पास के कार्यक्रम स्थल पर किसी की एंट्री नहीं थी।**

**ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन :** विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा गुरुवार को बिशुनपुर में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, पद्मश्री अशोक भगत, पद्मश्री चामी मुर्मू, देवव्रत मोहन, सुधीर बृजिया, महेंद्र भगत सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। सर्वप्रथम आदिवासी परंपरा के अनुसार पत्ते की टोपी पहना कर और भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर मोहन भागवत सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

**एक दूसरे की मदद को रहें तैयार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। एक साथ सबका विकास और अपने पास से जो सेवा करते हैं वही बड़े होते हैं। जिनके पास सब कुछ होता है और वह किसी की सेवा नहीं करते हैं। वे कुछ नहीं है। आदिवासी जनजाति बहुल क्षेत्र का विकास समुचित नहीं हो सकता लेकिन लगातार एकजुट होकर कार्य करने से निश्चित सफलता मिलती है। वर्तमान में विश्वास में सेवा और विकास की आवश्यकता है। एक दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.8 °c | 24.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.13 बजे |



# दुधारू पशुओं को भी नहीं बख्शती चौपारण पुलिस

- बुधवार की अहले सुबह 24 दुधारू भैंसों को पकड़ा
- तीन बड़े ट्रक पर लदी थीं 24 भैंसें, साथ में थे 24 बच्चे
- चार बजे सुबह से शाम पांच बजे तक अपने कब्जे में रखा
- प्रति गाड़ी तीन-तीस हजार रुपये वसूल कर छोड़ने का आरोप
- दिन भर उमस भरी गर्मी के कारण 13 दुधपीते बच्चों की हो गयी मौत
- दुधारू पशुओं का कारोबार करनेवाले व्यापारियों की टूट रही कमर, सुननेवाला कोई नहीं
- सरकार का स्पष्ट आदेश है कि दुधारू पशुओं को नहीं पकड़ा जाये, पर नहीं मानती पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग जिले की चौपारण पुलिस के लिए इन दिनों दुधारू मवेशी लदे वाहन कमाई का अच्छा जरिया साबित हो रहे हैं। चौपारण थाना क्षेत्र के चोरदाहा के पास हर दिन वाहन चेकिंग की जाती है और दुधारू मवेशी लदे वाहनों से पैसा वसूला जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह गाजीपुर के दिलदार नगर हाट से धनबाद और कोलकाता डानकुनी के व्यवसायी 24 भैंसों को तीन ट्रकों पर लाद कर धनबाद और कोलकाता के लिए निकले। वह बुधवार की अहले सुबह यानी तीन बजे के आसपास चौपारण थाना क्षेत्र के चोरदाहा के पास पहुंचे। भैंसों के साथ 24 बच्चे भी थे, जिनमें कई तीन से चार दिन पूर्व ही जन्म लिये थे। प्रत्येक वाहन पर आठ वयस्क और आठ शिशु मवेशी लदे हुए थे। इनके नंबर बीआर 44 जीए-6321, सोलह चक्का, बीआर 44 जीए-2221, 16 चक्का और बीआर 44 एच-8836, 14 चक्का थे। चौपारण पुलिस की गश्ती टीम ने उन सभी को चोरदाहा नाका के पास रोका। चालकों ने गाड़ी का चालान, मवेशियों की खरीद-बिक्री के दस्तावेज, मवेशियों की मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट और मवेशियों पर लगा सरकारी टैग भी दिखाया, लेकिन पुलिस की टीम मानने को तैयार नहीं थी। जांच के नाम पर पुलिस ने सुबह इन वाहनों को जब्त कर लिया और 13 घंटे तक भरी गर्मी में उन पशुओं को ट्रक में ही खड़ा करवा दिया। जानकारी के मुताबिक जब एक व्यवसायी अपनी स्कार्पियो से वहां पहुंचा और उसने पुलिस की जेब गर्म की, तो उसके बाद 13 घंटे बाद पुलिस ने उन मवेशियों को अपने कब्जे से मुक्त किया। ट्रक में लदे मवेशियों को दिन भर दाना-पानी भी नहीं मिला। सुबह में भैसों को दूहा भी नहीं जा सका, जिससे बच्चे भी दूध नहीं पी सके। व्यापारियों का आरोप है कि गर्मी के कारण 13 शिशु मवेशियों की मौत हो गयी। थाने से मुक्त होने के बाद पशु व्यापारियों ने एक जगह ट्रक को रोका और फिर जानवरों को उसमें से उतार कर उनके खाने-पीने का इंतजाम किया। खाना नहीं मिलने और दूध नहीं दूहे जाने के कारण कुछ भैंसें भी बीमार हो गयी हैं। उनका इलाज चल रहा है। इसमें एक-एक भैंस की कीमत अस्सी हजार रुपये से लेकर सवा लाख रुपये तक है। ट्रक चालकों का आरोप है कि पुलिस ने जब पकड़े गये तीनों वाहनों से 30-30 हजार रुपये वसूले, तभी उन्हें मुक्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसा हर दिन चोरदाहा चेक नाका पर होता है। यह पुलिस के लिए एक बड़ा व्यापार बन गया है और व्यापारियों के लिए शामत आ गयी है। पुलिस तस्करी के आरोप में बहुत ही आसानी से इन व्यापारियों को धौंस दिखाती है और उनसे वसूली करती है।

झारखंड विधानसभा के पिछले सत्र में पोड़ैयाहाट के विधायक डॉ प्रदीप यादव ने इस मामले को विधानसभा में उठाया था। उस समय सरकार ने यह आदेश दिया था कि दुधारू पशुओं को नहीं रोका जाये। लेकिन इस आदेश को भी पुलिस ने रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। इस आदेश के बाद भी चौपारण पुलिस दुधारू मवेशी लदे वाहनों को रोक कर पैसा वसूल रही है। यह सिलसिला जीटी रोड पर अवस्थित हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद जिलों के हरेक थाना में चल रहा है। गिरिडीह पुलिस निश्चित रूप से दुधारू पशुओं पर रियायत बरतती है। सबसे अधिक परेशानी किसानों को चौपारण में होती है। पुलिस के भय से तो अब स्थानीय लोग कोई मवेशी एक जगह से दूसरी जगह नहीं ले जा पा रहे हैं। चौपारण की स्थिति विचित्र है। यहां सर्वत्र चर्चा है कि एक स्थानीय राजनीतिज्ञ का बेटा पुलिस से मिला हुआ है और पुलिस को मदद करता है।इसकी जानकारी सबको है, लेकिन बोलता कोई कुछ नहीं।

## आलमगीर आलम ने कोर्ट से लगायी जमानत की गुहार

रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर कमीशन घोटाला मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने पीएमएलए कोर्ट में जमानत की गुहार लगायी है। बता दें कि 15 मई को इडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी से पहले इडी ने समन जारी कर उन्हें बुलाया था और पूछताछ की थी। 4 जुलाई को इडी ने पूर्व मंत्री आलमगीर के आप्त सचिव संजीव लाल और जहांगीर आलम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर समेत नौ लोगों की अब तक गिरफ्तारी हुई है। इडी की जांच में 35 करोड़ से अधिक का नगद बरामद हुआ था। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव के नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से 32.20 करोड़ रुपये बरामद हुए थे।

# झारखंड में विकास शून्यता की स्थिति: बाबूलाल

- भ्रष्टाचार, हत्या, लूट से परेशान जनता
- हेमंत सोरेन सरकार के सारे वादे फेल




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को गोमिया विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मान और विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता 24 घंटे 365 दिन पार्टी के लिए समर्पित है। केवल चुनाव में नहीं, बल्कि प्रतिदिन पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों के लिए जनता के पास जाता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम का सम्मान पार्टी का फर्ज है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के प्रयास और परिश्रम का परिणाम है। मोदी सरकार पिछले 10 वर्षों से लगातार गांवों, गरीबों, किसानों, दलितों और वंचितों की सेवा में समर्पित है। लेकिन राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को लटकाने, भटकाने और अटकाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम ने इंडी गठबंधन को आइना दिखाया है। राज्य में जनता हेमंत सरकार से ऊब चुकी है। झारखंड केवल लूट, झूठ और भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुका है। आज खान, खनिज, बालू, पत्थर की लूट मची है। अपराधी बेखौफ हैं। जेल से रंगदारी मांगी जा रही है। सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल रही है। राज्य में देश विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। सत्ताधारी गठबंधन वोट बैंक के कारण उनका संरक्षण कर रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता इस भ्रष्ट निकम्मी सरकार को सबक सिखाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हमें बार-बार केंद्र सरकार की उपलब्धियों और हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर करने के लिए जन-जन तक जाना है।

# भाजपा मुद्दाविहीन है, उसकी सही सोच अब सामने आने लगी: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा नेताओं को घुसपैठिया और मदरसा जैसे मुद्दों पर घेरा। सुप्रियो ने कहा कि भाजपा के नेता जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल इन दिनों कर रहे हैं, उससे जहर की बू आने लगी है। उन्होंने कहा कि इन दिनों भाजपा मुद्दाविहीन है, उसकी सही सोच अब सामने आने लगी है। पीएम नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की बात करते हैं, लेकिन भाजपा के केंद्रीय नेता का कहना है कि सबका साथ नहीं, जो हमारे साथ, उसका विकास। बता दें कि उनका इशारा प बंगाल विधानसभा में विपक्ष के भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के हालिया बयान पर था। इसमें उन्होंने कहा है कि सबका साथ सबका विकास की बात अब बेमानी हो गयी है। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा को बंद कर देना चाहिये। भट्टाचार्य ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने शायद ही, एक भी मुसलमान उम्मीदवार उतारा हो। भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा विधानसभा में भी मुसलमान उम्मीदवार को टिकट देने से कतराती है। राजस्थान में सिर्फ एक सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट दिया था। इससे भाजपा की असली सोच जाहिर होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड आकर भाजपा के नेता दो ही मुद्दों की बात करते हैं। एक घुसपैठिया और दूसरा मदरसा, लेकिन गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार घुसपैठ के सबसे अधिक प्रयास त्रिपुरा में होते हैं और सफल भी होते हैं। सुप्रियो ने कहा कि त्रिपुरा में पिछले 8 साल से भाजपा का शासन है। भाजपा के पास 10 साल से सीमा सुरक्षा का जिम्मा है।



असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा स्वीकार भी करते हैं कि सबसे अधिक घुसपैठ असम में हुई है। इसके बाद रोज एक नया-नया ट्वीट बाबूलाल मरांडी करते हैं। उन्होंने कहा कि क्या सच्चाई है क्या सच्चाई नहीं है, ये भाजपा के नेता भी नहीं बता पायेंगे। वही नेता यहां आकर कहते हैं कि मदरसा बंद होना चाहिये। सुप्रियो ने कहा कि मदरसा के अंदर जो तालीम दी जाती है, वो धार्मिक तालीम है। ये किसी से छिपा हुआ भी नहीं है। यूपी में 16513 मदरसे हैं। ये सभी मदरसे रिकॉग्नाइज्ड हैं। अनरिकॉग्नाइज्ड मदरसों की संख्या 449 है। इसी तरह सरकारी मदरसों की संख्या यूपी में 558 है। उन्होंने कहा कि जबकि वहां भाजपा की सरकार पहले भी रही है और अभी भी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 20650 मदरसे ऐसे हैं जो राज्य सरकार की सहयोग राशि से चलते हैं। इसी तरह 1600 मदरसे ऐसे हैं, जिनको भाजपा की केंद्र सरकार आर्थिक सहयोग देती है। गुजरात में 1130 मदरसे हैं। गुजरात में 30 साल से भाजपा का शासन है। बिहार में 88 मदरसे राज्य सरकार चला रही है। इसी तरह 2059 मदरसे यहां मदरसा बोर्ड से निबंधित हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में 186 पेडेड मदरसा है। पूरे देश में ये मदरसे अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय, राज्य सरकार, केंद्र सरकार और शिक्षा विभाग का संयुक्त कार्यक्रम है। अब इनको मदरसों से तकलीफ है। भाजपा शासित राज्यों में तकलीफ नहीं है। झारखंड में आकर कहते हैं कि मदरसा बंद कर दीजिये। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह झारखंड आ रहे है उनसे आग्रह करेंगे की इन सब बातों पर रोक रोक लगाये।

### झारखंड के आदिवासी को असम में एसटी का दर्जा दें हिमंता

सुप्रियो ने कहा कि हिमंत विस्वा सरमा और भाजपा को आदिवासियों से प्रेम नहीं है। अगर प्रेम होता तो प्रधानमंत्री बैठे होते और एक आदिवासी राष्ट्रपति खड़ी नहीं रहती। अगर हिमंता को इतना ही आदिवासियों से प्रेम है तो सबसे असम में लंबे समय से शासन में रही भाजपा और असम में वर्षों से निवास करने वाले झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और बंगाल के आदिवासियों को एसटी का दर्जा दे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## डीसी के बजाय कनीय अधिकारियों ने दाखिल किया जवाब

# हाइकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए शपथ पत्र किया खारिज

**कोर्ट ने संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई के संबंध में छह जिलों के डीसी से मांगी थी रिपोर्ट**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने छह जिलों के उपायुक्त (डीसी) की बजाय कनीय अधिकारियों द्वारा शपथ पत्र दाखिल किये जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए शपथ पत्र को खारिज कर दिया। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर सारंगी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा के उपायुक्तों को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

दरअसल, बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई के संबंध में हाइकोर्ट ने पिछली सुनवाई में संथाल परगना के छह जिलों के डीसी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। साथ ही कहा था कि संबंधित जिलों के एसपी डाटा उपलब्ध कराने में उपायुक्तों को फीडबैक (सपोर्ट) देंगे। वहीं मुख्य सचिव सबकी मॉनिटरिंग करेंगे। लेकिन गुरुवार को कोर्ट ने ऑब्जर्व किया कि जो शपथ पत्र दाखिल किये गये हैं, वे डीसी के बजाय कनीय अधिकारियों की ओर से दाखिल किया गया है। गोड्डा से डीसीएलआर, दुमका से एडिशनल कलेक्टर, देवघर से डिस्ट्रिक एजुकेशन ऑफिसर, पाकुड़ से एसडीओ, जामताड़ा से डीसीएलआर की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया था।

इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कोर्ट को गुमराह करने का क्यों प्रयास किया जा रहा है? गुरुवार को संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां जनसंख्या की स्थिति में कुप्रभाव को लेकर दानियल दानिश की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मौखिक रूप से राज्य सरकार से कहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठिया आपकी जमीन पर रह रहे हैं एवं तमाम सुविधा उठा रहे हैं, इनको आपको चिह्नित करना होगा और इन्हें वापस बांग्लादेश भेजना होगा।

### क्या है याचिका में

प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या पर कुप्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। प्रार्थी ने मांग की है कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताये कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड आ रहे हैं और उनके द्वारा झारखंड में कैसे लोगों को गुमराह कर वैवाहिक संबंध स्थापित किया जा रहा है।

## राष्ट्रपति से मिलीं राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी



**राष्ट्रपति ने स्वीकार की गोड्डा आने का निमंत्रण**

**पोड़ैयाहाट के पूर्व विधायक प्रशांत कुमार पर लिखी पुस्तक भेंट की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/रांची।** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने गुरुवार को नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस मौके पर ममता कुमारी ने राष्ट्रपति को पोड़ैयाहाट के पूर्व विधायक और पति स्वर्गीय प्रशांत मंडल पर लिखी किताब प्रशांत हमारे दिल में हैं भेंट की। मुलाकात के दौरान ममता कुमारी ने राष्ट्रपति को गोड्डा आने का निमंत्रण दिया, जिसे राष्ट्रपति ने सहर्ष स्वीकार किया। इससे पहले बातचीत के क्रम में ममता कुमारी ने श्रीमती मुर्मू को झारखंड की वास्तविक स्थिति, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और आयोग के द्वारा की गयी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 26 जुलाई से 2 अगस्त तक, राज्यपाल की मंजूरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के पंचम विधानसभा के अंतिम मानसून सत्र के लिए विधानसभा और राज्य सरकार दोनों तैयार हैं। मानसून सत्र 26 जुलाई को शुरू होगा और 2 अगस्त तक चलेगा। सत्र चलाने के लिए राज्यपाल की तरफ से मंजूरी मिल गयी है। इसके बाद मंत्रिमंडल परिषद से अधिसूचना जारी कर दी जायेगी। इस सत्र में सरकार की तरफ से कई विधेयक पारित होने की संभावना है। साथ ही आने वाले चुनाव के मद्देनजर सत्र काफी हंगामेदार होने की संभावना है।

## श्याम बाबा को लगा खीर चूरमा का भोग



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर संध्या 7 बजे 9 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। मुख्य यजमान मनोज सिंघानिया अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किये। सर्व प्रथम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं सिंघानिया परिवार द्वार गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा।

श्री श्याम प्रभु का भोग लेने के लिए भक्तगण कतारबद्ध थे। श्री श्याम मंडल के कार्यकर्ता भक्तजनों को शुद्ध पेयजल दे रहे थे। खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मंदिर में ही निर्मित किया गया तथा 250 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय साबू, विकास पाडिया, विवेक ढांढनियां, राजेश सारस्वत, नितेश केजरीवाल, प्रियांश पोद्दार, प्रदीप अग्रवाल, गौरव शर्मा, नितेश लखोटिया, अमित जलान का सहयोग रहा।

## मुस्लिम मुद्दों पर राज्यस्तरीय परिचर्चा में विभिन्न जिलों से जुटेंगे प्रतिनिधि : एस अली



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुस्लिम समुदाय के न्याय, अधिकार, शिक्षा, रोजगार, उर्दू, मदरसा, मॉबलींचिग एवं अन्य मामलों को लेकर संयुक्त मुस्लिम संगठन के बैनर तले 21 जुलाई को प्रेस क्लब रांची में 11 बजे से रखा गया है। उक्त परिचर्चा कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से समाजिक संगठन एवं धार्मिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल होंगे। आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने बताया कि अलग राज्य आन्दोलन में शामिल मुस्लिम समुदाय के मसले राज्य अलग होने का 24 वर्ष बाद भी हल नही हो पायें, बल्कि मुद्दों को पेचीदा बनाने का प्रयास किया गया है। 4401 उर्दू शिक्षक के बचे 3712 पदों पर झारखंड अल्पसंख्यक आयोग द्वारा 2015 में दिए निर्देशनुसार बहाली, मदरसा आलिम फाजिल डिग्री की परीक्षा विश्विद्यालय से कराने, +2 विधालयों में उर्दू शिक्षक सहित सभी विषयों में बहाली, अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े बोर्ड, निगम, आयोग की नियमावली का निर्माण, मॉबलीचिंग पीड़ितों को मुआवजा और पुर्नवास, रांची 10 जून 2022 गोलीकांड पीड़ितों को न्याय सहित शिक्षा, सरकारी नौकरी में भागीदारी के साथ झारखंड में स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पिछड़ी जातियों के आरक्षण में बढ़ोतरी, अभ्यर्थियों के उम्र सीमा में छूट जैसे मामलों के साथ राजनीतिक हिस्सेदारी पर विचार विमर्श किया जायेगा एवं निर्णय लिया जायेगा। उक्त राज्य स्तरीय परिचर्चा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर गुरुवार को आमया संगठन के केंद्रीय कार्यालय पुरानी रांची में बैठक हुई। इसमें आमया संगठन प्रभारी जियाउद्दीन अंसारी, सचिव नौशाद आलम, इमरान अंसारी, जिला अध्यक्ष अफताब आलम, एकराम हुसैन, जावेद अंसारी, नसीम अहमद, अब्दुल बारीक, मंजूर अंसारी, आशिक अंसारी, अकराम अंसारी, अयुब अंसारी, अबु रेहान, मो आसिफ, मो फिरोज आदि पदाधिकारी शामिल थे।

## सरला बिरला स्कूल में येलो डे मनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में प्री-प्राइमरी ग्रुप के छात्रों के लिए येलो डे का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बैगलेस डे का आनंद उठाया। पीला रंग धूप, आशा और खुशी का रंग है, छात्र जब इस रंग के कपड़े पहन कर विद्यालय आए तो पूरे परिसर में खुशी का माहौल छा गया। इस अवसर पर आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। येलो थीम पर आधारित एक विशेष असेंबली का भी आयोजन किया गया। बच्चों के लंच में फलों का राजा आम को शामिल किया गया तथा उन्होंने एक फिल्म भी देखी। पूरा दिन सकारात्मकता और रचनात्मकता से भरा हुआ था । प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को संबोधित करते हुए इस रंग के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह ताजगी, सकारात्मकता, बुद्धिमत्ता और खुशी का रंग है। पीला रंग बुद्धि को उत्तेजित करता है तथा मन और शरीर को विषमुक्त करता है।

## एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्य करेंगे जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर सारंगी की सेवानिवृत्ति की उपरांत जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद 20 जुलाई से झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्यभार संभालेंगे। चीफ जस्टिस बीआर सारंगी का कल यानी 19 जुलाई को अंतिम कार्य दिवस है। इस संबंध में भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ लॉ एंड जस्टिस की ओर से आज अधिसूचना जारी कर दी गयी है। चीफ जस्टिस के सेवानिवृत्ति के बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद को चीफ जस्टिस कार्यालय की जिम्मेदारी सौंप गयी है।

## 9 को विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर मंथन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय 13 आर आई टी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में गुरुवार को आवश्यक बैठक रखी गयी। अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने की। बैठक में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस को धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि विश्व स्तर पर आदिवासियों को एकजुट करने एवं आदिवासी परंपरा संस्कृति को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में 1994 ई में विश्व के आदिवासी एकजुट होकर 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गयी।

केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की ने कहा कि 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस में आदिवासी परंपरा संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। रंपा चंपा हाथी घोड़ा एवं पूरे शहर को सरना झंडा से पाटा जायेगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पूरे शहर को आकर्षक विद्युत सजा किया जाये। जगह-जगह पानी टैंकर की व्यवस्था हो मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बलों की तैनाती की जाये। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, सहाय तिर्की, कोषाध्यक्ष आकाश उरांव, महिला शाखा की उषा खलखो, नगिया टोप्पो, शिला मिंज, सोहन कच्छप, सत्यनारायण लकड़ा, जादो उरांव, बाना मुंडा, जयराम, दीपक कुमार, नीरज एवं अन्य शामिल थे।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत दो युवकों को किया गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** आरपीएफ ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत दो युवकों को गिरफ्तार किया है। संबलपुर गोरखपुर एक्सप्रेस में चेकिंग के दौरान आरपीएफ को एक व्यक्ति पर शक हुआ, जिसके बाद पूछताछ की गयी। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहित पाराशर बताया जो कि उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। चेकिंग में उसके बैग से गांजा बरामद किया गया। वहीं इस कार्रवाई में एक अन्य साथी विकास कुमार जो कि बिहार का रहने वाला है उसे भी दूसरी बोगी से पकड़ा गया और उसके पास भी गंजे की बरामद की की गयी। बरामद किए गए गांजे के पैकेट वजन 14।4 किलोग्राम है जिसकी अनुमानित कीमत 7 लाख 22 हजार रुपए बतायी गयी। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि उसे गंजे को संबलपुर उड़ीसा से हटिया रांची लाया गया था और फिर ऊंची कीमत पर उत्तर प्रदेश बेचा जाना था।

## एक दिवसीय स्व श्री हरि नारायण सिंह मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गुरुवार को कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल सीसीएल में एक दिवसीय स्व श्री हरि नारायण सिंह शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन रिलेशंस ने किया इस प्रतियोगिता के प्रायोजक अजय सिंह थे। इस प्रतियोगिता में विभिन्न हाउस के लगभग 60 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य एन आचार्य, समाजसेविका बिंदु देवी,अल्पाइन इन्फोटेक के निदेशक अजय कुमार सिंह, वीणा सिंह,संजय सिंह, विभा सिंह, रूद्र कुमार सिंह, जय श्रीवास्तव, शुभम चौधरी ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल के खेल शिक्षक गोविंद झा, पुष्प कुमार झा, समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

**शतरंज प्रतियोगिता के परिणाम**

**बालक वर्ग में**
प्रथम - विक्रम कुमार
द्वितीय -अर्पित कुमार
तृतीय -अपूर्व कुमार रहे।

**बालिका वर्ग में**
प्रथम -शांभवी कुमारी
द्वितीय -श्रेया कुमारी
तृतीय -अनीशा कुमारी रही ।

## अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की कार्यशाला आज

**गिग अर्थव्यवस्था में संलग्न कामगारों की सामाजिक सुरक्षा एवं न्यूनतम वेतन विषय पर सेमिनार का उद्घाटन श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता करेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा राज्य में कार्य को प्रोत्साहन देने के क्रम में गिग अर्थव्यवस्था में संलग्न कामगारों की सामाजिक सुरक्षा एवं न्यूनतम वेतन पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के तत्वावधान में परामर्श-कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को रेडिसन ब्लू होटल में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि गिग वर्कर्स के लिए उचित एवं न्यूनतम वेतन तय करने के उद्देश्य के साथ श्रमायुक्त, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में गिग वर्कर्स द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक समिति गठित की गयी थी।

राष्ट्रीय श्रम मानकों के अनुसार उचित न्यूनतम वेतन निर्धारित करने हेतु राष्ट्रीय श्रम संगठन की तकनीकी सहायता के साथ न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड पहले से कार्यरत है एवं गिग वर्कर्स के लिए उचित न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की दिशा में बैठकें आयोजित की गयी हैं।

इस परामर्श कार्यशाला का उद्देश्य गिग वर्कर्स के लिए उचित न्यूनतम वेतनमान एवं सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा के माध्यम से राज्य केंद्रित नीति निर्माण को गति प्रदान करना है। यह कार्यशाला गिग अर्थव्यवस्था के सभी हितधारकों के लिए राज्य / राष्ट्रीय / विश्व स्तर पर उनके कार्य एवं अनुभवों पर आधारित अवसरों एवं चुनौतियों को साझा करने का अवसर है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### किड्जी स्कूल बरियातू में स्कूली बच्चों के बीच 200 से अधिक पौधों का वितरण



**रांची (आजाद सिपाही)।** पर्यावरणविद सह आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव डॉ अशोक कुमार नाग ने किड्जी स्कूल बरियातू में स्कूली बच्चो के बीच 200 से अधिक पौधों का वितरण किया। इस अवसर पर शिक्षकों को भी पौधे दिये गये। डॉ नाग का स्वागत स्कूल के डायरेक्टर डॉ.आशीष आलोक ने किया। डॉ नाग ने वृक्षारोपण कार्यक्रम को आज की आवश्यकता बताया। कहा हमें अपनी रांची और पृथ्वी को बचाने और अपने लिए पेड़ अवश्य लगाने चाहिये। नही तो अगली बार 50 डिग्री से अधिक तापमान होगा। छोटे बच्चे कल का भविष्य है और उन्हे जागरुक करना बहुत जरूरी है। अभी 5000 पेड़ और लगाये जायेंगे और लोगो को जागरुक किया जायेगा।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में हुडको का योगाभ्यास कार्यक्रम



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में हुडको के द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के भैया /बहनों के साथ - साथ विद्यालय के आचार्य एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने योगाभ्यास किया। हुडको के द्वारा सांदीपनि आश्रम ( छात्रावास) के सभी भैया को योग किट प्रदान किया। इस अवसर पर हुडको के निदेशक डॉ रविंद्र राय बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए। उन्होंने योग के महत्व को बताते हुए कहा कि योग स्वयं और समाज के लिए आवश्यक है। हम सभी को नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिये। योग प्रशिक्षक अजय कुमार ने योग के विभिन्न आयामों की जानकारी दी और योग का अभ्यास कराया। विद्यालय प्रबंधन समिति के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने हुडको के निदेशक डॉ रविंद्र राय को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट किया। इस अवसर पर डा धनेश्वर महतो, महावीर सिंह, डॉ उमाशंकर शर्मा, लाल अशोक नाथ शाहदेव, आशीष नाथ शाहदेव, सुनील दत्त सिंह, योगेश्वर दुबे, अनिल झा सहित हुडको के कई अधिकारीगण के साथ प्राचार्य ललन कुमार उपस्थित थे।

### श्रीराम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ने फाउंडेशन डे मनाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्रीराम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ने अपनी 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों का मांदर की थाप पर उन्हें महाविद्यालय सभागार तक लाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित झारखंड अधिविध परिषद के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो झारखंड से जुड़ी प्राकृतिक विविधता से लेकर भौगोलिक व भाषाई विविधता पर प्रकाश डाला। वहीं श्रीराम टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे सुदृढ़ विकास की सराहना की और महाविद्यालय के उन छात्रों को भी स्मृति चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया जिनका चयन झारखंड राज्य में स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक के रूप में हुआ है। महाविद्यालय के सचिव विकास सिन्हा ने महाविद्यालय के क्रमिक विकास, स्थापना उद्देश्य एवं भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। महाविद्यालय की अध्यक्ष मंजू सिन्हा ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान बीएड एवं डीएलएड के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर संत जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल के निदेशक पंकज राज एवं डीएवी आलोक के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार, कॉलेज के डायरेक्टर राजीव रंजन सिन्हा और फेडरेशन आफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव परेश गट्टानी तथा करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो के प्रोफेसर इंद्र मोहन राय विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर सुबोध कुमार सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी सभागार में उपस्थित थे।

### महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक



**हाजीपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गुरुवार को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नयी तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें । महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं एवं बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े कार्य की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया, ताकि सभी निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किया जा सके। बैठक को संबोधित करते हुये महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक में मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

No 1 Channel

आजाद सिपाही Subscribe NOW


## महत्वपूर्ण खबरें

### गोंदा सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तार शीघ्र हो: आरती कुजूर



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गोंदा थाना पहुंची। गोंदा थाना अंतर्गत एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई। इस घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल गोंदा थाना पहुंची और थाना प्रभारी से घटना की जानकारी लिया,साथ ही भाजपा नेत्रियों ने थाना प्रभारी से सभी अभियुक्तों को त्वरित गिरफ्तार करने, नाबालिक बच्ची और उसके परिवार को सुरक्षा देने, पीड़िता को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। राज्य में कानून व्यवस्था खत्म हो गयी है। इटकी की घटना, मधुपुर की घटना,दुमका की घटना, पाकुड़ में महिलाओं के साथ मारपीट, जो की दो दिनों के अंदर की घटना है, लेकिन सरकार मौन हैं। सरकार महिलाओं, बच्चियों,आदिवासियों बहनों की सुरक्षा करने में विफल है। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, मंजुलता दुबे, माया सिंह सिसोदिया, अमिता भाटिया, पूजा सिंह, लक्ष्मी, बबली शामिल थीं।

### कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडे को मांग पत्र सौंपा



रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश कमेटी ने गुरुवार को विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य में जातीय सर्वेक्षण करने का कार्य प्रारंभ करने, अधिसूचित 7 जिले में ओबीसी आरक्षण लागू करने, ओबीसी स्वतंत्र मंत्रालय गठन करने, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने तथा ओबीसी समुदाय को सीएनटी एक्ट से अलग करने या उन्हें विशेष सुविधा देने की मांग पत्र राज्य के कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडे को सौंपा है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मंत्री ने राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के मांगों पर गंभीरता से विचार करने और इसे लागू करने हेतु कैबिनेट में भी चर्चा करने साथ नेतृत्व से मिल कर समाधान करने का आश्वासन दिया है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मंत्री से कहा के राज्य सरकार ओबीसी के आरक्षण बढ़ाने के लिए गंभीर नजर आती है, लेकिन परिणाम नहीं मिल रहा है। ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव को महामहिम राज्यपाल ने वापस किया है, इसे विधानसभा चुनाव से पूर्व लागू की जाये तथा साथ अनुसूचित जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है, इसे अविलंब सुधार कर जनसंख्या अनुपात में लागू की जाये या जिला स्तरीय रोस्टर को समाप्त करते हुए राज्य स्तरीय रोस्टर लागू की जाये। श्री गुप्ता ने कहा कि ओबीसी समुदाय के कई जातियां सीएनटी एक्ट में शामिल हैं। उन्हें समय-समय पर भारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समाधान के लिए सरकार या तो सीएनटी से ओबीसी के जातियों को बाहर करें या उन्हें आर्थिक संकट में विशेष सुविधा दी जाये। मांग पत्र सौंपनेवालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जयसवाल, दिलीप वर्मा प्रभात शर्मा और दीनानाथ प्रसाद आदि शामिल थे।

### आचार्यकुलम रांची में नवनियुक्त छात्र परिषद का अलंकरण समारोह




रांची (आजाद सिपाही)। आचार्यकुलम रांची में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नवनियुक्त छात्र परिषद के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 54 छात्रों को विद्यार्थी परिषद 2024-25 के सदस्यों के रूप में विभिन्न क्षमताओं और जिम्मेदारियों के साथ नियुक्त किया गया। अलंकरण समारोह की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद स्वामी दिव्य देव, प्रधानाचार्य सुजाता कौरा एवं साध्वी देवेस्टि और संबंधित सदन के प्रभारियों द्वारा नवनिर्वाचित छात्र-परिषद को बैज और शैश प्रदान किये गये। विद्यालय के हेड ब्वॉय अनमोल अरुण, हेड गर्ल सुहाना शिखा, डिप्टी हेड बॉय आदित्य कुमार, डिप्टी हेड गर्ल आंशी कुमारी, स्पोर्ट्स कैप्टन आदित्य पांडेय और शिवांगी नियुक्त किए गए। कप्तान शौर्य कुमार और तन्वी मिड्ढा (अपस सदन), शिवम कुमार कौशल और तनीषा कुमारी (तेजस सदन), अर्पित राज और ख्वाहिश झा (वायु सदन) तथा अभ्युदय कुमार और प्रत्युषा साहू (पृथ्वी सदन) को वाइस कैप्टन और प्रिफेक्ट के झंडे सौंपे गये। स्वामी दिव्य देव ने नवनिर्वाचित सदस्यों को अनुशासन एवं कठिन परिश्रम के साथ अपने कर्तव्यों का पालन दृढ़ निश्चय के साथ करने को कहा। विद्यालय की प्राचार्य सुजाता कौरा ने शपथ ग्रहण समारोह का संचालन किया। उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी। अलंकरण समारोह का समापन पवित्र यज्ञ तथा शांति पाठ द्वारा किया गया। इसमें नव निर्वाचित परिषद के सदस्यों को अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं के साथ कर्तव्यों का पालन करने के लिए शक्ति, धैर्य और पवित्रता प्रदान करने की प्रार्थना की गयी।

एनकोर्ड (एनसीओआरडी) की बैठक राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस' की शुरुआत

# नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी लड़ाई का लें संकल्प: अमित शाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनकोर्ड) की सातवीं शीर्षस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। गृह मंत्री ने राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन (मानस) की शुरुआत और श्रीनगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। इसके साथ ही उन्होंने एनसीबी की वार्षिक रिपोर्ट 2023 और 'नशामुक्त भारत' पर दृष्टिपत्र भी जारी किया। बैठक को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नशे के खिलाफ लड़ाई में बहुत गंभीरता आयी है और हम इसे एक अभियान के रूप में आगे बढ़ाने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि असल लड़ाई तो अब शुरू हुई है, क्योंकि अब हम इस लड़ाई में निर्णायक मोड़ पर हैं। उन्होंने कहा कि जब तक देश का 35 वर्ष से कम उम्र का हर नागरिक इस लड़ाई को लड़ने और 35 वर्ष से अधिक आयु वाला हर नागरिक मार्गदर्शन का संकल्प नहीं करता, तब तक हम इस लड़ाई को नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि सरकारें अकेले इस लड़ाई को नहीं जीत सकतीं, बल्कि इस लड़ाई को देश की 130 करोड़ जनता के बीच ले जाने का अप्रोच होना चाहिए।




केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी देशवासियों के सामने 2047 में आजादी की शताब्दी के समय भारत को विश्व में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति युवा पीढ़ी को ड्रग्स के अभिशाप से दूर रखकर ही संभव है। ड्रग्स के खिलाफ यह लड़ाई बेहद महत्वपूर्ण है और इसे गंभीरता और प्राथमिकता के साथ लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई को अगर हम सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं देंगे, तो हम इसे जीत नहीं सकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की नशामुक्त भारत की परिकल्पना बहुत बड़ा चैलेंज और संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि हम अब एक ऐसे पड़ाव पर जागरूक हुए हैं कि अगर हम डटकर और दृढ़ संकल्प के साथ लड़ेंगे तो यह लड़ाई जीत सकते हैं। शाह ने कहा कि ड्रग्स का सबसे बड़ा नुकसान है कि यह भावी पीढ़ी को खोखला कर देती है और इसका आदी सदस्य अपने साथ-साथ अपने पूरे परिवार को भी घोर निराशा और हीनभावना से ग्रसित कर देता है। उन्होंने कहा कि इसका एक नया खतरा सामने आया है कि अब ये पूरा बिजनेस नार्को टेरर के साथ जुड़ गया है और देश की सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा ड्रग्स की कमाई से आने वाला पैसा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारे अर्थतंत्र को खोखला करने के लिए अर्थिक व्यवहार के चैनल्स भी ड्रग्स के व्यापार के कारण मजबूत हुए हैं और कई इस प्रकार के संगठन बन गये हैं, जो सिर्फ ड्रग्स ही नहीं, बल्कि गैरकानूनी हवाला और कर चोरी के काम भी करते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रग्स की तस्करी अब एक मल्टीलेयर्ड अपराध बन गया है, जिससे हमें मजबूती और सख्ती से निपटने की जरूरत है। शाह ने कहा कि उन्होंने 2014 से ही एनकोर्ड के क्रियान्वयन पर बहुत जोर दिया है और इसके उत्साहजनक आंकड़े सामने आये हैं। उन्होंने कहा कि जिलास्तरीय एनकोर्ड जब तक काम नहीं करेगी, तब तक ये लड़ाई सफलतापूर्वक नहीं लड़ सकेंगे। गृह मंत्री ने इस बात पर बल दिया कि जिलास्तरीय एनकोर्ड मात्र चर्चा का फोरम न बनें, बल्कि निर्णय और रिव्यू का भी फोरम बनें। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज मानस पोर्टल का भी लोकार्पण हुआ है और इसके साथ कई अन्य पहल भी की गयी हैं, जिन्हें राज्यों और जिलास्तर की हर इकाई तक पहुंचाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्यों को नार्कोटिक्स फॉरेंसिक्स पर अपने बजट का एक हिस्सा खर्च करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब जल्द ही सरकार नारकोटिक्स के प्राथमिक टेस्ट के लिए बहुत सस्ती किट उपलब्ध कराने जा रही है, जिससे केस दर्ज करने में बहुत आसानी हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने नशामुक्त भारत अभियान को अच्छी तरह से आगे बढ़ाया है और सभी धार्मिक, युवा और रोटरी संगठनों को भी इसमें जोड़ना चाहिए। ड्रग्स के खिलाफ इस लड़ाई में अभी हमें बहुत रास्ता तय करना बाकी है और अब हमें इसकी गति और व्यापकता बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि हमें गति बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़नी और व्यापकता बढ़ाने के लिए कई साथियों को साथ लेकर चलना होगा। बैठक में सभी हितधारकों - सभी मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों और नशामुक्त भारत की दिशा में काम करने वाली सभी एजेंसियों के प्रमुखों ने भाग लिया। केंद्रीय गृह सचिव, राजस्व सचिव, सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, निदेशक, इंटेलीजेंस ब्यूरो, महानिदेशक, एनसीबी आदि सहित केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया।

## घुसपैठिया मुसलमान को झारखंड सरकार में जमाई का दर्जा : प्रतुल

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार 1, 2 और 3 में बांग्लादेशी मुसलमान घुसपैठियों को जमाई का दर्जा प्राप्त है। उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद राज्य सरकार इन घुसपैठियों को चिन्हित कर बाहर निकालने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रही। इस मुद्दे पर उच्च न्यायालय में शपथ पत्र भी उपायुक्त की जगह कनीय अधिकारी दे रहे हैं। यह साफ दिखता है कि घुसपैठियों के मुद्दे पर राज्य सरकार तुष्टिकरण की आग में अंधी हो गयी है। प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी रोटी, माटी और बेटी की रक्षा के लिए संकल्पित है। सत्ता में आने पर वह हर प्रयास करेगी कि यह बांग्लादेशी घुसपैठिये इन आदिवासी बेटियों से ठग कर विवाह कर लव जिहाद ,लैंड जिहाद और पॉलिटिकल जिहाद ना कर पाये। राज्य सरकार के ही स्पेशल ब्रांच ने 2 जून, 2023 को पत्र लिखकर इस बात को स्वीकारा था कि संताल के मदरसों में बड़े पैमाने पर मुस्लिम घुसपैठियों को ठहराया जाता है। उनके दस्तावेज भी तैयार किये जाते हैं।फिर उन्हें बसाया जाता है। प्रतुल ने कहा सिर्फ तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति के कारण हेमंत सरकार लगातार मुस्लिम घुसपैठियों को आदिवासियों के हक पर डाका डालने दे रही है। प्रतुल ने कहा कि अब झारखंड मुक्ति मोर्चा के सर पर शिवराज सिंह चौहान, हेमंत बिस्वा सरमा और बाबूलाल मरांडी के सामूहिक नेतृत्व का डर चढ़ता जा रहा है। इनको पता है कि अगले चुनाव में इनका सफाया होना निश्चित है। इसलिए यह रोज इन नेताओं को टारगेट करके अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।


CCL Fuelling Sustainable Growth

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in / संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।



MARWARI COLLEGE
Ranchi
(CONSTITUENT UNIT OF RANCHI UNIVERSITY)

SHORT TENDER NOTICE

Sealed Tender in two bid system is invited from the authorized firms/suppliers for supply of Printed Books for college Library. The interested firm will quote percentage of discount to be given by him on the book price. Book discount should be mentioned clearly for Text Books and Reference Books. The BOQ of items can be obtained from Principal's office on any working days from **19/07/2024** to **29/07/2024** between **10:30 AM** to **02:00 PM**, on payment of Rs. 3000/- (three thousand only) in the shape of non-refundable Demand Draft in favour of the **"Principal Marwari College, Ranchi"**.

The Tender can be submitted between **10:30 AM** to **02:00 PM** on all working days from **19/07/2024** to **29/07/2024** tender will be opened on **30/07/2024** at **02.30 PM**. The undersigned reserves the right to accept or reject the tender without assigning any reason.

Sd/-
**Principal**
Marwari College, Ranchi

Memo No. : MCR/A/c/98/24
Date : 18/07/2024


# राज्य में हिंदू समाज को अल्पसंख्यक बनाने की साजिश रच रही झारखंड सरकार : दीपक प्रकाश




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। हेमंत सरकार आदिवासी हिंदू समाज को अल्पसंख्यक बनाने और उनका वजूद खत्म करने की साजिश रच रही है। प्रकाश हजारीबाग जिले के मांडू विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं के परिश्रम से ही पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा परिवार की नहीं बल्कि सभी वर्गों की पार्टी है। भाजपा का स्वरूप सर्व स्पर्शी और सर्वव्यापी है। यह पार्टी जन की पार्टी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही आज तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी विश्राम नहीं लेना है। एक लक्ष्य पूरा हुआ है, दूसरा अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में मजबूत सरकार बनाने के बाद अब झारखंड के 'ठगबंधन' सरकार को भी उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने न केवल विकास को बाधित किया बल्कि राज्य की खनिज संपदा, जल, जंगल और जमीन को लूटने और लुटवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि हेमंत अभी बेल पर छूटे हैं लेकिन चेहरे पर भ्रष्टाचार की कोई शिकन तक नहीं है। आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने में देर नहीं की। उन्होंने कहा कि 'ठगबंधन' सरकार ने आदिवासी, दलित, पिछड़े, युवा महिला किसान मजदूर सभी वर्ग को धोखा दिया। युवा आज नौकरी के लिए दर दर भटक रहा है। किसान अपने बकाये के लिए तरस रहा है। बहन-बेटियां घरों में सुरक्षित नहीं हैं। ऐसे हालात में यह सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों का संरक्षण कर रही है। राज्य में पाकिस्तान जिंदाबाद और फिलिस्तीन जिंदाबाद का नारा लगाने वाले निर्भीक हैं।


JIIDCO

**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi - 834001 (Jharkhand)
Email - jiidcoltd@gmail.com | www.jiidco.co.in | Phone No. 0651-3512851 | CIN U45208JH2004G01011078

**NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/04/2024-25**

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) or Any Department, Government of Jharkhand and similar nature of work for the work as given below


| Sl. No | Tender Ref. No. | Name of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest Money @ 2% of Estimated Cost (approx) (Rs.) | Cost of Tender Fee (Non refundable) Including 18%GST | Class of Contractor | Time of Completion In (Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | JIIDCO/01/Bhandariya Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Bhandariya Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 02 | JIIDCO/01/Bhandariya Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Bhandariya Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 03 | JIIDCO/01/Ramkanda Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Ramkanda Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 04 | JIIDCO/01/Ramkanda Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Ramkanda Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 05 | JIIDCO/01/Dandai Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Dandai Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 06 | JIIDCO/01/Dandai Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Dandai Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 07 | JIIDCO/01/Dhurki Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Dhurki Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 08 | JIIDCO/01/Dhurki Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Dhurki Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 09 | JIIDCO/01/Majhiaon Police Station/2024-25 | Construction of 05 nos. toilet & bathroom (16'0"x36'0") at Majhiaon Police Station, Dist-Garhwa. | 15,43,779.00 | 31,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 10 | JIIDCO/01/Danda Police Station/2024-25 | Construction of 05 nos. toilet & bathroom (16'0"x36'0") at Danda Police Station, Dist-Garhwa. | 15,43,779.00 | 31,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 11 | JIIDCO/01/Bardiha Police Station/2024-25 | Construction of 05 nos. toilet & bathroom (16'0"x36'0") at Bardiha Police Station, Dist-Garhwa. | 15,43,779.00 | 31,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 12 | JIIDCO/01/Garhwa Police Station/2024-25 | Construction of Breifing hall at Police Line, Dist-Garhwa. | 26,43,424.00 | 53,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 13 | JIIDCO/01/Garhwa Police Station/2024-25 | Construction of Breifing hall at Police Line, Dist-Garhwa. | 26,43,424.00 | 53,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |


a. Tender documents can be purchased from the office of the M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001 on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 24.07.2024 To 05.08.2024

b. Tender will be received on 06.08.2024 at 3:30 P.M.

c. Tender will be opened on 06.08.2024 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.

**Note: For any information/complaints the department helping no. / mobile no. 82922 34107 may be contacted.**

**Ref. No. : 420**
**Date : 18/07/2024**

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi


'विजन फॉर विकसित भारत' पर व्याख्यान माला का आयोजन

# आज के युवा कल के भविष्य हैं : बीआर शंकरानंद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय शिक्षण मंडल झारखंड प्रांत व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को विवि के सभागार में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इसका विषय विजन फॉर विकसित भारत था। इस व्याख्यान माला कार्यक्रम के मुख्यवक्ता बीआर शंकरानंद अखिल भारतीय संगठन मंत्री भारतीय शिक्षण मंडल थे। व्याख्यान माला की अध्यक्षता प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य कुलपति डीएसपीएमयू रांची द्वारा की गयी। शंकरानंद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि हमें अपने देश की गरिमा व सम्मान का सर्वोच्च प्राथमिकता में ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के युवा कल के भविष्य हैं। यही युवा देश गढ़ने का कार्य करेंगेष इनका सकारात्मक सोच से ही यह संभव है। इसी कड़ी में विजन फॉर विकसित भारत के अन्तर्गत यह शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन पूरे देश भर में किया गया। इसका समापन 15 से 17 नवंबर को दिल्ली में होना निश्चित हुआ है।



इस अवसर पर डॉ ओम प्रकाश सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय शिक्षण मंडल सह संपर्क अधिकारी झारखंड प्रांत ने कहा कि विजन फॉर विकसित भारत शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता के विभिन्न विषयों को विस्तार से बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो गये हैं और 100 वर्ष पूरे होने तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा गया है। युवाओं के कंधों पर भारत को विकसित बनाने का भार है। उन्होंने आगे कहा कि नयी शिक्षा नीति के पाठ्यक्रमों में नैतिक शिक्षा को एक अनिवार्य अवयव के तौर पर रखा गया है, जो विद्यार्थियों के विकसित भारत की संकल्पना में सहायक भूमिका का निर्वहन करेगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ राजेश कुमार सहित भारतीय शिक्षण मंडल के झारखण्ड प्रांत के अध्यक्ष डॉ रंजित मिश्रा, प्रांत मंत्री डॉ सुबास साहू, सह मंत्री डॉ जयंत कश्यप, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ शशि कुमार, प्रांत कोष प्रमुख डॉ राहुल कुमार, विश्वविद्यालय गतिविधि के प्रांत प्रमुख डॉ पार्वती मुंडू, युवा गतिविधि के प्रांत प्रमुख डॉ सुबोध कुमार, महिला गतिविधि के प्रांत प्रमुख डॉ सपना त्रिपाठी, प्रांत सह प्रमुख डॉ प्रिय पांडेय, प्रांत सक्रिय कार्यकर्ता निलेश कुमार, युवराज कुमार, चाणक्य कुमार, आशा भगत की उपस्थिति रही।

# एनसीपी में इस्तीफों ने बढ़ायी अनिश्चितता

महाराष्ट्र में अजित पवार की अगुआई वाली एनसीपी से चार नेताओं के इस्तीफे को अगर पार्टी के लिए बड़ा झटका कहा जा रहा है, तो यह बेवजह नहीं है। हालांकि पहली नजर में यह प्रदेश के एक खास क्षेत्र पिंपरी चिंचवड़ से जुड़े नेताओं का असंतोष लगता है और इसके पीछे असेंबली चुनाव में टिकट पाने की चाह को मुख्य मुद्दा बताया जा रहा है, लेकिन फिर भी मौजूदा हालात में इसकी अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। चारों नेताओं का इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब पहले से ही प्रदेश के राजनीतिक हलकों में ऐसी चर्चा चल रही है कि अजित पवार की अगुआई वाले धड़े से कई नेता शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो सकते हैं। दो दिन पहले इसी पार्टी के एक प्रमुख नेता छगन भुजबल ने शरद पवार से मुलाकात करके सबको चौंका दिया था। हालांकि बाद में भुजबल ने इसे ओबीसी आरक्षण के मसले पर की गयी मुलाकात बताया और कहा कि उसका कोई और मतलब न निकाला जाये। 2023 में शरद पवार की अगुआई वाली एनसीपी से अलग होकर अजित पवार धड़ा प्रदेश की महायुति सरकार में शामिल हो गया था। उसके बाद दोनों पक्षों की ओर से कार्यकताओं और मतदाताओं के समर्थन का दावा किया जा रहा था। लेकिन लोकसभा चुनाव में शरद पवार को 8 सीटें मिलीं जबकि अजित पवार को मात्र एक सीट। इसके बाद कुछ महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में अजित पवार धड़े के संभावित प्रदर्शन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। दिलचस्प है कि राज्य की महायुति के तीनों धड़ों- बीजेपी, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार)- में सबसे कमजोर कड़ी एनसीपी को ही माना जाता है। मामला सिर्फ लोकसभा में जीती सीटों का नहीं है। शिवसेना और बीजेपी के साथ को आज भी सहज बताया जाता है, लेकिन एनसीपी को मिसफिट कहा जाता है। संघ के हलकों में भी कहा जाता है कि एनसीपी से हाथ मिलाने से कार्यकर्ताओं में भ्रम फैला है। पिंपरी चिंचवड़ में हुए इस्तीफों के पीछे जिस असेंबली सीट के टिकट को विवाद की जड़ बताया जा रहा है, वह सीट बीजेपी के हिस्से की है। जाहिर है, अजित पवार चाहकर भी अपने करीबी नेता की मांग पूरी नहीं कर सकते थे। हालांकि ऐसी मजबूरियां सिर्फ एनसीपी या अजित पवार के हिस्से में नहीं हैं। एकनाथ शिंदे और उनकी शिवसेना के सामने भी किसी न किसी रूप में ये चुनौतियां आयेंगी। विपक्षी खेमा भी इनसे पूरी तरह अछूता रह पायेगा, ऐसा लगता नहीं है। तीन के बदले पांच पार्टियों का वजूद आगामी विधानसभा चुनावों को अतीत के तमाम चुनावों से अलग रंग दे रहा है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव आने तक किन दलों में किस तरह की आवाजाही होती है।

**दिलचस्प है कि राज्य की महायुति के तीनों धड़ों- बीजेपी, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार)- में सबसे कमजोर कड़ी एनसीपी को ही माना जाता है। मामला सिर्फ लोकसभा में जीती सीटों का नहीं है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**केंद्र सरकार ने जब-जब देश के मुस्लिमों की भलाई के लिए निर्णय लिया और कानून बनाया तब-तब विपक्षी दलों ने कठमुल्लाओं की भाषा बोलते हुए इसका विरोध किया है। मुस्लिम सुधारों के इस प्रयास को ही गैर भाजपा विपक्ष संविधान को खत्म करने की साजिश करार दे रहा है, हिंदू वोट बैंक के भय से इस पर खुल कर बोलने से बच रहा है। यही वजह है कि भाजपा गठबंधन लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के बाद भी विपक्ष एक भी उदाहरण ऐसा नहीं दे सका, जिससे लगे कि देश का संविधान या आम लोगों के अधिकार खतरे में हैं।**

# संविधान नहीं, खतरे में है विपक्ष का मुस्लिम वोट बैंक

योगेंद्र योगी



**मुस्लिमों के लिए किये गये इन तमाम सुधारों के प्रयास विपक्षी नेताओं को खटकते रहे हैं। विपक्ष ने इन प्रयासों के विरोध को ही संविधान के खात्मे का प्रयास माना है, किंतु खुल कर ऐसा कहने से कतराते रहे हैं। कांग्रेस के शासन के दौरान देश भर में आतंकी बम धमाके करते रहे, तब विपक्षी दलों को संविधान खतरे में नजर नहीं आया।**

इंडिया गठबंधन के विपक्षी दल केंद्र की भाजपा सरकार पर संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगा रहे हैं। मोदी सरकार ने इसके जवाब में विपक्ष पर सीधे हमला बोलते हुए 1977 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाये गये आपातकाल के दिन 25 जून को हर साल संविधान हत्या दिवस के रूप में सरकारी स्तर पर मनाने का फैसला कर दिया। दरअसल विपक्ष जिसे संविधान खत्म करने की साजिश बता रहा है, वह दरअसल मुस्लिम वोट बैंक को एकजुट रखने की कवायद है। तीसरी बार सत्ता में आयी मोदी सरकार ने अभी तक एक भी ऐसा काम नहीं किया है, जिससे लगता हो कि सरकार के इरादे संविधान को खत्म करने के हैं। इस संबंध में विपक्ष जो आरोप लगा रहा है, वह दरअसल संविधान खतरे में नहीं, बल्कि उनका मुस्लिम वोट बैंक खतरे में पड़ गया है। विपक्ष इसे सीधे स्वीकार नहीं करके संविधान खात्मे की संज्ञा दे रहा है।

केंद्र सरकार ने जब-जब देश के मुस्लिमों की भलाई के लिए निर्णय लिया और कानून बनाया तब-तब विपक्षी दलों ने कठमुल्लाओं की भाषा बोलते हुए इसका विरोध किया है। मुस्लिम सुधारों के इस प्रयास को ही गैर भाजपा विपक्ष संविधान को खत्म करने की साजिश करार दे रहा है, हिंदू वोट बैंक के भय से इस पर खुल कर बोलने से बच रहा है। यही वजह है कि भाजपा गठबंधन लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के बाद भी विपक्ष एक भी उदाहरण ऐसा नहीं दे सका, जिससे लगे कि देश का संविधान या आम लोगों के अधिकार खतरे में हैं। इसके विपरीत केंद्र सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को अधिक और कानूनी बराबरी के अधिकार संपन्न बनाने का ही काम किया है। यह विपक्षी दलों को रास नहीं आ रहा है। 17वीं लोकसभा के दौरान मणिपुर हिंसा के मामले में प्रधानमंत्री मोदी के बयान को लेकर विपक्ष ने संसद नहीं चलने दी। संसद की कार्रवाई लगातार बाधित करने के कारण तत्कालीन 140 विपक्षी सांसदों की सदस्यता निलंबित की गयी। विपक्ष ने इस घटना पर भी संविधान के खात्मे की दलील दी। इसके विपरीत हाल ही में तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया, इस पर इंडिया गठबंधन के दल मौन साधे रहे।

**केंद्र सरकार ने मुस्लिमों और देश की एकता-अखंडता को लेकर किये गये सकारात्मक प्रयासों को विपक्षी दलों ने अल्पसंख्यक वोट बैंक के नजरिए से देखा है।**

केंद्र सरकार ने मुस्लिमों और देश की एकता-अखंडता को लेकर किये गये सकारात्मक प्रयासों को विपक्षी दलों ने अल्पसंख्यक वोट बैंक के नजरिए से देखा है। 3 तलाक को गैर-कानूनी बनाने के लिए मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2019 के पक्ष में सबसे ज्यादा वोटिंग के साथ पारित होने पर कांग्रेस ने विरोध स्वरूप वॉकआऊट किया। इससे पहले जनता दल (यूनाइटेड) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों ने भी तत्काल तलाक को अपराध बनाने वाले बिल के विरोध में वॉकआऊट किया था। इस कानून को बनाने के निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने दिये थे। कांग्रेस गठबंधन के कई दलों ने एक कदम आगे बढ़ कर केंद्र में सत्ता में आने पर 3 तलाक को प्रतिबंधित करने के कानून को खत्म करने का वादा किया था। इससे साफ जाहिर है कि विपक्षी दलों की मंशा मुस्लिम महिलाओं को पाषाण युग जैसा जीवन जीने के लिए अभिशप्त करने की रही।

गौरतलब है कि शाहबानो वाले मामले में तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने मुस्लिम वोट बैंक बनाये रखने के लिए कानून में संशोधन करके इस आदेश को रद्द कर दिया था। इसी तरह केंद्र सरकार ने जब जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद की धारा 370 हटाने का निर्णय लिया, तब भी विपक्षी दलों को मुस्लिम वोट दरकता नजर आया। विपक्षी दलों ने देश की एकता-अखंडता को मजूबत करने और जम्मू-कश्मीर को तरक्की के रास्ते पर ले जाने वाले इस कानून का भरसक विरोध किया। यह बात दीगर है कि इस कानून के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास के मामले में बुलंदी छू रहा है। धारा 370 हटने से पहले देश से कटा यह राज्य अब विकास की मुख्य धारा से जुड़ चुका है।

मुस्लिम महिला को गुजारा भत्ता देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के एक अहम फैसले पर भी विपक्षी दलों को मानो सांप सूंघ गया हो। इस निर्णय के मुताबिक कोई भी मुस्लिम तलाकशुदा महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता मिलने की हकदार है। इस वजह से वह गुजारे भत्ते के लिए याचिका दायर कर सकती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मुस्लिम महिला भरण-पोषण के लिए कानूनी अधिकार का इस्तेमाल कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआइएम पीएलबी) ने एक प्रस्ताव पास करके विरोध किया। बोर्ड ने इस फैसले को इस्लामिक कानून (शरीयत) के खिलाफ बताया। देश की करोड़ों मुस्लिम महिलाओं के सम्मान और अधिकार से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करना तो दूर बल्कि विपक्षी दलों ने चुप्पी साध ली, कहीं समर्थन करने से कठमुल्ले मुस्लिमों को उनके खिलाफ भड़का कर वोट बैंक का नुकसान नहीं कर दें।

मुस्लिमों के लिए किये गये इन तमाम सुधारों के प्रयास विपक्षी नेताओं को खटकते रहे हैं। विपक्ष ने इन प्रयासों के विरोध को ही संविधान के खात्मे का प्रयास माना है, किंतु खुल कर ऐसा कहने से कतराते रहे हैं। कांग्रेस के शासन के दौरान देश भर में आतंकी बम धमाके करते रहे, तब विपक्षी दलों को संविधान खतरे में नजर नहीं आया। कारण साफ था ज्यादातर धमाकों से जुड़े आरोपी मुस्लिम थे, इनको विपक्षी दल किसी भी सूरत में नाराज नहीं करना चाहते। इतना ही नहीं मौके-बेमौके पर विपक्षी दलों ने माफिया डॉन को महज इस कारण समर्थन किया कि वे मुस्लिम हैं। उन्हें टिकट देकर विधायक-मंत्री तक बनाया। उत्तर प्रदेश और बिहार के माफिया इसका उदाहरण हैं। माफिया अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी की मौत पर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी ने आंसू बहाये थे। इससे ही साबित होता है कि मुस्लिम वोट बैंक के लिए विपक्षी नेता देश के कानून-संविधान से किस हद तक खिलवाड़ करने वालों का साथ दे सकते हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# झामुमो नेता पर धोखाधड़ी कर जमीन बेचने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के सिदगोड़ा थाना अंतर्गत चंपाई कॉलोनी में आदिवासी का जमीन धोका में रखकर झामुमो नेता के द्वारा किसी अग्रवाल को बिक्री करने का एक मामला प्रकास में आया है। गुरुवार को एमजीएम थाना अंतर्गत बड़ाबाकी के रहने वाले पीड़ित आदिवासी परिवार ने इसकी जानकारी दी। इस मामले में जमीन मालिक मलिंदर सिंह ने सिदगोड़ा थाना में झामुमो नेता राज लकड़ा के खिलाफ एक लिखित शिकायत की। शिकायत में उन्होंने अपने पारिवारिक जमीन को राज लकड़ा के द्वारा बिमलेश अग्रवाल को 30 लाख में बिक्री करने का आरोप लगाया। जमीन मालिक मलिंदर सिंह ने झामुमो नेता राज लकड़ा के द्वारा एडवांस के तौर पर लिए गए 9 लाख का मनी राशिद भी प्रस्तुत की गयी। पीड़ित परिवार ने इस मामले में जिला प्रसाशन से एक आदिवासी जमीन को धोखाधड़ी कर गेर आदिवासी को बेचने के आरोप में कारवाई करते हुए न्याय दिलाने की मांग की।

# आरएसबी ग्लोबल की दूसरी वर्षगांठ में महिला सशक्तीकरण समारोह, 'एक पहल' कार्यक्रम शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** आरएसबी के चेयरमैन आर.के.बेहेरा और वाइस चेयरमैन एस. के.बेहेरा के विजन पर महिलाओं को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर बढ़ाना के लिए आरएसबी ग्लोबल की 'एक पहल' कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। गुरुवार को सुश्री निर्मला बेहेरा के नेतृत्व में आयोजित दूसरी वर्षगांठ में पद्मश्री पुरस्कार विजेता चामी मुर्मू,प्रसिद्ध मुक्केबाज अरुणा मिश्रा और इस वर्ष की यूपीएससी परीक्षा में पूरे भारत में 17वीं रैंक हासिल करने वाली स्वाति शर्मा अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती संगीता बेहेरा व उपस्तित अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दूसरी वर्षगांठ में कंपनी और आस-पास के समुदाय में महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का शोभा बढ़ाने के साथ अपने विचारों और उपलब्धियों की जानकारी देकर उपस्थित लोगों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया। मौके पर विभिन्न संयंत्रों की 200 से अधिक महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने आरएसबी परिवार में महिलाओं की एकता और शक्ति का प्रदर्शन किया। मौके पर ग्रुप की मानव संसाधन की कार्यकारी निदेशक निर्मला बेहेरा ने कहा आरएसबी ग्लोबल में हम एकता की ताकत और महिलाओं की शक्ति में विश्वास करते हैं। दो वर्षों की छोटी सी अवधि में 'एक पहल' कार्यक्रम ने महिला कर्मचारियों और आसपास के समुदाय को सशक्त बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा अतिथियों की प्रेरक उपस्थिति एक समावेशी और सहायक वातावरण को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। ताकि प्रत्येक महिला फल-फूल सके। बेहेरा ने कहा महिला सशक्तिकरण और उत्कृष्टता की यात्रा को जारी रखने के लिए सभी तत्पर हैं। कार्यक्रम में न केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, बल्कि पूरे वर्ष आयोजित विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता सत्रों के माध्यम से सामूहिक पहलों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति,भारतीय संस्कृति और महिला सशक्तिकरण को प्रदर्शित करने के लिए आरएसबी कर्मचारियों द्वारा एक नाटक किया गया, जिसमे 'एक पहल' कार्यक्रम का चार आधारभूत स्तंभों लर्निंग एंड डेवलपमेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड हाइजीन और कम्युनिटी सर्विस पर आधारित है। प्रत्येक स्तंभ में वार्षिक गतिविधियों को जारी रखने के लिए एक प्रतिनिधि होती है। 2023-24 के लिए स्तंभ लीडर्स अनीता गुप्ता, एथेना चक्रवर्ती और रचना कुमारी को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र दी गयी। वही दीपाली देरेकर को रनर अप पुरस्कार और अमृता पाटिल ने वार्षिक पुरस्कार हासिल की।समारोह में अतिथियों ने अपनी प्रेरक यात्राएं साझा की। उपस्थित लोगों को दृढ़ संकल्प और लचीलेपन के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उनकी उपस्थिति और संबोधनों ने महिला सशक्तिकरण के महत्व और एक सहायक तथा समावेशी कार्य वातावरण को बढ़ावा देने में 'एक पहल' जैसी कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका को मजबूत किया। कार्यक्रम का आयोजन और समन्वय आरएसबी कर्मचारी जया सिंह, गजल भामरे और सपना सिंह सहित उनकी टीम द्वारा किया गया। आरएसबी ग्लोबल कंपनी व्यापक समुदाय में महिलाओं को सशक्त बनाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## महिलाओं ने डीसी कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। शहर के जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मानगो लक्ष्मण नगर में लगभग 50 घरों में तोड़ने का नोटिस देने की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोग दहशत में है। हालांकि सीओ कार्यालय से फिलहाल 17 घरों को नोटिस थमाया गया। बाकी को नोटिस देने की प्रक्रिया जारी है। उधर नोटिस मिलने के बाद बस्ती के लोग काफी डरे सहमे हुए हैं। बस्ती के महिलाओ ने डीसी कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। महिलाओं का कहना है जमीन खरीदे है कोई सरकारी जमीन नहीं है। लगभग 100 साल से घर बनाकर राह रहे है।फिर भी सीओ साहब क्यों नोटिस भेज कर घर खाली करने का आदेश दिया है।महिलाओं ने कहा अगर नोटिस वापस नहीं लिया गया तो सभी बस्ती वासी मिलकर जोरदार आंदोलन करेंगे। जरूरत पड़ने पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इस अवसर पर बस्ती के सैकड़ों महिलाएं शामिल रही।**

## हाइको इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में इडी की टीम ने दी दबिश

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। इंडस्ट्रियल एरिया के फेज एक स्थित हाईको इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में गुरुवार की सुबह ईडी की टीम ने दबिश दी। बताया जा रहा है कि उक्त कंपनी उद्यमी तापस साहू की है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह से ही ईडी की टीम एक पुराने मामले को लेकर कंपनी में दबिश दी है। ईडी की कार्रवाई की सूचना मिलने पर क्षेत्र के उद्यमियों में हड़कंप मच गया। समाचार लिखे जाने तक सर्वे जारी है।**

# सूड़ी समाज के लोग झूठ और लूट के साथ नहीं बल्कि सच्चाई के साथ खड़े हैं : कृतिवास मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका ।** पोटका प्रखंड अंतर्गत ग्राम पोडा.भालकी में राष्ट्रीय सुढी समाज की एक बैठक ग्राम प्रधान श्री प्रभात मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें राष्ट्रीय सुढी समाज के रजिस्ट्रेशन होने पर समाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि जो काम विगत कई वर्षों से नहीं हो पाया था। आज राष्ट्रीय सुढी समाज का रजिस्ट्रेशन होना सुढी समाज के लिए काफी गर्व कि बात है और समाज के लोग हमेशा समाज के लिए खड़े हैं । बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सुढी समाज के संस्थापक सदस्य श्री कृतिवास मंडल ने कहा कि सुढी समाज के लोग काफी समझदार है और झूठ और लूट के साथ नहीं बल्कि सच्चाई के साथ हमेशा खड़े रहते है। झूठ की मजबूती जितना भी हो, लेकिन सच के सामने ना मस्तक एक दिन हो ही जाता है। श्री मंडल ने ये भी कहा कि आने वाले दिनों में समाज हित के लिए हम सभी को एक साथ होकर अपनी एकजुटता का चटानी से परिचय देने कि आवश्यकता है, ताकि सुंडी समाज का सर्वांगीण विकास हो सके बैठक को संबोधित करते हुए अजय मंडल ने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज के लोग अपनी एकजुटता और जागरूकता का स्वयं परिचय दे रहे हैं और सच्चाई और झूठ को समझ रहे हैं। बैठक को संबोधित डाक्टर अनुप मंडल पंकज मंडल नंदलाल साहू ने भी संबोधित किया। सुढी समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि राष्ट्रीय सुढी समाज को मजबूत करने हेतु उन तमाम सुढी समाज के गांव गांव जाकर सदस्यता अभियान जोर शोर से चलाया जाएगा पोडा.भालकी और भालकी में सुंडी समाज के लोगों ने राष्ट्रीय सुढी समाज का सदस्यता लिया इस अवसर पर पुलक मंडल, अपूर्वा मंडल प्रशांत कुमार मंडल चन्दन मंडल कर्णा मंडल प्रदीप मंडल एवं समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा के हितकु पंचायत अंतर्गत खुकड़ाडीह ग्राम में श्री श्री राधा गोविन्दो जयंतु सार्वजनिक मंदिर परिसर में विधायक निधी से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। गुरुवार को श्रीश्री राधा गोविंदो जयंतु सार्वजनिक मंदिर परिसर में उद्घाटन समारोह के दौरान काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। मौके पर विधायक निधी से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ होने पर ग्रामीणों ने विधायक मंगल कालिंदी के प्रति आभार जताया। वहीं दूसरी ओर खुकड़ाडीह उत्क्रमित उच्च विद्यालय में अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक में मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर विधायक ने विद्यालय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।

# आनेवाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत होगा यह स्वतंत्रता सेनानी सह शहीद द्वार : मंत्री

अटौला में स्वतंत्रता सेनानी सह शहीद द्वार का मंत्री ने किया लोकार्पण

मंत्री के निजी कोश से भव्य शहीद द्वार का हुआ निर्माण

सभी शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को मंत्री ने किया सम्मानित



शहीद की पत्नी को सम्मानित करते मंत्री।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड अंतर्गत अटौला बस स्टैंड में भव्य स्वतंत्रता सेनानी सह शहीद द्वार का लोकार्पण गुरूवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। मंत्री के निजी कोश से निर्मित इस भव्य द्वार का उद्घाटन मंत्री श्री ठाकुर ने फीता काटकर, शिलापट्ट का अनावरण कर और दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मंत्री ने इस क्षेत्र के सभी शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि पूर्व के प्रतिनिधियों ने दो बार इसका शिलान्यास किया था लेकिन निर्माण नहीं हो सका था।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। जिनकी बदौलत हम आज स्वतंत्र भारत में चैन की नींद सो रहे हैं। उन्हें सम्मान देना बहुत ही गर्व की बात है। यहां अटौला, खोरीडीह, चेचरिया पंचायत वीरों की भूमि है। हमारे वीर जवान देश व देश वासियों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे देते हैं। ऐसी घटनाओं पर राजनेता व समाजसेवी आते हैं और भाषण देकर चले जाते हैं। लेकिन इनकी गाथा अजर अमर हो ऐसा कार्य कोई नहीं करता है। मंत्री ने कहा कि यह शहीद द्वार आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत होगा। ऐसे कार्यों को करने के लिए इच्छाशक्ति होनी चाहिए। आज नेताओं की धारना बन गयी है कि चुनाव के समय क्षेत्र में जाकर रिश्ता, जात-पात, धर्म आदि के नाम पर लोगों को ठग कर जीत जायेंगे। फिर कभी जनता का सुध नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि पहले गढ़वा के माथे पर पिछड़ेपन का कलंक था। यहां कोई भी मूलभुत सुविधा उपलब्ध नहीं थी। गढ़वा को काला पानी समझा जाता था। परंतु सभी के सहयोग से गढ़वा आज तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले 30 वर्षों पर वर्तमान का साढ़े चार वर्ष भारी है। अभी गढ़वा का 50 प्रतिशत ही विकास कार्य हुआ है। बहुत सारी योजनाएं पाईपलाइन में हैं। मंत्री ने कहा कि जब तक क्षेत्र का सर्वांगीण विकास नहीं हो जाता तब तक विकास पूर्ण नहीं होता है। मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट नृपेंद्र सिंह, उदय नारायण तिवारी आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया। मौके पर मेराल बीडीओ जागो महतो, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, ओमप्रकाश गुप्ता, चेचरिया मुखिया राजेंद्र चौधरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वज्रपात से क्षतिग्रस्त मंदिर के निर्माण के लिए मिथिलेश ठाकुर ने दिया सहयोग



गढ़वा। मेराल प्रखंड के अटौला स्थित शिव मंदिर का गुंबद वज्रपात से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके निर्माण के लिए गुरूवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंदिर समिति को सहयोग राशि प्रदान किया। मंत्री श्री ठाकुर ने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना किया। वहां समिति के लोगों ने मंत्री का स्वागत किया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से अकसर नुकसान पहुंचते रहता है। यहां के लोगों ने इस बात की जानकारी दी। मैंने बिना देर किये मंदिर के क्षतिग्रस्त भाग का निर्माण कराने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त मंदिर के क्षतिग्रस्त भाग का बेहतर तरीके से निर्माण किया जाए। वे पूरा सहयोग करेंगे। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, ओमप्रकाश गुप्ता, रेखा चौबे, दीपमाला, पियुष तिवारी, सौरभ दुबे, अंकित तिवारी, राजीव तिवारी, उमा तिवारी, कईल तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

## शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को किया गया सम्मानित

अटौला में स्वतंत्रता सेनानियों सह शहीद द्वार के उद्घाटन मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शहीद स्व. आशीष कुमार तिवारी, स्व. रामपृत ठाकुर, स्वतंत्रता सेनानी स्व. राजेश्वर तिवारी, स्व. बैजनाथ तिवारी, स्व. अमरेश तिवारी, स्व. राजमणि तिवारी, स्व. हलखोरी मिस्त्री, स्व. देवनारायण ठाकुर, स्व. हिरामन ठाकुर, स्व. रामपवन पासवान, स्व. यदुनंदन तिवारी, स्व. देवराज तिवारी, स्व. इंद्रजीत तिवारी आदि के परिजनों अरविंद तिवारी, सनकलिया कुंवर, बृजमोहन ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, मिथिलेश ठाकुर, ऋषि कुमार तिवारी, विभुती नारायण तिवारी, श्रीकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, हरिवंश तिवारी, सतीश तिवारी, दयानंद तिवारी, सुरेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, रामकृष्ण तिवारी, पियुष तिवारी, विजय तिवारी, शंकर शरण तिवारी, शिव कुमार तिवारी, महेंद्र मिस्त्री, मुंद्रिका मिस्त्री आदि को सम्मानित किया।

# बालू के बिना अबुआ आवास नहीं बन पा रहा है: गिरिनाथ सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** मेराल प्रखंड के चामा गांव से बजरंगबली के मंदिर में पूजा अर्चना के बाद गढ़वा जिला को उत्कृष्ट जिला बनाने को लेकर पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने मेराल प्रखंड में परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान अलग-अलग प्रखंडों का दौरा करते हुए मेराल प्रखंड के विभिन्न गांव में लोगों से मिलकर संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने जन समस्याओं को सुना और निदान करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान कई जगहों पर सभा का आयोजन भी सभा का आयोजन किये गया। सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा की बालू बारूद बन गया है। बालू के बिना अबुआ आवास नहीं बन पा रहा हैं। ग्रामीण जनता नेपाल विश्वकर्मा ने कहा कि विधायक मंत्री बनने के पहले गढ़वा को टैकर से पानी बाटते थे आज जल मंत्री होने के बाद जनता पानी के लिए बेहाल हैं। 15 साल पहले पूर्व मंत्री जो काम कराया ओहि काम आज भी दिख रहा है। गोबरदाहा की जनता आज भी रोड की खातिर परेशान है। पूर्व के विधायक सतेंद्र नाथ भी 10 साल विधायक रहे लेकिन झूठ बोलने का काम किया। आने वाले दिनों में जनता सबका हिसाब लेगी। कार्यक्रम में मुख्यरूप से सुरेश प्रसाद गुप्ता, सुनील चंद्रवंशी, शिवनारायण चौधरी, अवध सिंह, नेपाल सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर 21 को



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स क्लब गढ़वा और नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, गुरुग्राम के सयुंक्त तत्वधान में आयोजित किये जाने वाले मासिक हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन रविवार 21 जुलाई को किया जायेगा। इस अवसर पर नयी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से प्रशिक्षित वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह सुविधा सिर्फ हृदय रोगियों के लिए उपलब्ध है और हृदय के जन्मजात रोगों से ग्रसित रोगी, हार्ट में छेद, हार्ट वाल्व की खराबी, हार्ट की नसों में रूकावट, हार्ट के ट्यूमर और हार्ट से संबंधित किसी भी बिमारी से ग्रसित रोगी इस सुविधा का लाभ उठाते हुए परामर्श ले सकते हैं। छोटे चीरे से हार्ट का ऑपरेशन करने में विशेष दक्षता प्राप्त डॉ विकास केशरी इस से संबंधित परामर्श भी प्रदान करेंगे. जायंट्स ग्रुप के सदस्यों ने आम जनता से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की प्रार्थना की। डॉ विकास ने बताया की उनके अस्पताल में दो वर्ष से 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों की नि:शुल्क ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है और आर्थिक रूप से पिछड़े अन्य व्यस्क रोगियों की यथा संभव आर्थिक सहायता का आश्वासन भी दिया।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 109 Dated 12.07.2024 I. MANJU SINGH, Wife of Santosh Kumar Singh R/o Quarter No-18R65. Giddi-A, P.S.-Giddi-A, Dist. Ramgarh (Hazaribagh)-Jharkhand 829108, do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That I am Indian Citizen by birth and residing at above mentioned address. 2. That my name is appears as Manju Devi in place of Manju Singh in all educational certificates of my son which is correct, similar to the other documents. 3. That from the date of this affidavit I will be known as MANJU DEVI in place of MANJU SINGH. 4. That this affidavit is sworn on for the purpose of to publish the same for general public and for future need and necessity and for "the purpose of to change my name in my Aadhar Card vide Aadhar No-4135 3002 2984. 5. That this information is also going to be publish in local Newspaper for the use of future prospect.5. That the above mentioned statements are true and binding upon me. Sworn and singh this affidavit on 12th July 2024 at Ranchi.

# समाजसेवी नागेंद्र ने सीओ के खिलाफ थाना में दिया आवेदन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केतार।** अंचलाधिकारी विकास कुमार उपायुक्त के निर्देश पर परती कुशवानी पंचायत में जमीनी विवाद में जांच करने गये हुए थे। जांच करने के दौरान ग्रामीणों की उपस्थिति को देखकर सीओ के द्वारा उक्त स्थल से भीड़ भाड़ को खाली करने का निर्देश दिया गया। तभी समाजसेवी नागेंद्र प्रजापति केतार के लिए गाड़ी पकड़ने पहुंचे। निर्देश देने के बाद कुछ लोग उसी स्थान के आसपास बने रहे। नागेंद्र प्रजापति ने बताया कि मुझे तत्कालीन पदस्थापित सीओ ने बुलाकर कॉलर पकड़ कर केस में फंसाने की धमकी के साथ दुर्व्यहार किया। जिसके विरुद्ध थाना में लिखित आवेदन दिया गया है।


### क्या है मामला

अमवाडीह निवासी नागेंद्र प्रजापति ने केतार थाना में आवेदन देकर अंचलाधिकारी के उपर तत्काल कार्रवाई करने की मांग किया है। जानकारी के अनुसार 17 जुलाई को अपने घर के समीप केतार जाने के लिए गाड़ी के इंतजार में नागेंद्र प्रजापति खड़ा थे। तभी नागेंद्र प्रजापति ने बताया कि अंचलाधिकारी केतार बगल के पूर्व से विवादित जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। तभी निरीक्षण के अंतिम चरण में मेरा हाथ पकड़कर अपने गाड़ी के पास ले गये, तो मुझे लगा कि हमसे कुछ पूछताछ करना चाहते हैं, परंतु उन्होंने ऐसा न करते हुए मेरे साथ धमकी भरे आवाज में गाली-गलौज देने लगे, उसी क्रम में मैंने कहा की सर आप मुझे ऐसा क्यों बोल रहे हैं। यह बात पुछे जाने पर मेरा गर्दन और जबड़ा पकड़ कर धक्का देते हुए मार-पीट करने लगे तथा फर्जी मुकदमा कर जेल भेजने की धमकी देते हुए अपनी गाड़ी से चले गये। जबकि अंचलाधिकारी केतार के द्वारा मेरे साथ दुव्यवहार और भार-पीट करने के स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। जिससे मेरी बहुत बड़ी मानहानि हुआ है। इस प्रकार के व्यवहार से आहत होकर केतार थाना, एसडीओ को आवेदन देकर अंचलाधिकारी केतार के उपर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कारवाई करने की मागं की है।

**इस मामले में क्या कहते हैं अंचलाधिकारी विकास :** इस संबंध में पूछे जाने पर केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विकास कुमार ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर विवादित जमीन पर निरीक्षण करने गये थे। उसी दरमियान नागेंद्र प्रजापति के द्वारा लोगों को भड़काया जा रहा था। कहां जा रहा था कि गरीब और कमजोर समझ कर डराया जा रहा है, जिस से लोगों में क्रोध बढ़तें देख हमने सभी को वहां से भीड़ खाली कराया। मेरे ऊपर लगाया गया सारा आरोप निराधार और बेबुनियाद है।

# डोभा को जेसीबी से भरकर की जा रहा खेती, कार्रवाई की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सगमा।** प्रखंड में एक वर्ष पूर्व बने डोभा को भरकर खेती करने का मामला प्रकाश में आया है। जल संरक्षण के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं संचालित की जा रही है। वर्षा जल संचयन के लिए मनरेगा योजना के तहत गांव-गांव में डोभा, समेत अन्य योजनाएं संचालित हो रही हैं। उनमें डोभा का निर्माण व्यापक पैमाने कराया जा रहा हैं, लेकिन ऐसा ही एक मामला सगमा प्रखंड के सोनडीहा गांव में दीपक ठाकुर पिता लालमन ठाकुर के नाम से डोभा निर्माण कराया गया था, लेकिन डोभा को पूर्ण हुए एक साल ही हुआ था कि डोभा को जेसीबी द्वारा भरकर खेती करने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त संबंध में ग्रामीण नंदू ठाकुर ने बीडीओ को आवेदन देकर जांच के बाद कार्रवाई की मांग किया है। बीडिओ को दिये आवेदन में सोनडीहा गांव निवासी नंदू ठाकुर ने कहा है कि दीपक ठाकुर पिता लालमन ठाकुर ग्राम सोनडीहा प्रखंड सगमा को 2021 में गांव का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से मनरेगा द्वारा डोभा निर्माण कराया गया था। जिसका काम 2023 में पूर्ण हुआ है, मगर नौ जुलाई को जेसीबी लगाकर उक्त डोभा को समतल कर खेती कर दिया गया है। इस कारण एक ओर सरकारी पैसा का दुरपयोग हुआ है, वहीं सरकार के पानी संरक्षण योजना पर पानी फेरा गया है, इसे देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सगमा से अनुरोध है कि इसकी जांच कर उचित कार्रवाई किया जाये।

इस संबंध में दीपक ठाकुर से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जो आरोप लगाया गया हैं वह डोभा निर्माण को जेसीबी से भरकर खेती किया है, ये सभी आरोप निराधार है। और उन्होंने कहा कि दीपक ठाकुर के नाम से आवेदन दिया गया है, उस नाम का डोभा निर्माण स्थल पर पूर्ण रूप से मौजूद है।

इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत कुमार यादव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगर ऐसा मामला है, तो घटना स्थल पर जाने के उपरांत दोषी पाये जाने पर कानून कारवाई की जायेगी।

# रंका में मनाया गया मुहर्रम का त्योहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका।** इस्लाम की रक्षा के लिए शहादत देने वाले हसन और हुसैन के यादगार में मनाये जाने वाले मुहर्रम का त्योहार या हुसैन या अली मातम के साथ कंचनपुर सहित सभी रंका क्षेत्रों में मनाया गया। कंचनपुर में सदर जनाब जैनुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में मुहर्रम मनाया गया, जहां पर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिला। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कंचनपुर पंचायत में हिंदू मुस्लिम भाईचारा से पूरे देश व राज्य के लोगों को सबक लेना चाहिए। मुहर्रम का त्यौहार मुस्लिम बहुल गांव मानपुर, खपरो, सोनपुरवा, दौनादाग, तेनुडीह, तेतरडीह, सेवाडीह, होन्हेखुर्द, बांदू, चुतरू, दूधवाला, रमकंडा आदि क्षेत्रों में मनाया गया। मौके पर जिपस देवेंद्र नाथ तिवारी, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर, बीडीसी शंकर राम, रोजगार सेवक गुलजार, सिपाही गुलाम गौस, गुलबास, रंका थाना प्रभारी प्रविण कुमार सहित काफी लोग उपस्थित थे।

**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi - 834001 (Jharkhand)
Email - jiidcoltd@gmail.com | www.jiidco.co.in | Phone No. 0651-3512851 | CIN U45208JH2004GO1011078

**NOTICE INVITING TENDER (2nd Call)**
(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)
NIT No.- JIIDCO/05/DIC Latehar/2024-25

Designation and Address of the Advertiser :- Executive Engineer, Office of the M.D.JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001

1. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 22.07.2024
3. Period downloading of Bidding Documents :- Date 22.07.2024 to 05.08.2024 Time 3.00 P.M.
4. Bids online submission :- Date 22.07.2024 to 05.08.2024 Time 3.00 P.M.
5. Bid opening date (Technical) :- Date 06.08.2024 Time: 3.30 P.M.
6. Details of works :-

| Bid No. | Name of work | Estimate Cost (Rs.) | Amount of Earnest money @2% of estimated cost (approx) (Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rs.) (Inclusive GST) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Repair and Maintenance work of DIC building, Latehar, Jharkhand Including Construction of Boundary wall and other Civil components of works. | 61,91,285.00 | 1,23,900.00 | 11,800.00 | 06 Months |

7. Tender fee (non-refundable) & EMD is to be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from http://jharkhandtenders.gov.in. **portal.**
Refund will only be issued to Originated bank account used for the payment of EMD. So, bidders are advised NOT to close the above Bank Account used for online payment NEFT/RTGS of EMD.
No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.
8. Bid Validity :- 180 days
9. Place of opening of Technical Bid :- Office of the M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001
10. For any information/complaints the department helpline no. Mob.No. 70047 85102 may be contacted.
11. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in.
12. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.

**Note: (i) Any change can be seen on website** www.jharkhandtenders.gov.in
**(ii) Any other information can be seen on** www.jharkhandtenders.gov.in
**(iii) The estimated cost mentioned above in Sl.No. 06, column no. 4 is approximate which may be increased or decreased.**

**Ref. No.: 422**
**Date.: 18/07/2024**

**Sd/- Executive Engineer**
**JIIDCO, Ranchi**

**कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................./ दिनांक ............................./

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.06.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर खेर्रा डीपाटोली, थाना–पुसो के पास से 05 पीस आम बोटा को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 23.07.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
PR.NO.329911 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D –सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

# अहमदाबाद कमाने गये व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति में मौत

शव के गांव पहुंचते ही मचा कोहराम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में पलायित व्यक्तियों की हो रही दुर्घटना में मौत थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के भंवरिया टोला का है। इस टोले के राजकुमार भुइयां की मौत बीते 15 जुलाई को अहमदाबाद में हो गयी। बिगत चार माह पूर्व ही वह अपनी पत्नी पानपति देवी और अपने चार बच्चों के साथ पेट के खातिर काम की तलाश में अहमदाबाद गया था। वहां राजकुमार तथा उसकी पत्नी पानपति देवी दोनो महिसाना जिला के झरोही में पीडब्ल्यूडी के तहत हो रहे सड़क निर्माण में काम कर रहे थे। बीते 15 जुलाई के सुबह वह काम पर नही जाने की बात अपनी पत्नी से कही, तो पत्नी अपने काम पर चली गयी। वापस दोपहर में रूम पर आयी तो राजकुमार अपने रूम पर नहीं था। अगल बगल और बेटी दामाद से पूछताछ करने पर भी उसका कोई खबर नहीं मिला। काफी खोज बिन के दौरान 24 घंटे के बाद अगले दिन मंगलवार की सुबह राजकुमार अपने रूम से 3 किमी दूर एक पुल के नीचे मृत अवस्था में पाया गया। पत्नी ने आरोप लगाया कि मेरे पति का दुर्घटना में मौत नही हुई है, बल्की उनकी हत्या कर दी गयी है, उसने आशंका व्यक्त किया है, कि वहां के ही कुछ लोकल लोगों ने मेरे व्यक्तियों के द्वारा हत्या कर दी गयी है। उसने इसकी लिखित शिकायत वहां के स्थानीय थाने में भी की है।

**मृतक शव पहुंचते ही गांव में छाया मातम :** मृतक का शव बुधवार की देर रात उसके पैतृक आवास भंवरिया टोला आने की सूचना मिलते ही लोगों की हुजूम उमड़ पड़ी परिजनों के करुण क्रंदन से गांव में मातम छा गयी। उधर शव आने कि सूचना पर मृतक के घर पहुंचे बीडीओ नंदजी राम, मुखिया पति राजेश्वर पासवान, प्रमुख शोभा देवी, विधायक प्रतिनिधि चंदन ठाकुर, बसपा के विधायक प्रत्याशी पंकज चौबे, पूर्व मुखिया सुखाड़ी भुइयां आदि ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। जबकि बीडीओ ने मृतक के दाह संस्कार हेतु मृतक के पत्नी को पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए मृतक के आश्रित को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा तथा अन्य सरकारी लाभ दिलाने की बात कही।

**कार्यालय:–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................./ दिनांक ............................./

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.06.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर छारदा से भरनो आने वाले मार्ग पर ग्राम–मलगो के पास से 08 पीस तुंज बोटा सहित ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई नर्सरी परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 23.07.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 329923 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


## कोयला मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक कार्यालय मे पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कोलफील्ड मजदुर युनियन पिपरवार क्षेत्रिय कमेटी के साथ परिचय बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता पिपरवार जीएम संजीव कुमार और संचालन एसओपी नागेश गोपालन ने किया। इस बैठक में सीएमयु के प्रतिनिधियों पिपरवार जीएम संजीव कुमार का बुके देकर स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से पिपरवार से चुनाव ड्यूटी पर गये कर्मचारियों को चुनाव पैकेज देने, संडे ड्युटी में की जा रही कटौती को बंद करने, शुद्ध पेयजल, बिजली, आवास मरम्मत, आवासीय परिसर की साफ सफाई, रीजनर स्टोर शेड रिपेयर, झाड़ी सफाई करने सहित कई समस्याओं से प्रबधंन को अवगत कराया गया। साथ ही कोयला मजदूरों की समस्या से संबंधित बातो पर चर्चा की गयी। बैठक में जीएम संजीव कुमार ने समस्याओ के समाधान करने का भरोसा दिया। बैठक मे भीम सिंह यादव, रामु गोप, अनिल कुवंर, हरिवंस महतो, बलदेव यादव, रविंद्र सिंह, गांधीराम साहू, अकलू यादव, बसंत कुमार, एसडी राम, बिरेंद्र, सुधीर सिंह, बनवारी सहित युनियन के कई लोग उपस्थित थे।

# हरहू पुल निर्माण साइट पर मुंशी की गोली मारकर हत्या

**मृतक मुंशी 45 वर्षीय भूपेंद्र यादव लातेहार जिला के मुरपा मनसिंघा गांव का रहने वाला था**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हरहु नाला पुल निर्माण साइट पर एक मुंशी को गोली मारकर हत्या कर दिया गया। गुरुवार की दोपहर साढ़े बारह बजे हरहु में पुल निर्माण कार्य चल रहा था कि हथियार लेकर आये दो उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक मुंशी 45 वर्षीय भूपेंद्र यादव लातेहार जिला के मुरपा मनसिंघा गांव का रहने वाला था। घटना के बाद खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी और मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार साव घटना स्थल पर पहुचे। उसके बाद रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। गुरुवार की दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे हरहु में बन रहे पुल पर कार्य चल रहा था। इसी दौरान दो हथियारबंद उग्रवादी पहुंचे और मुंशी भूपेंद्र यादव के करीब पहुंचकर एक गोली पैर में मारी। जिसके बाद मुंशी जमीन पर गिर गया, उसके बाद अपराधियों ने लगातार चार गोली मारकर जंगल की ओर फरार हो गये। गोली चलने की आवाज सुनते ही वहां अफरा तफरी मच गयी और कुछ मजदूर भाग खड़े हुए। मौके पर गाड़ी पर मौजूद मृतक का बेटा अपने घायल पिता के पास पहुंचा और लोगों से मदद की गुहार लगायी। जिसके बाद लोगों ने घटना की सूचना मैक्लुस्कीगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मुंशी को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया। जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। घटना को लेकर ग्रामीणों ने ठेकेदार और पुलिस के प्रति नाराजगी दिखायी। उनका कहना था कि पुलिस की लापरवाही के कारण यह हत्या हुई है। वहीं ठेकेदार के नहीं पहुंचने पर भी काफी नाराजगी व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि पुलिस मुस्तैद रहती तो, यह घटना नहीं घटती। वहीं मृतक के परिजनों ने घायल को अकेले रिम्स भेजने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि परिवार की किसी एक सदस्य को उसके साथ भेजना चाहिए था। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने लोगों को घंटो तक समझाया और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीण एसपी ने कहा किसी भी हाल में हाल में घटना को अंजाम देने वाले अपराधी बख्से नहीं जायेंगे। पुलिस पूरी तत्परता के साथ घटना में शामिल अपराधियों का सुराग पता लगाने में जुटी हुई है।

इधर घटना की जानकारी मिलने पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह भी हरहु मुख्य मार्ग पहुंचे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने घटना को दुखद बताया और कहा कि वे मृतक के परिवार के इस दुख की घड़ी में साथ है। उन्होंने प्रशासन से इस घटना पर त्वरित कार्यवाही करने को कहा है।

# मुहर्रम जुलूस में फिलिस्तीनी झंडा फहराने वालों पर हो कानूनी कार्रवाई : कोचे मुंडा

**विहिप और बजरंग दल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर की कार्रवाई की मांग**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुहर्रम के जुलूस के दौरान फिलिस्तीनी झंडा फहराने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने ऐसे तत्वों पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज किया जाये। इस घटना को कोई देशभक्त बर्दाश्त नहीं कर सकता कि जिस देश में हम रहते हैं, उस देश से गद्दारी करके किसी आतंकवादी देश का झंडा फहराया जाये। विधायक ने तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। इधर, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद जयसवाल और मुकेश जयसवाल के नेतृत्व में उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि तोरपा की घटना काफी अवांछनीय, अप्रिय, अमर्यादित है। इससे कानून व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। ऐसी घटना से देश की अंदर आंतरिक सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। ज्ञात हो कि तोरपा में मुहर्रम के जुलूस के दौरान बुधवार को कुछ युवकों द्वारा फिलिस्तीन का झंडा फहराया गया था। बाद में मुहर्रम कमेटी तथा जुलूस में शामिल बुद्धिजीवियों द्वारा तोरपा पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। तुरंत थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने झंडे को उतार कर जब्त कर लिया था। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने वालों में विनोद जयसवाल, वीरेंद्र सोनी, विकास मिश्रा, विजय लहकार आदि शाामिल थे।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा

इस मामले में तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा ने कहा कि मुहर्रम जुलूस में फिलिस्तीनी झंडा लहराने के मामले की जांच करायी जा रही है। जुलूस के दौरान जो दंडाधिकारी थे, उन्हें सूचित किया गया है। नाम-पता मालूम होते ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# पूर्व मुखिया घासीराम महतो और खेत्रोमोहन से मिली आरती पीटर



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** जिलिंगसेरेंग के पूर्व मुखिया घासी राम महतो से मिलने उनके आवास पहुंची। बिरसा विकास समिति की संरक्षक आरती राजा पीटर ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। एक साल पहले दुर्घटना में उनके पैर पर चोट लगी थी। आरती राजा पीटर ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। और उनके परीजनों से मिली। वहीं पूर्व मुखिया के छोटे भाई मुचीराम महतो से भी मुलाकात की। मुचीराम महतो के पूत्र स्व मनमोहन महतो की धर्म पत्नी से भी मिली और खेत्रोमोहन महतो से मिलकर उनकी सेहत की जानकारी लिया। लबुराम महतो, आशापूर्ण महतो, सुधीर महतो, राकेश महतो भी मौजूद थे।

डिंबुडीह निवासी अपने सहयोगी खेत्रोमोहन महतो से मिलकर उनकी सेहत की जानकारी बिरसा विकास समिति की संरक्षक आरती राजा पीटर ने लिया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। विदीत हो की खेत्रोमोहन महतो के छोटे भाई शिक्षक चुनुराम महतो पूर्व मंत्री राजा पीटर के बरिष्ट सहयोगी रह चुके हैं। इस मौके पर बिरसा विकास समिति के प्रवक्ता नीतीश पांडे रमेश महतो नरेंद्र महतो, शक्ति पद महतो आदि उपस्थित थे।

# मुहर्रम पर लाठी-खेल प्रतियोगिता का आयोजन






**अखाड़ा टीमों के द्वारा एक से बढ़ कर एक हैरतअंगेज खेल का दिखाया गया करतब**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा खेल मैदान में गुरुवार को मुहर्रम सद्भावना मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और विशिष्ट अतिथि में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार, टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव, पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा, झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, झामुमो नेता मनोज चंद्रा, श्रमिक प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी, विद्यापति सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन सलीम जावेद ने किया। इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर और पगड़ी पहनाकर किया गया, जिसके बाद अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर एवं लाठी खेल कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम में विभिन्न इलाकों से आयी अखाड़ा टीम के द्वारा एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज खेल का करतब दिखाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अखाड़ा टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने पुरी दुनिया में आपसी भाईचारगी और अमन चैन का संदेश देने का काम किया है। अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले हजरत इमाम हुसैन की शहादत को लोग आज भी याद करते है। उन्होंने सभी लोगों से आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाकर न्याय को जीत दिलाने का काम किया था। उनकी शहादत को आज भी लोग मातम के रूप में मनाते हैं। वर्तमान में उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर आशिक अली उर्फ बाढ़ो मियां, कासिम उर्फ मुन्ना, मोहम्मद असलम, सलीम जावेद, फहीम रजा, मोहम्मद इरफान, हाजी तनवीर, हाजी कमाल, बासुदेव साव, मोहम्मद ताज, आशिक अली, अब्दुल अंसारी, कयूम अंसारी, जाहिद अली, फहीम रजा, लियाकत अंसारी, इदरीश अंसारी, हाजी तनवीर, मो, गड्डे, शकील अंसारी, मंजुर आलम, मोहम्मद फैयाज सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शहीद शेख भिखारी मेमोरियल ट्रस्ट के सदस्यों को दिये गये 100 फलदार पौधे



खलारी (आजाद सिपाही)। देवेंद्र बाबू सेवा संस्थान और अंबेडकर विचार मंच के सौजन्य से शहीद शेख भिखारी मेमोरियल ट्रस्ट के सदस्यों को एक सौ फलदार पौधा दिया गया। देवेंद्र बाबु सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे पेड़ पौधा लगाओ जीवन बचाओ अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए शहीद शेख भिखारी मेमोरियल ट्रस्ट के लोगों ने कहा कि जल जंगल को बचाना हमारा दायित्व बनता है। इस अवसर पर राजन सिंह राजा, अजय सिंह, रंजन सिंह बिद्दू, तौहीद अंसारी, छोटू खान, अजमूल, फारूख नवाब, जावेद आदि लोग उपस्थित थे।

## पंचायती राज के तहत भारतीय लोक कल्याण संस्थान की ओर से प्रशिक्षण का आयोजन




बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में वार्ड सदस्यों का प्रारंभिक प्रशिक्षण जिसमें क्लस्टर एक के तहत ताऊ, रेलाडीह, एदेलहातु, चुरगी वार्ड सदस्य शामिल हुए। क्लस्टर दो के तहत तैमरा, हुमटा बारूहातु गभड़ेगया और क्लस्टर तीन के तहत कांची, सुमानडीह तुंजू वार्ड सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। पंचायती राज के तहत भारतीय लोक कल्याण संस्थान के ओर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु कुमारी ने वार्ड सदस्यों के प्रशिक्षण का आयोजन प्रखंड सभागार में किया। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वय पंचायती राज उपस्थित थे। प्रमोद कुमार ठाकुर मास्टर ट्रेनर पंचायती राज विभाग झारखंड भारतीय लोक कल्याण संस्थान के सदस्य शामिल हुए। वार्ड सदस्यों की भूमिका, 73 में संविधान संशोधन, ग्राम सभा, ग्राम पंचायत आदि के बारे में जानकारी प्राप्त किया।

## एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को बालिका उच्च विद्यालय बुंडू में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रखंड कल्याण पदाधिकारी की उपस्थिति में बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के मुखिया, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की भूमिका सराहनीय रही। सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बालिका उच्च विद्यालय बुंडू की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी ने अभियान गीत गाकर किया। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयमंगल लोहार, बीपीओ अनवर हुसैन, अपूर्व बनर्जी, स्वरूप लायेक मंच संचालन विनय जयसवाल, अगस्त भगत और सभी बीआरपी, सीआरपी, बीआरसी कर्मी तथा शिक्षकों का प्रमुख योगदान रहा।

# श्रीराम गोपाल साहू के स्वस्थ्य होने की कामना

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ रायडीह के वरिष्ठ नागरिक और हमारे विशेष शुभचिंतक और अभिभावक श्रीराम गोपाल साहू (98) पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं। आज भाजपा के लछमन मुंडा, संतोष साहु के साथ उनके आवास जाकर मिले और भगवान से उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना किया।



# विधायक ने स्कूली बच्चों के बीच साइकिल वितरित की



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय कृत मध्य विद्यालय टीकर में गुरुवार को विधायक सबिता महतो ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के शैक्षणिक सत्र के अष्टम वर्ग के बच्चों के बीच साइकिल वितरण का शुभारंभ किया। विधायक ने 120 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया। झारखंड सरकार की कल्याण विभाग के द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत किया गया। शुभारंभ के बाद प्रखंड क्षेत्र के अष्टम वर्ग के उत्तीर्ण सभी विद्यालयों के 1334 छात्र-छात्राओं को साइकिल दिया जायेगा।

प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील जोशी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बद्रीनाथ सिंह मुंडा के उपस्थिति में विधायक के हाथों साइकिल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं विधायक सबिता महतो ने कहा कि झारखंड सरकार की छात्र छात्राओं के लिए यह काफी महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कहा कि बीना किसी भेदभाव से अष्टम वर्ग के सभी छात्रों को इसका लाभ मिल रहा है। मौके पर प्राचार्य अर्जुन सिंह, काबलू महतो, निताई उरांव, अभय यादव, नरेन गोप, अमित सिन्हा, मधु गोप, दीपक राय आदि उपस्थित थे।

# हर क्षेत्र में कंप्यूटर की महत्ता बढ़ी है, इसका ज्ञान जरूरी: नीलकंठ

**विधायक ने बिरसा कॉलेज में किया कंप्यूटर लैब का उद्घाटन**

**समारोह में उपायुक्त लोकेश मिश्र और टीसीआइ लिमिटेड के वरीय उपाध्यक्ष नवीन गुप्ता भी मौजूद थे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुडा ने कहा कि हर क्षेत्र में कप्यूटर की महत्ता बढ़ी है। किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए कप्यूटर का ज्ञान आवश्यक है। विधायक गुरुवार को जिला प्रशासन खूंटी और टीसीआई के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) मद से बिरसा कॉलेज, खूंटी में अधिष्ठापित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन करने के बाद विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उद्घाटन समारोह में उपायुक्त लोकेश मिश्र और टीसीआई लिमिटेड के वरीय उपाध्यक्ष नवीन गुप्ता भी मौजूद थे। विधायक ने कहा कि कॉलेज में अधिष्ठापित कंप्यूटर लैब की सहायता से यहां पढ़ने वाले बच्चे अब निश्चित ही कंप्यूटर का अच्छा प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जिससे उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास कार्यों को लेकर भी उन्होंने कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला और हर संभव सहयोग करने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि लंबे समय के बाद बिरसा कॉलेज में कंप्यूटर लैब का अधिष्ठापन जिला प्रशासन और टीसीआई फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से हो रहा है। आनेवाले समय में यहां के छात्र-छात्राएं कंप्यूटर का बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही कोडिंग, डेवलपिंग और सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में भी उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा सकेगा, ताकि प्रशिक्षित होकर आसानी से रोजगार प्राप्त कर सकें। इस दौरान उन्होंने टीसीआई फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि खूंटी जिले में टीसीआई फाउंडेशन का बहुमूल्य योगदान रहा है। वे हर क्षेत्र में जिला प्रशासन को सीएसआर के तहत सहयोग करते रहे हैं।

टीसीआई लिमिटेड के वरीय उपाध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि टीसीआई फाउंडेशन द्वारा खूंटी जिले में सिलाई सेंटर, विद्यालय एवं सेनेटरी नैपकिन प्लांट का भी संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में हम जिला प्रशासन के साथ मिलकर सीएसआर के तहत और भी बेहतर कार्य करेंगे। इससे पूर्व अपने स्वागत भाषण में कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जीके किड़ो ने कम्प्यूटर लैब अधिष्ठापन को लेकर जिला प्रशासन और टीसीआई लिमिटेड के प्रति आभार जताते हुए कहा कि समय-समय पर जिला प्रशासन के सहयोग से कॉलेज में सुविधा बढ़ती रही है, जिसका फायदा यहां पढ़ने वाले बच्चों को मिला है। उल्लेखनीय है कि लगभग 15 लाख की लागत से बने इस कंप्यूटर लैब में 20 कम्प्यूटर सिस्टम लगाये गये है। साथ ही पॉवर बैकअप के लिए एक यूपीएस की भी व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के राजकुमार गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन जिला योजना पदाधिकारी कुंदन कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो सहित कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# कुड़मी समन्वय समिति का बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** कुरमी/ कुडमी ( महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल और उड़ीसा के प्रमुख साथियों का बैठक गुरुवार को समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के प्रधान कार्यालय पतराहातु सिल्ली रांची में संयोजक लालचन महतो कि अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्यरुप से 23 जुलाई को देवेन सेवा संघ जगबंधु कलोनी जमशेदपुर के आहुत बैठक कि तैयारी का समीक्षा और सफलता के संबंध में गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति के फाउंडर सदस्यों, पदाधिकारियों, प्रमंडल प्रभारियों, जिला प्रभारियों,कोर कमिटी के सदस्यों, प्रखंड प्रभारियों और प्रमुख समाजसेवियों को व्यक्तिगत रुप से सूचित किया जाये तथा इसका जिम्मेदारी संयोजक लालचन महतो, बंगाल प्रभारी सुभेंदु महतो पुरुलिया, निवारण चंद्र माहातो बागमुंडी, दिनेश चंद्र महतो सोनुआ पश्चिमी सिंहभूम, (कोल्हान प्रमंडल प्रभारी), प्रभु दयाल महतो पुर्व प्रमुख गोमिया सह उत्तरी छोटानागपुर और संथाल परगना प्रमंडल प्रभारी को सौंपी गयी है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



# पांच साल से सीएचसी का जनरेटर खराब, मरीज परेशान



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों बिजली व्यवस्था विकट हो गयी है। कहने को तो यहां बड़े जनरेटर की सुविधा है। लेकिन यह लगभग पांच साल से खराब पड़ा है। उससे यहां मरीजों व रात में दुर्घटना ग्रस्त लोगों का इलाज करने में चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को काफी परेशानी होती है। वहीं, जिम्मेदार हैं कि समस्या पर ध्यान ही नहीं दे रहे। सीएचसी में चिकित्सक व कार्यालय के कक्षों के अलावा लेबर रूम, जच्चा- बच्चा वार्ड, सामान्य वार्ड, वैक्सीन रूम, वैक्सीन फ्रीज है। एक छोटे जनरेटर के भरोसे पूरे सीएचसी में विद्युत आपूर्ति संभव नहीं है। वहीं रात में जनरेटर के अभाव में पूरे अस्पताल व परिसर में अंधेरा छाया रहता है। बिजली के कट जाने पर यहां भर्ती मरीजों व इनके स्वजनों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। वहीं, मरीज के स्वजनों रघु, पवन, रमेश व प्रदीप ने बताया कि बिजली कटने पर मरीजों की क्या दशा होगी इसे आसानी से महसूस किया जा सकता है, लेकिन किसी भी जिम्मेदार को यह परवाह नहीं है। उन्होंने मांग किया कि जनहित में जनरेटर ठीक कराकर बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इधर चिकित्सा प्रभारी डा सुमित्रा कुमारी ने कहा कि जनरेटर खराब होने की जानकारी पत्र के माध्यम से विभाग को दी गई है।

## सड़क दुर्घटना में चौकीदार की मौत



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो थाना में कार्यरत चौकीदार ननकू लोहरा की गुरुवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह स्थानीय रूप से चान्हो के नावाडीह के रहने वाले थे। इस दिन ड्यूटी के लिए चान्हो थाना से सुबह 10 बजे बाइक से सोस जा रहे थे। तभी चटवाल मोड़ के करीब बाइक अनियंत्रित होकर सीधा पोल से जा टकराई। इस हादसे में ननकू के सिर में गंभीर चोट आइ। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजीम अंसारी ने आनन फानन में उन्हें अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वह अपने पीछे तीन बेटी, एक बेटा व पत्नी छोड़ गए हैं।

## विधवा महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के साड़ी गांव में एक विधवा महिला ने फांसी के सहारे फांदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान वसुंधरा देवी (28) के रूप में हुई है। घटना गुरुवार की शाम 6.30 बजे की है। जनकारी के अनुसार मृतका घर में अकेली थी। उसका आठ साल का एक बेटा भी है। उधर, घटना की सूचना पाकर सिकिदिरी पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में ले लिया।

## शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान: अनिल




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रेम नगर स्थित श्री राम टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज सभागार में गुरुवार को महाविद्यालय का 9वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड अधिविध परिषद के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो के अलावा संत जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल के निदेशक पंकज राज, डीएवी आलोक के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार, फेडरेशन आफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव परेश गटवानी, कर्मचंद भगत कॉलेज बेड़ो के प्रोफेसर इंद्र मोहन राय, महाविद्यालय की अध्यक्ष मंजू सिन्हा, सचिव विकास सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अनिल महतो ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान है। वहीं, महाविद्यालय के सचिव विकास सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में महाविद्यालय के बीएड के छात्र-छात्राओं को उन्नत शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक योगदान और राज्य के विकास में भी अपना योगदान देने के लिए तैयार होना होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के उन छात्रों को जिनका चयन झारखंड राज्य में स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक के रूप में हुआ हैं उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीएड एवं डीएलएड के छात्र-छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ सुरजीत सिंह, धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर सुबोध कुमार सिंह ने प्रेषित किया।

## नगड़ी में छह घंटे से बिजली गुल, लोग परेशान

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में गुरुवार को छह घंटा बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे प्रखंड क्षेत्र के हजारों उपभोक्ता परेशान रहे। उपभोक्ताओं ने कहा कि दुख की बात है कि प्रखंड में बिजली विभाग का एक भी प्रतिनिधि क्षेत्र का बिजली की समस्या को लेकर भ्रमण नहीं करता. पिछले पांच-छह घंटा से नगड़ी थाना क्षेत्र में बिजली गुल होने से लोग परेशान है. नगड़ी प्रखंड के हजारों बिजली उपभोक्ताओं ने झारखंड सरकार सहित बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से मांग की है कि वह नगड़ी प्रखंड में एक स्थाई शाखा खोलकर लोगों की बिजली संबंधित समस्या से निजात दिलाये।

## इटकी अंजुमन के पूर्व सचिव हाजी सरफुल का निधन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** अंजुमन के पूर्व सचिव हाजी सरफुल अहमद का बुधवार की देर रात 2.30 बजे निधन हो गया। वह 98 साल के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। हाजी हरफुल एक समाजसेवी और प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी थे। अपने जीवन काल में हर वर्ग के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। उनने निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है। पूर्व जिप सदस्य मसूद आलम, उप प्रमुख परवेज आलम, हिन्दू जागरण समिति के संरक्षक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, देवेंन्द्र महतो, हयूमन राइट्स के आरिफ राजा आदि ने निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। वहीं, उनके पार्थिव शरीर को स्थानीय कब्रीस्तान में गुरुवार को सुपर्द-ए-खाक कर दिया गया।

## कुर्गी बाजार से बाइक चोरी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुर्गी बाजार से इटकी कॉलेज के लेक्चरर लखन गोप की बाइक चोरी कर ली गयी। घटना मंगलवार की शाम की बताई जा रही है। इस बाबत लखन ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

# सरकार की उपेक्षा का दंश झेल रहे आजादी की जंग लड़ने वाले बाणेश्वर राय के परिजन

सतीश ठाकुर



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से लोहा लेने वाले ***'आजाद हिंद फौज के लेफ्टिनेंट'*** सह रांची जिले के रामपुर बाजार निवासी बाणेश्वर राय के परजन केंद्र व राज्य सरकारों की उपेक्षा का दंश झेल रहा है। केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता सेनानी बाणेश्वर को गुजारा भत्ता के लिए सिर्फ पेंशन की सुविधा दी थी पर उनके निधन के बाद परिवार की माली स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। उनका पोता समीर राय रामपुर बाजार में एक छोटी सी राशन की दुकान चलाने को मजबूर हैं। समीर का कहना है कि जंग-ए-आजादी में अपनी पूरी जिंदगी न्योछावर करने वाले उनके दादा बाणेश्वर राय को सरकार की ओर से पेंशन के अलावा और कोई मदद नहीं मिली। रांची के सांसद सह वर्तमान केंद्रीय राज्य रक्षामंत्री संजय सेठ ने विगत दिनों धारा 377 के तहत लोकसभा में स्वतंत्रता सेनानी बानेश्वर राय के परिजनों को सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने से संबंधित मामला सदन में उठाया था। उन्होंने सदन को बताया था कि आजाद हिन्द फौज के लेफ्टिनेंट बाणेश्वर राय इंटेलिजेंस विंग में भी अपनी सेवा दे चुके थे। बावजूद उसके उन्हें उचित सम्मान नहीं मिला। केंद्रीय मंत्री ने सदन के माध्यम से मांग की थी कि ऐसे समर्पित और बलिदानी देशभक्त के परिवार को हर सरकारी सुविधा प्रदान की जाए। गौरतलब हो कि देश की आजादी के लिए सुभाषचंद्र बोस के एक आह्वान पर अपना सबकुछ त्यागकर जंग-ए-आजादी में शामिल होनेवाले बाणेश्वर राय के परिवार की माली हालत बेहद खराब हो चुकी है। इस बाबत समय-समय पर **आजाद सिपाही** अपने लेख के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर प्रमुखता से आकृष्ट कराते रहा है। संवाददाता ने इससे पहले भी खबर के माध्यम से बताया था कि नामकुम के रामपुर बाजार स्थित जिस घर में स्वतंत्रता सेनानी का परिवार रहता है वह घर भी उनके ससुरजी का है। जिसके एक कमरे में वह बमुश्किल अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते है। फिलहाल उनके तीन बेटों में दो रंजन राय और विक्रम राय ही जीवित है। बतातें चलें कि अमर शहीद बाणेश्वर राय का निधन 2005 में हो गया था। इससे पहले 1991 में 72 वर्ष की आयु में उन्होंने सरकार के खिलाफ काफी नाराजगी जाहिर की थी। कहा था कि आजादी के सालों बाद भी यही समझ में आया कि वर्तमान आजाद मुल्क में भी पैसा, पैरवी और दादागिरी से ही काम होता है। पर दुर्भाग्य से उनके पास इनमें से कुछ भी नहीं है। बताया था कि वर्मा के जंगलों में भारत-वर्मा सीमा पर जो हजारों भारतीय सिपाही शहीद हुए थे। उनकी विधवाओं और बच्चों तक कि सुधि लेनेवाला कोई नहीं है। बिहार के तत्कालीन राज्यपाल पी वेंकटसुबैध्या को 15 मई 1986 को पत्र लिखकर सहायता मांगी थी। जिसके बाद राज्यपाल ने 03 जून 1986 को जिला प्रशासन को भूमि उपलब्ध कराने का सुझाव दिया था। लेकिन इसपर आज तक अमल नहीं हो पाया है।

### राज्यसभा सांसद ने किया विद्यालय भवन का उद्घाटन

# शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है: प्रो आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** राज्यसभा सांसद सह प्रदेश भाजपा के महामंत्री प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने सांसद मद से ओरमांझी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में निर्मित भवन का गुरुवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। इस नए भवन के माध्यम से बच्चों को एक बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र साही, बिरसा उर्राव, दिलीप मेहता, दीपक बढ़ाइक, ललिता मेहता, दीपा चौरसिया, किरण मेहता, राजेश गुप्ता, सत्य नारायण तिवारी, उमा शंकर साहू, दुर्गा शंकर साहू, ओम प्रकाश राव, गोविंद गुप्ता, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, अलखनाथ महतो, राजधाम साहू, शशि मेहता, राजकीशोर साहू, संतोष गुप्ता, रूपेश प्रजापति, संदीप उर्राव, अर्जुन सिंह, मनोज महतो, संतोष कुशवाहा, आनंद महतो, विक्रांत तिवारी, रोहन वर्मन, रुपेश साहू, जोगेंद्र मुंडा, विष्णु कुमार और रंजित महतो आदि उपस्थित थे।



स्कूल भवन के उद्घाटन के मौके पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू व अन्य।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत, हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** थाना क्षेत्र के रातू-ठाकुरगांव रोड स्थित मलमाडू गांव के पास सड़क दुर्घटना में 42 एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान भोला साहू के रूप में हुई है। वह ठाकुरगांव का रहने वाला था। घटना बुधवार की शाम 4.45 बजे घटित हुई। मृतक अपने ननिहाल रातू थाना क्षेत्र के झखराटांड़ से अपने घर लौट रहा था। तभी ठाकुरगांव की तरफ से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी सूचना मिलते ही मृतक के ननिहाल एवं घर के लोग मौके पर पहुंच गये और मुआवजे की मांग करते हुए करीब चार घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इसकी खबर पाकर रातू थाना प्रभारी शशिभूषण चौधरी, अंचल निरीक्षक हिम्मत लाल महतो एवं राजस्व कर्मचारी सरफराज अहमद भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। वे मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। हालांकि काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर सड़क जाम खत्म करवाया।

### हेलमेट ने बचायी जान

उधर, एक बाइक सवार ने खड़ी ट्रक में पीछे से धक्का मार दिया। हालांकि बाइक सवार के सिर पर हेलमेट होने के कारण उसकी जान बच गयी। पर हेलमेट दो टुकड़ों में टूट गया। व्यक्ति की पहचान एतवा उरांव (50) के रूप में हुई है। वह ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के हिसरी गांव का रहने वाला था। घायल व्यक्ति को रातू पुलिस की जीप से सीएचसी पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

# कर्बला मैदान में कुर्बानी देकर हजरत हुसैन ने दुनिया को दिया था शांति का संदेश : बंधु तिर्की

### आपसी भाईचारा एवं शांति का प्रतीक है मुहर्रम : गंगोत्री कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो/कांके।** मुहर्रम मेला सह शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को हुआ। जिसमें चान्हो सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष पूर्व प्रमुख जुल्फान अंसारी की अगुवाई में विभिन्न गांवों से आए अखाड़ाधारियों ने खेल का प्रदर्शन किया। बाजारटांड़ में आयोजित मेला सह शस्त्र चालन प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, सेंट्रल मुहर्रम एक्शन कमेटी के अध्यक्ष पूर्व प्रमुख जुल्फान अंसारी और मो मोजीबुल्लाह ने तलवार भांजकर किया। इस अवसर पर बंधु तिर्की ने कहा कि हुसैन ने सत्य, धर्म, न्याय और इंसानियत के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी दे दी थी। उनके जीवन से सीख लेने की जरूरत है। मौके पर अजित सिंह, हुसैन अंसरी आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, शफीक अंसारी की अगुवाई में सेंट्रल कर्बला मुहर्रम एक्शन कमेटी की ओर से अस्त्र-शास्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें भाजपा की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं. सफीक अंसारी ने उन्हें पगड़ी व तलवार देकर सम्मानित किया। वहीं, खलारी डीएसपी एवं थाना प्रभारी को भी पगड़ी एवं तलवार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिला नेत्री सोनी तबस्सुम, असीर अंसारी, एनामुल हक, इन्फाज अंसारी और अहमद अंसारी मौजूद थे। दूसरी ओर, कांके प्रखंड के सुकुरहुटू गांव में गुरुवार को मुहर्रम का जुलूस निकला गया। इस दौरान दोनों समाज के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर आपसी सौहार्द और भाईचारगी का संदेश दिया। वहीं, श्रीश्री महावीर मंडल सुकुरहुटू समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो व अन्य ने सभी अखाड़ाधारियों को पानी पिलाकर स्वागत किया। मौके पर सेंट्रल मुहर्रम कमेटी कांके के अध्यक्ष समनूर मंसूरी, कांके थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## गेतलसूद में विस्थापित परिवारों को फिर से विस्थापित करने की कोशिश



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** कथित भू माफियाओं द्वारा गुरुवार को थाना क्षेत्र के गेतलसूद कश्मीर कॉलोनी में विगत 50 वर्षों से रह रहे सैकड़ों विस्थापित परिवारों के आशियानें को तोड़ने की कोशिश की गई। इस क्रम में जमीन पर कब्जा करने के लिए सैकड़ों पेड़ बेरहमी से काट दिए गए। बाद में ग्रामीणों के भारी विरोध को देखते हुए कब्जा करने की कार्रवाई रोक दी गयी। बताया गया कि गेतलसूद के कश्मीर कॉलोनी स्थित सरकारी जमीन पर बने सरकारी आवास में विगत 50 वर्षों से गेतलसूद बांध परियोजना से विस्थापित करीब 200 परिवार रहते हैं। गुरुवार को अचानक जेसीबी मशीन लेकर कुछ लोग वहां पहुंच गये। जमीन पर ट्रेंच कटिंग और समतलीकरण का कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ आवास को भी तोड़ने की कोशिश की गई। आरोप है कि जमीन समतलीकरण के नाम पर वहां लगे सैकड़ों पेड़ या तो जेसीबी मशीन से उखाड़ दिए गए या फिर बेरहमी से काट दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सैकड़ो ग्रामीणों ने इस कारवाई का जमकर विरोध किया। आरोप लगाया कि वगैर ग्राम सभा की अनुमति के कैसे जमीन पर ट्रेंच कटिंग और समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा है। वहीं सरकारी आवास को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों के भारी विरोध को देखते हुए कार्य को रोक दिया गया। इधर, मामले की सूचना विधायक राजेश कच्छप को भी दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे विधायक को ग्रामीणों नें वस्तु स्थिति से अवगत कराया और उचित सामाधान करने का आग्रह किया। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उन्हें फिर से विस्थापित नहीं होनें दिया जाएगा। इस संबंध में ग्रामीणों नें अनगड़ा पुलिस से भी लिखित शिकायत की है।

## रातू में निकला मुहर्रम का जुलूस, याद किये गये हजरत हुसैन, युवाओं ने दिखाये करतब



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में गुरुवार को मुहर्रम का जुलूस आपसी भाईचारगी व शांति पूर्ण तरीके से निाला गया। सेंट्रल मुहर्रम कमेटी की अगुवाई में मुहर्रम का जुलूस सिमलिया, तिगरा, भोंडा, अगडू, बिजुलिया व कोटा से निकाला गया। दोपहर 12 बजे जुलूस महादेव टंगरा पहुंचा, जहां पारंपरिक तरीके से अस्त्र- शस्त्र चालन का करतब दिखाया गया। इसके बाद फुटकलटोली, रातू चट्टी, बड़काटोली, पीर्रा, काठीटांड आदि जगहों से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के द्वारा काठीटांड टांड चौक में अखाड़ेधारियो का स्वागत किया गया। शाम को विभिन्न अखाड़ेधारी ऐतिहासिक राजकिले पहुंचे जहां मुस्लिम धर्मावलंबियों के अलावा सभी समुदाय के लोगो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर भाईचारे व आपसी सौहार्द का संदेश दिया। राजकिले कि युवरानी माधुरी मंजरी देवी व अजय नाथ शाहदेव ने अखाड़ेधारियो को पुरस्कृत किया । जुलूस में जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रमुख संगीत देवी, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, झामुमो नेता कमरूल हक, अब्दुल गफ्फार, अरशद अयूब, अकलिमा खातून, अतुल राज, दामोदर नाथ मिश्र, अरविंद पांडेय,पृथ्वी नाथ शाहदेव, रवि कुमार, धर्मेन्द्र सिंह,, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी,असलम अंसारी, जाबीर अंसारी, महफूज आलम, कमल खलखो, रजब अली, इमरान खान, सिन्धबाज खान आदि मौजूद थे। जुलूस के दौरा प्रशासन की ओर से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। सुरक्षा की कमान डीएसपी अरविंद कुमार सिंह व थानेदार शशिभूषण चौधरी ने संभाली। अंचल अधिकारी रवि कुमार विभिन्न क्षेत्रों में घूमघूम कर स्थिति का जायजा लेते रहे। रात 8 बजे तक अस्त्र शस्त्र का प्रतियोगिता का आयोजन चलता रहा।

## वादा निभाओ, स्थाई करो अभियान के तहत मनरेगा कर्मचारी संघ हड़ताल पर

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ वादा निभाओ, स्थाई करो अभियान के तहत गुरुवार से सांकेतिक हड़ताल चले गए है। इस दौरान राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में सभी मनरेगा कर्मी धरना पर बैठ कर अपना रोष जताया। आरोप लगाया कि अधिकारियों के माध्यम से मनरेगा कर्मियों को बरगलाने, धमकाने और सामग्री मद में राशि देकर संगठन को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पर सभी मनरेगा कर्मी इस बार अपना कमर कस चुके है। जो भी समस्या आएगी सभी मिल कर उसका सामना करेंगे। लगातार 17 वर्षों से मनरेगा कर्मियों को सरकार ठगने का काम किया है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश को भी खारिज कर दिया गया। सरकार द्वारा विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट भी 5 वर्षों में नहीं आना स्पष्ट करता है कि सरकार की मनसा साफ नहीं है। आज राज्य के मनरेगा में कार्यरत मजदूरों की संख्या 50 प्रतिशत घट गया है। कई जिलों में आज डिमांड शून्य है। कल भी इसमें भारी गिरावट की संभावना है। बिरसा हरित आम बागवानी, बिरसा संवर्धन सिचाई कूप और अबुआ आवास के कार्य पर सीधा असर दिखाई दे रहा है।

## बुनियादी सुविधाओं को पूरा करना आजसू का लक्ष्य : अमर



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित प्रखंड जोन्हा के सुरसू पंचायत के कुतरलोवा मुख्य पथ से आंगनबाड़ी तक पीसीसी पथ का शिलान्यास प्रखंड उपाध्यक्ष अमर सिंह मुंडा ने किया। कहा कि पीसीसी के बन जाने से बच्चों को आगनबाड़ी केंद्र पहुंचने में आसानी होगी। आमर सिंह मुण्डा ने कहा कि आजसू जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति दृढ़ संकल्प है। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो इसी कार्य में लगे हैं। उनकी सोच बेहतर सिल्ली के लिए वे लगातार विभागीय अधिकारीयों, संस्था आद्य के साथ बैठक कर उन्हें विकसित सिल्ली को लेकर तैयारी करने का निर्देश दिया है। आजसू अपने लक्ष्य पढ़ाई, दवाई एवं न्याय के ओर अग्रसर है। जल्द ही जोन्हा क्षेत्र में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के लिए स्टूडेंट एक्सप्रेस का शुभारंभ किया जायेगा जो पूरे झारखंड में अनूठा है। इस मौके पर प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सोमरा बेदिया, सिद्धू कान्हू के अध्यक्ष दीनदयाल बेदिया, प्रखंड उपाध्यक्ष श्याम सुंदर बेदिया , पंचायत प्रभारी चंचला देवी, डब्ल्यू बेदिया, गणेश बेदिया, अंबिका देवी, गुड़िया देवी, परमेश्वर बेदिया, प्राण बेदिया, सिदाम बेदिया, भीम बेदिया, पौलुष उरांव, बबलू आदि मौजूद थे।

# झड़प के बाद हरिहरगंज में दिन भर रहा तनाव, पुलिस-प्रशासन रहा चौकस

## पुलिस और शांति समिति के सदस्यों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत

**स्थिति की गंभीरता को देखते पुलिस ने कैंप कर रही पुलिस, लोगों से शांत रहने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पलामू जिले के हरिहरगंज शहर के सीमावर्ती क्षेत्र में बुधवार को मुहर्रम के जुलूस में डीजे बजाने का विरोध करने पर दो समुदायों के बीच झड़प हो गई थी। इस कारण गुरुवार के पूरे दिन शहर में तनाव का माहौल रहा। सभी व्यवसायियों ने दुकानें बंद रखी। बतातें चलें कि शहर के अररुआखुर्द मस्जिद मोहल्ला और सीमावर्ती महाराजगंज में बुधवार की रात 10 बजे मुहर्रम के जुलूस के दौरान एक जगह पर गोलबंद होकर डीजे बजाकर जश्न मनाया जा रहा था। जिसका कुछ लोगों ने तेज आवाज में डीजे बजाने का विरोध किया, तो बात बढ़ गयी और दो समुदाय के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गया की उपद्रवियों ने गुप्ता पासवान नामक व्यक्ति के घर पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। ईंट-पत्थर से गुप्ता पासवान की पत्नी पूर्व पंसस शिला देवी और उनका भतीजा आकाश कुमार के साथ कई दलित परिवार के लोग घायल हो गए। वहीं आरोप है कि उपद्रवियों ने एक दलित विधवा महिला गंगोत्री कुंवर के घर में घुसकर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और सामानों को क्षति पहुंचायी। कथित रूप से इस दौरान गोलीबारी की भी सूचना है। घटना स्थल से तीन खोखा भी बरामद हुआ था। वहीं, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए छतरपुर एसडीएम हीरा कुमार, एसडीपीओ नौशाद आलम, औरंगाबाद एसडीएम संतन कुमार सिंह, एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय, हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार, छत्तरपुर प्रशांत प्रसाद, कुटुम्बा अक्षयवर सिंह, अम्बा थाना प्रभारी ने तत्काल शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। जिसमें दोनों समुदाय के लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया। जबकि शांति समिति सदस्य इरफान साहिद, मो अतहर हुसैन, सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन, बल्लू बलराम, भोला गुप्ता, गंगा जायसवाल, आलमगीर आलम, प्रमोद कुमार रवि, कृष्ण कुमार सिंह,बुधन सिंह यादव, महेन्द्र यादव, अरविंद पासवान, सूरजमल राम, रामजी पासवान, मुस्लिम अंसारी, रंजीत पासवान, मनोज यादव, ओमप्रकाश शौंडिक, दीपक कुमार यादव आदि ने दोनों समुदायों के साथ बैठक कर मामले को शांत कराया।

### मुहर्रम के जुलूस में डीजे बजाने को लेकर हुआ था विवाद, झड़प






शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक करते पुलिस के आला अधिकारी। पत्थरबाजी के बाद क्षेत्र में फैले ईंट-पत्थर के अवशेष

### आपसी सौहार्द्र बनाये रखें : एसडीएम

अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) हीरा कुमार ने कहा कि किसी भी गंभीर मामले को हल कराने में शांति समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इस मामले में भी प्रशासन के साथ ही शांति समिति के सदस्यों के प्रयास से दोनों समुदाय के बीच उत्पन्न विवाद को सुलह समझौता से शांत कराया गया। उन्होंने आपसी सौहार्द के साथ मिल कर रहने का संदेश दिया।

### उन्माद फैलाने के लिए असामाजिक तत्वों ने फेंके थे खोखे : एसडीपीओ

छत्तरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि घटना स्थल पर खोखा बराबमद की बात असामाजिक तत्वों द्वारा भ्रामक और उन्माद फैलानी के लिए की गई थी।उन्होंने घटना स्थल पर गोली बारी होने से इन्कार किया है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया है। इस दौरान उन्होंने आश्वस्त किया की घटना में शामिल अज्ञात असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाइ की जाएगी।

# झारखंड में कानून-व्यवस्था चौपट : देवेश


**कहा- सरकार हर मोर्चे पर फेल, जनता में भारी आक्रोश, पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने के बजाय बालू-भूमि माफिया के संरक्षण में व्यस्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवेश तिवारी ने पलामू भ्रमण के दौरान झारखंड में फैली अराजकता पर चिंता जाहिर की है। गुरुवार को पलामू मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलम को संबोधित करते हुए देवेश तिवारी ने कहा कि झारखंड के पलामू का निवासी होने की वजह से राज्य सरकार के रवैए से चिंतित हैं। सरकार बनाने से पहले हेमंत सोरेन द्वारा जारी मैनोफेस्टो में किये गये वादों में महज 10 फीसदी वादों को ही पूरा किया गया। हकीकत है कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आम जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। बेरोजगारी एवं पलायन प्रदेश के लिए अभिशाप बन गई है। पुलिस प्रशासन का अपराध पर कोई नियंत्रण नहीं है। अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के बजाय पुलिस बालू माफिया और भू माफिया को संरक्षण देने में व्यस्त है। सिंचाई और पेयजल के लिए किसान और आम आदमी त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। किसान कर्ज तले दबा जा रहा है। राज्य भर में भूखमरी बढ़ रही है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। अस्पतालों में डॉक्टर नहीं है। विद्यालयों में शिक्षक नहीं हैं, और एक्सीलेंस स्कूल के नाम पर झूठी वाहवाही बटोरी जा रही है। झारखंड में खासकर पलामू की हालात बेहद चिंताजनक है। यहां आम आदमी डर के साए में जिंदगी गुजारने को विवश है। युवा रोजगार के अभाव में मुख्यधारा से भटक रहे हैं। बतातें चलें कि पलामू से निकलकर देश की राजधानी दिल्ली में मुकाम पा चुके देवेश तिवारी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष पद से राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी। उसके बाद दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी के सहायक के रूप में पूर्वांचल क्षेत्र के लोगों का मजबूत आवाज बन कर उभरे। वर्तमान में दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता के तौर पर अपना कर्तव्य का निर्वहन कर रहे देवेश तिवारी ने बताया कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार में विधि व्यवस्था चौपट है। गरीबों का आवास बनना मुश्किल हो गया है। बालू की कालाबाजारी को बढ़ावा देकर राजस्व को भी काली कमाई में तब्दील कर मंत्री से लेकर संतरी तक मालामाल हो रहे हैं। ट्रांसफर पोस्टिंग में उगाही करने वाली सरकार का प्रशासन पर कोई लगाम नहीं है, वैसे ही पुलिस प्रशासन से अपराधियों को कोई डर नहीं बचा है। परिस्थिति यह है कि अपराधिक घटनाएं झारखंड खासकर पलामू में तेजी से बढ़ती जा रही है, जनता आक्रोशित है, लेकिन सरकार और प्रशासन पर कोई असर नहीं है। लोग न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। यही हालात झारखंड में अन्याय, अत्याचार एवं अराजकता को फैलाने वालों को सत्ता से बेदखल करेगी।

# मुहर्रम के जुलूस पर हुए पथराव मामले में तीन युवक पकड़ाये



**भाजपा व विहिप नेताओं ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का लगाया आरोप, प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के शिव मुहल्ला में मुहर्रम के अखाड़े के दौरान देर रात दो समुदाय के बीच हुए पथराव के मामले में देर रात एक बजे पुलिस ने शिव मुहल्ला निवासी आलोक केशरी, विक्की गुप्ता और गौतम विश्वकर्मा को हिरासत में ले लिया। हालांकि गुरुवार की सुबह इसकी सूचना मिलते ही भाजपा और विहिप के नेता थाने पहुंचे और पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए नाराजगी जाहिर की। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश यादव, चुन्नूकांत, सुरेश साहू, विनय सिंह, नवीन सिन्हा, संदीप डंगाईच, हरमिंदर सिंह बग्गा, संजीव सिंह, रंजीत राय, संजीत सिंह पप्पू, आकाश सिंह और रितेश पांडे आदि ने एसपी दीपक शर्मा और थाना प्रभारी से मुलाकात की और मामले में संलिप्त दूसरे पक्ष के लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेता दिनेश यादव, सुरेश साहू आदि ने कहा कि जब मुहर्रम के अखाड़े में प्रतिबंध के बावजूद आग का खतरनाक स्टंट किया जा रहा था, तो उस वक्त पुलिस ने उनके खिलाफ कारवाई क्यों नहीं की। पुलिस मूक दर्शक क्यों बनी रही। भाजपा नेताओ ने एसपी से मिलकर मांग की कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। बतातें चलें कि बुधवार की रात मुहर्रम का अखाड़ा निकलने के बाद शहर के शिव मुहल्ला में आग का खेल करने के दौरान दो समुदाय के लोगों के बीच बहश के बाद पथराव हुई थी। जिसमें कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए थे।

# रेलवे आलाधिकारियों ने रैयतों से की मुलाकात, सुनी समस्याएं

## ग्रामीणों के प्रदर्शन के चार दिन बाद जागा रेल विभाग


आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र के सबौना व घोरडीहा गांव के ग्रामीणों द्वारा आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन के चार दिन बाद रेल विभाग कुंभकर्णी नींद से जाग गयी। रेलवे के आलाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को सबौन गांव पहुंचा और ग्रामीणों से बात की। बताते चलें कि बरवाडीह डेहरी रेलखंड में रेलवे की ओर से विस्तारीकरण के तहत तीसरा ट्रैक बिछाया जा रहा है। गढ़वा रोड जंक्शन और सिगसिगी स्टेशन के बीच सबौना और घोरडीह गांव के दर्जनाधिक रैयतों की जमीन अधिग्रहण के एक वर्ष बाद भी मुआवजा नहीं मिला है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को कार्यस्थल पर जाकर प्रदर्शन करते हुए निर्माण कार्य को दो घंटे बंद करा दिया था। जिसके बाद रेल विभाग रेस हुआ और गुरुवार को ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने रेल अधिकारियों से अधिग्रहित भूमि का मुआवजा जल्द से जल्द भुगतान कराने का आग्रह किया। इसके अलावा ग्रामीणों ने सबौना गांव में सरकारी स्कूल के नजदीक एक अंडरपास बनवाने की भी मांग किया। रेल अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि रेलवे द्वारा भू राजस्व विभाग को सभी अधिग्रहित भूमि के मुआवजा की राशि दे दी गई है। विभागीय अधिकारी पलामू डीसी से मिलकर रैयतों को जल्द मुआवजा दिलाने का सकारात्मक प्रयास करेगा। अंडरपास निर्माण के लिए भी ग्रामीणों को आश्वस्त किया। ग्रामीणों से वार्ता करने के बाद रेल अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को ही पलामू डीसी से मिलने चला गया। रेल अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रामाश्रय पांडेय, निर्माण दक्षिण यू के मुख्य अभियंता एसके सिंह, निर्माण उप मुख्य अभियंता विक्रम सेठ, बरकखाना निर्माण के कार्यपालक अभियंता डीपी विद्यार्थी, सीडी राम, नरेश हांसदा, एसएसई कमलेश सिंह, राजकुमार मंडल, सुधीर कुमार शर्मा, पंकज कुमार आदि शामिल थे। इस मौके पर रैयत संतोष मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, गुलाम नबी अंसारी, योगेश पाल, मंजूर अंसारी, मनोज राम, सुरेंद्र राम, भोला राम, विनोद राम आदि मौजूद थे।

# रेहला में अकीदत के साथ निकला मुहर्रम का जुलूस, खिलाड़ियों ने दिखाये करतब

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रमपुर/पलामू।** रेहला में गुरुवार को मुहर्रम का विशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें शामिल डंडिला कला, गोदरमा व घोरडीहा का ताजिया आकर्षण का केंद्र रहा। गोदरमा, घोरडीहा, डंडिला कला, गुरहा, सबौना, भोलाटाडी, कुड़ी, कामता सहित कई गांवो के ताजिया व सिपड़ का मिलान रेहला शुक्रबाजार में हुआ। वहीं, या अली या हुसैन के नारों से रेहला गूंजता था। मुस्लिम समाज के लोग धार्मिक झंडा के साथ तिरंगा झंडा भी लहरा रहे थे। मुहर्रम का जलूस डंडिला कला चौक से शुरू होकर बी मोड़, महाबीर चौक, थान चौक होते हुए शुक्रबाजार पहुंचा। जहां युवाओं ने अपना कला का प्रदर्शन किया। वहीं, शुक्रबाजार परिसर में ही पगड़ी-पोशी का कार्यक्रम हुआ। जिसमें कमेटी के लोगों ने स्थानीय लोगों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। जुलूस के सफल संचालन में मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के लोग सक्रिय रहे। वहीं, भारी भीड़ को देखते हुए रेहला पुलिस भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये थे। जुलूस में राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने जुलूस में शामिल लोगों के लिए शीतल पेय जल की व्यवस्था की थी।

# मुहर्रम पर्व हिंदू-मुस्लिम एकता और सौहार्द्र का प्रतीक : संजय यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम चनकार कस्तुरी कर्बला पर इंतजामिया कमेटी के तत्वावधान में मुहर्रम कमेटी के लाइसेंसधारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता मो अंसारी और संचालन मो जुबैर अंसारी ने किया। कार्यक्रम इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव के अलावा जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू भी उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि हमें हजरत हुसैन साहब की शहादत से प्रेरणा लेकर हक, इंसाफ के लिए खड़ा रहना चाहिए। कहा कि यह त्योहार हिंदू-मुस्लिम एकता के सौहार्द का प्रतीक है। वहीं, जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा कि मुहर्रम हमें झूठ और अन्याय के खिलाफ लड़ने की ताकत देता है। कहा कि जबतक दुनिया रहेगी तबतक हजरत हुसैन की शहादत अन्याय के आगे नहीं झुकने का पैगाम देता रहेगा। इस मौके पर झामुमो प्रवक्ता जाकिर अली उर्फ राज अली, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्रवण राम, पथरा के मुखिया नरेश पासवान, पूर्व मुखिया सुदेश्वर राम, उदय सिंह और इंतजामिया कर्बला कमेटी के सक्रिय सदस्य अफजल अंसारी आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित शर्मा कप्तानी करेंगें। इसके साथ ही विराट कोहली भी इसमें खेलेंगें। वहीं, प्रमुख बॉलर जसप्रीत बुमराह को आराम मिल सकता है। श्रीलंका दौरा 27 जुलाई से शुरू होने वाला है।

# श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित शर्मा करेंगे कप्तानी

## बुमराह को मिल सकता है आराम, 27 जुलाई से शुरू होनेवाला है दौरा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और बल्लेबाज विराट कोहली श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलेंगे। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो इन दोनों खिलाड़ियों ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) को अपनी उपलब्धता को लेकर जानकारी दी है। इससे पहले कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि लगातार छह महीने क्रिकेट खेलने की वजह से रोहित और विराट श्रीलंका में वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे। टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला पल्लेकेले में 27 जुलाई को शाम सात बजे से खेला जाएगा। वहीं वनडे सीरीज की शुरूआत दो अगस्त से कोलंबो में होगी। फिलहाल, इस दौरे के लिए दोनों टीमों का ऐलान नहीं हुआ है।



### बुमराह को वनडे सीरीज से आराम

बीसीसीआइ पिछले महीने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के सीनियर प्लेयर जसप्रीत बुमराह को श्रीलंका दौरे से आराम दे सकता है।

### जिंबाब्वे दौरे से भी दिया आराम

भारतीय टीम हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की सीरीज खेली थी। चयनकर्ताओं ने इस दौरे के लिए शुभमन गिल की कप्तानी में युवा टीम भेजी थी।

### एशिया कप के लिए श्रीलंका महिला टीम का एलान, 8 टीमें ले रही हिस्सा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका ने एशिया कप के लिए अपनी महिला टीम का ऐलान कर दिया है। इस बार एशिया कप 19 जुलाई (शुक्रवार) से श्रीलंका में ही खेला जाना है। पहला मैच नेपाल और यूएई के बीच खेला जाना है। इसी दिन दूसरा मैच भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। श्रीलंका ने बुधवार को टीम की घोषणा की। उसने अपनी टीम की कमान चमारी अथापथु को सौंपी है। टीम में अनुभवी तिकड़ी उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया और अनुष्का संजीवनी को श्रीलंका की टी-20 टीम में शामिल किया गया है। इन तीनों को वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में खेली गई सीरीज में आराम दिया गया था। टीम में रश्मिका सेवंदी और इमेशा दुलानी की जोड़ी को भी शामिल किया गया है। वहीं अनुभवी स्पिनर ओशादी रणसिंघे और विकेटकीपर-बल्लेबाज कौशिनी नुथ्यांगना को भी टीम में जगह नहीं मिली है। बाएं हाथ की स्पिनर शशिनी गिम्हानी सबसे युवा सदस्य हैं, जो इस साल के अंत में 16 साल की हो जाएंगी। बतातें चलें कि महिला एशिया कप का नौवां सीजन शुक्रवार से श्रीलंका के दांबुला में शुरू हो रहा है। इसमें 8 टीमें खेलेंगी। इस बार थाईलैंड, मलेशिया, नेपाल और यूएई को भी एंट्री मिली है।

# पागल कुत्ते ने बच्चे को काटा, हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के डाली गांव निवासी लवकुश कुमार के दो वर्षीय बच्चे गोलू कुमार को पागल कुत्ते ने काट लिया। उसकी हालत गंभीर बतायी जा ररही है। घटना उस समय हुई जब गोलू अपने मामा के घर मोहम्मदगंज के राजनडीह टोला में घर के बाहर खेल रहा था। तभी अचानक एक पागल कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और बुरी तरह नोच दिया। परिजन उसे आनन-फानन में 108 एंबुलेंस से हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया। वर्तमान में बच्चे का मेदिनीनगर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल बच्चे की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

# अवैध परिवहन के खिलाफ चला अभियान

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने गुरुवार को अवैध परिवहन को लेकर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कुल 3 वाहनों को जब्त कर टीओपी 2 थाना परिसर को सौंप दिया। उक्त सभी वाहनो पर दंड शुल्क लगाया गया है। इन वाहनों पर गिट्टी लदे थे। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के खिलाफ निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने सभी वाहन संचालकों से वाहन से जुड़े सभी कागजात दुरुस्त करने के साथ ही नियमानुसार वाहनों का संचालन करने की अपील की। अभियान में कार्यालय कर्मी भी शामिल थे।

सनसनी : बोकारो के सेक्टर-9 अंतर्गत हरला थाना क्षेत्र में हुई घटना

# दिनदहाड़े गोली मारकर युवक की हत्या

## अस्पताल पहुंचे सांसद ढुल्लू महतो एवं विधायक बिरंची नारायण

## एसपी को फोन पर ही सुनायी खरी खोटी, आइजी-डीआइजी से की शिकायत

**12 से 15 राउंड तक बरसायी गोलियां, 2023 के नवंबर में भी हुआ था जानलेवा हमला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिले के सेक्टर-9 अंतर्गथ हरला थाना क्षेत्र के बसंती मोड़ के पास गुरुवार की सुबह 7.30 बजे खुलेआम एक युवक को गोली मार कर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान शंकर रवानी के रूप में हुई है। वह हरला थाना क्षेत्र के महुआर गांव का रहने वाला था। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बाइक सवाल हमलावरों ने शंकर को लक्ष्य कर 12 से 15 राउंड फायर की, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। इसके बाद हमलावर आराम से फरार हो गये। इस घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा तफरी जैसा माहौल पैदा हो गया। इसकी सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। उधर, घटना से आक्रोशित गांव वाले हरला थाना पहुंचकर जमकर हंगामा किये। प्रदर्शनकारी हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। वहीं शंकर की हत्या के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक शंकर रवानी की फाइल फोटो।

### गाड़ी धुलवाने के दौरान बनाया निशाना

जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह शंकर रवानी अपनी गाड़ी धुलवाने के लिए बसंती मोड़ पहुंचा था। गाड़ी की धुलाई चल रही थी और शंकर एक दुकान पर बैठकर कुछ लोगों से बातें कर रहा था। तभी बाइक सवार होकर हमलावर पहुंचे और ताबड़तोड़ गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

### मृतक का भी रहा है आपराधिक इतिहास

**सूत्रों की मानें तो महुआर गांव निवासी शंकर रवानी का भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह कई आपराधिक मामलों में जेल भी जा चुका है। उसके उपर हत्या का भी आरोप लग चुका है।**

### सैकड़ों विस्थापितों ने किया नयामोड़-मुख्य मार्ग जाम

**इधर, घटना से आक्रोशित मृतक के परिजनों व शुभचिंतक सैकड़ों ग्रामीण-विस्थापितों के साथ नया मोड़ पहुंच गये और सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। वहीं, सड़क जाम करने से वाहनों का आवाजाही पूरी तरह अवरूद्ध हो गया। खास कर चास जाने वाली और डीसी ऑफिस की ओर से आने वाली सड़क के साथ ही जैनामोड़ जाने वाली व बालीडीह छोर से आने वाली सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। हालांकि काफी मशक्कत के बाद पुलिस-प्रशासन ने समझा बुझा कर लोगों को शांत करवाया और हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद अवरोध समाप्त कर दिया गया।**

### नवंबर 2023 में भी हुआ था जानलेवा हमला

बतातें चलें कि साल 2023 के नवंबर महीने में भी शंकर रवानी पर जानलेवा हमला हुआ था। उस समय भी उसे गोली मारी गई थी। हालांकि तब वह बच गया था।

### अस्पताल पहुंचे सांसद व विधायक

उधर, घटना की सूचना पाकर सांसद ढुल्लू महतो और बोकारो के विधायक बिरंची नारायण बोकारो जनरल अस्पताल पहुंच गये। सांसद ने अस्पताल से ही बोकारो एसपी को फोन लगाकर खूब खरीखोटी सुनायी। यही नहीं, आइजी और डीआइजी से भी एसपी की शिकायत की और लोहा व कोयला चोरों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

दूसरी ओर, घटना के बाद सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने कहा कि वारदात की जांच की जा रही है। मौके से पुलिस को 15 खोखे बरामद हुए हैं। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि हमलावरों को पता लगाया जा सके। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी कीमत पर हमलावरों को बख्शा नहीं जाएगा।

## एटीदेव प्रभा आउटसोर्सिंग में सीआइएसएफ जवानों पर कोयला चोरों का हमला, हवाई फायरिंग कर जवानों ने बचायी जान

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** बीसीसीएल के लोदाना एरिया-10 के कुजामा कोलियरी स्थित देवप्रभा आउटसोर्सिंग में सैकड़ो बाइक से बोरे में भरकर कोयला ले जा रहे तस्करों को रोकना सीआइएसएफ जवानों को भारी पड़ गया। कोयला चोरी कर ले जाते देख सीआइएसएफ के अधिकारी और जवानों ने बाइक से कोयला ले जा रहे दो चोरों को पकड़ लिया । जिसके बाद पास के बालूगद्दा से सैकड़ो महिला-पुरुष पंहुच गए और जवानों को घेर कर पत्थरबाजी करने लगे। ग्रामीणों से खुद को खिरा देख सीआइएसएफ की टीम ने खुद को बचाते हुए 8 राउंड हवाइ फायरिंग की और भीड़ को तितर-बितर कर दिया। वहीं, पत्थरबाजी में एक दर्जन सीआईएसएफ जवानों को चोट आई है। जिसमें दो जवान गंभीर रूप से घायल हुए है। घटना को लेकर सीआईएसएफ की ओर से घनुवाडीह थाना में लिखित शिकायत की जा रही है। वहीं, सीआइएसएफ के अधिकारी ने बताया कि बालूगद्दा की ओर से आए लोगों ने उन लोगों पर पत्थर से हमला कर दिया। अपनी जान बचाने के लिए जवानों को भी हवाई फायरिंग करनी पड़ी। बतातें चलें कि देव प्रभा आउट सोर्सिंग से कोयला तस्कर द्वारा दिन-रात कोयला चोरी करवाई जाती है। रात में प्रतिदिन 4 से 5 ट्रक कोयला लोड कर बाहर भेजा जाता है।

### उत्पाद विभाग की छापामारी, शराब जब्त

**बोकारो (आजाद सिपाही)। डीसी विजया जाधव के निर्देश एवं उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन में जिला उत्पाद टीम ने पेटरवार थाना अंतर्गत अंगवाली ग्राम में छापामारी कर उमा शंकर साव के घर से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब, ढ़क्कन एवं होलोग्राम आदि जब्त किया। वहीं, उमा शंकर साव एवं आपूर्तिकर्ता पवन नायक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं, जांच शुरू हो गई है।**


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

पत्रांकः– दिनांक–

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा ई–निविदा संख्याः–26/2023-24/RWD/EE/RANCHI, PR No.327645 REO (24-25)D द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था। जिसमें Sl. No.-4, पैकेज संख्या–RWD/RANCHI/51/2023-24 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। पुनः निविदा शीघ्र आमंत्रित की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR.NO.329929 REO(24-25):D



**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ **आवश्यक सूचना** दिनांक ............................/

सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.05.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर सिसई–भरनो पथ पर ग्राम–जुरा, थाना–भरनो के पास से 08 पीस आम बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात, को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 23.07.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

PR 329905 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D (:–वन है,तो जीवन है–:)

प्राधिकृत पदाधिकारी,–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल


**महत्वपूर्ण न्यूज**

### बदलते मौसम से होने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ। जिसमें सीएचसी सदर से डॉ अलका ने सभी दिव्यांग बच्चो के स्वास्थ्य की जांच की। लगे हाथ सभी बच्चों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से अवगत कराया। साथ ही ज्यादा पानी पीने एवं पौष्टिक खाना खाने की सलाह दी। जंक फूड से दूर रहने की भी हिदायत दी। वहीं, जिन बच्चों को ज्यादा परेशानी थी उन्हें अस्पताल जाने की सलाह दी। उधर, संस्था की सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि सीएचसी सदर से चिकित्सक हर महीने की 18 तारीख को बच्चों का स्वास्थ्य जांच करने आते हैं, ताकि किसी भी बीमारी की जांच कर सही वक्त पर उसका इलाज किया जा सके।

### झारखंड में किन्नर कल्याण बोर्ड के गठन से किन्नरों में हर्ष



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड में किन्नर कल्याण बोर्ड का गठन होने से किन्नरों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस संबंध में किन्नर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुनैना किन्नर ने झारखंड सरकार को किन्नर कल्याण बोर्ड का गठन करने पर आभार व्यक्त किया है। साथ ही हुए कहा कि किन्नर कल्याण बोर्ड में वैसे किन्नरों को शामिल किया जाए जो शिक्षित और हमेशा समाज से जुड़े रहते हो। किन्नर के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहते हों। सुनैना किन्नर ने बताया कि किन्नर कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को बनाया गया है। इस संदर्भ में उन्होंने एक आवेदन देकर अपील की है कि वह हमेशा किन्नरों के कल्याण के लिए कार्य करती हैं। शिक्षित भी है। इस आधार पर झारखंड किन्नर कल्याण बोर्ड में उन्हें भी शामिल किया जाए, ताकि किन्नरों के कल्याण, हक एवं अधिकार के लिए कार्य कर सकें।

### मृतक सुरक्षा कर्मी के परिजन को मिले उचित मुआवजा व नियोजन: सुनील उरांव




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आइआइटी-आइएसएम में सुरक्षा कर्मी के रूप में तैनात राजू गिरी द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। उक्त मामले में मृतका की पत्नी ने आरोप लगाया है कि राजू की मौत स्वाभाविक नहीं है। आईएसएम में कार्यरत सुरक्षा करने वाली एजेंसी कमांडो इंडस्ट्रियल फोर्स की ओर से लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किये जाने के कारण मौत हुई है। बतातें चलें कि उक्त घटना 12 जुलाई को घटित हुई थी। वहीं, गुरुवार को धनबाद स्थित विश्वकर्मा भवन कार्यालय में संवाददाता सम्म्मेलन कर सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ से संबंधित भारतीय मजदूर संघ धनबाद के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार उरांव, वरिष्ठ मजदूर नेता सत्यनारायण पंडित, बीएमएस के जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी, मनोज शाह जितेंद्र सिंह और सुशील सिंह ने संयुक्त रूप से मांग किया कि दिवंगत राजू गिरी को उचित मुआवजा सहित उसके परिवार को आइएसएम में नियोजित किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो आईएसएम में कार्यरतसभी सुरक्षा गार्डन राजू गिरी के समर्थन में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## चुनौती: बंद खदानों के मुहानों को दोबारा खोलकर तस्करों ने शुरू की कोयले की तस्करी

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** पुलिस-प्रशासन व खनन विभाग मिलकर भी महुदा क्षेत्र में कोयले के अवैध खनन और तस्करी पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। कोयले की तस्करी और अवैध ढुलाई को लेकर बीते दिनों **'आजाद सिपाही'** ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। जिसके बाद आद्रा रेलवे डिवीजन के डीआरएम एवं एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने रेलवे ट्रैक एवं धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग को जोड़ने वाले महुदा थाना क्षेत्र स्थित मछियारा (आरओबी) रेलवे ओवर ब्रिज पर निकट भविष्य में खतरे को देखते हुए बड़ी कार्रवाई भी की थी। बावजूद इसके धनबाद जिले में एक नामचीन कोयला तस्कर स्थानीय कुछ युवकों व कथित रूप से प्रशासनिक व्यवस्था को मैनेज (मोटी रकम देकर) कोयले के अवैध कारोबार को धड़ल्ले से संचालित कर रहा है। सूत्रों की मानें तो कोयले के इस



अवैध कारोबार में कथित रूप से एक स्थानीय पत्रकार भी शामिल है, जो महुदा क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार करने आ रहे कारोबारियों से एक मोटी रकम लेकर पुलिस, ग्रामीण, जमीन मालिक, सीआईएसएफ, बीसीसीएल एवं राजनेताओं आदि का हिस्सा पहुंचाने का काम कर रहा है। गौरतलब हो कि बीते दिनों क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे रेलवे के डीआरएम ने ड्रोन की मदद से निगरानी करवाई थी। जिसके बाद एक जांच टीम गठित कर आद्रा से महुदा तक जांच कराई गयी। जिसने मुचिरायडीह से भुरूंगीय तक रेलवे ट्रैक के नजदीक संचालित सभी खनन स्थलों की फोटोग्राफी कर आद्राडीआरएम को रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बाद दिया था। डीआरएम ने रेलवे ट्रैक के नजदीक संचालित सभी अवैध खदानों को अविलंब बंद कराने को लेकर धनबाद के डीसी समेत वरीय पुलिस कप्तान, स्थानीय पुलिस, सीआईएसएफ, महुदा रेलवे, बीसीसीएल, राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को छिट्ठी लिखकर उक्त स्थल को बंद करवाने का आग्रह किया था। तब स्थानीय पुलिस, सीआइएसएफ व बीसीसीएल ने मुचिरायडीह में संचालित अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते भारी मात्रा में अवैध कोयला भरे बोरियों को जब्त किया था। साथ ही सभी अवैध मुहानो की भराई कर कई नामजद व आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बावजूद इसके कोयले की अवैध खुदाई और तस्करी पर लगाम नहीं लग पा रहा और तस्कर फिर से बंद मुहानों को खोकर बेरोकटोक धंधा कर रहे हैं।

## तीन घंटा विलंब से पहुंचे बिजली विभाग के जेइ, हंगामा

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** निरसा प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास ने की। बैठक में बीडीओ इंद्रलाल ओहदार सहित सभी विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। वहीं, बैठक में करीब तीन घंटे विलंब से बिजली विभाग के जेई के पहुंचने पर सदस्य ने जमकर हंगामा किया। वहीं, बैठक में रंगामाटी धर्मपुर प्राथमिक विद्यालय का जल मीनार खराब होने के खारब हो रही परेशानी का मुद्दा उठा। जिल पर पीएचडी विभाग द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। वहीं, गुरुजी क्रेडिट कार्ड का संतोषजनक प्रगति नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को गुरु जी के कार्ड नहीं मिलने का मुद्दा गरमाया रहा।

बाल विकास परियोजना के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का शत प्रतिशत लक्ष्य करें पूरा : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीडीसी सादात अनवर की अगुवाई में गुरुवार को समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें डीडीसी ने अधिकारियों से कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। निर्देश दिया कि इस वित्तीय वर्ष में इसके शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) विद्यालय के प्राचार्य से मिलकर योजना के लिए आवेदन प्राप्त करें और उसे ऑनलाइन अग्रसारित करायें। इसके बाद लाभुकों के खाते में योजना की राशि भेजना



सुनिश्चित करें। आवेदन ऑनलाइन प्रोसेस करने के लिए एक महीने के लिए प्रखंड से कंप्यूटर ऑपरेटर की सुविधा प्रदान की जाएगी। समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में भी प्रगति लाने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने परियोजना में कार्यरत पदाधिकारी, कर्मचारी और मैनपावर की उपलब्धता एवं आवश्यकता, स्वीकृत पद के विरुद्ध कार्यरत सेविका, सहायिका एवं रिक्ती की विवरणी, पूरक पोषाहार योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व शौचालय की स्थिति और पोषण ट्रेकर डैशबोर्ड आदि की समीक्षा की। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर के अलावा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मौजूद थे।


"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तरसहभागिता"
**समाहरणालय, लातेहार**
**(निर्वाचन शाखा)**

**आम–सूचना**

आगामी विधानसभा आम चुनाव– 2024 के दृष्टिगत मतदान केन्द्र के भवन/स्थल परिवर्तन हेतु जिलान्तर्गत कुल 04 मतदान केन्द्र के प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपने पत्रांक–64/पूर्व–अनु0–1/झार.वि.स./2024 दिनांक 09.07.2024 के माध्यम से भवन/स्थल परिवर्तन हेतु सहमति दी गई है, जिसकी संपुष्टि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 4214 दिनांक 09.07.2024 के द्वारा भी संसूचित है।तदोपरांत विधानसभा आम चुनाव 2024 में परिवर्तित भवन पर मतदान सम्पन्न होगा, जिसकी विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र. सं. | विधानसभा का नाम | प्रखण्ड का नाम | पुराने मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | | परिवर्तित मतदान केन्द्र भवन की संख्या एवं नाम, | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बुथनं. | बुथ का नाम | बुथनं. | बुथ का नाम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 73मनिका | बरवाडीह | 09 | पंचायत भवन पोखरीकला (म0भाग) | 09 | सामुदायिक भवन पोखरीकला |
| 2 | 73 मनिका | बरवाडीह | 43 | नदीघाटी योजना मध्य विद्यालय मण्डल | 43 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मण्डल |
| 3 | 73 मनिका | महुआडांड़ | 284 | प्रा0वि0 औराटोली | 284 | आंगनबाड़ी केन्द्र, औराटोली |
| 4 | 74 लातेहार | बालूमाथ | 147 | पंचायत भवन बालूमाथ उत्तरी भाग | 147 | राजकीय +2 उच्च विद्यालय बालूमाथ |

अतः सभी राजनैतिक दलों/हितधारकों/जनसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 329865 Election(24-25).D



**कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़।**

नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।

अति अल्पकालिन सूचना संख्या –**NIT/RGH/NP/02/2024-25(3nd Call)**

1 निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :– दिनांकः 20.07.2024
3 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि :– दिनांकः 29.07.2024 अपराहन 04:00 बजे तक।
4 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवलई–निविदा(http://jharkhandtenders.gov.in)
5 निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :– दिनांकः 30.07.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
6 मद का नाम :– 15वे वित्त आयोग (Untied)
7 हेल्पलाईन नं0 :– 9962405690 9110072039

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 | Construction of Retaining Wall and Paver Road from Kali Mandir to Karma Raod in Ward no 04 | 4345100.00 | 86902.00 | 10000.00 | 120 दिन |
| 02 | 10 | Installation of Pavers Block in Road from H/O- Rohit Bediya to H/O- Dinesh Bediya, Kalikaran Road to H/O- Mnjira Bediya & H/O- Jilani Ansari to H/O- Tanvir Alam in Ward no-10 | 3321600.00 | 66432.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 03 | 25 | Construction of Paver block Road From (A) from H/O Bhagru Mahto to H/O Dine Mahto (B)From Kabristan to H/O Govind Mahto (C) Sagar Bishwarkama to Main Road in ward no 25 | 3211000.00 | 64220.00 | 10000.00 | 90 दिन |

नोटः–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉं http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

PR 329870 District(24-25)D **कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, रामगढ़।**

# रत्न भंडार के अंदर से आभूषणों को स्थानांतरित किया गया

● गजपति ने कहा कि रत्न भंडार की मरम्मत आवश्यकता है



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूरी 11 सदस्यीय टीम ने रत्न भंडार का अनुध्यान किया है। गजपति महाराजा दिब्यसिंह देव भी रत्न भंडार गये और स्थिति का अनुध्यान किया। टीम की जांच आगे बढ़ने के साथ ही आभूषणों को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। गजपति ने कहा कि स्थानांतरण का काम आज शाम तक पूरा होगा।

गजपति महाराजा दिब्यसिंह देव ने मीडिया को बताया कि आभूषण को खटशेज घर में स्थानांतरित किया गया। जहां भी आभूषण रखे जायेंगे वहां सुरक्षा कड़ी की जायेगी। आभूषण सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। आभूषण को स्थानांतरित करने के बाद उन पर हाईटेक उपकरणों से निगरानी की जायेगी।

रत्न भंडार की मरम्मत के बारे में गजपति ने कहा, 'हमें नहीं पता कि रत्न भंडार की मरम्मत कब की गयी थी। 1971 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के हस्तक्षेप के बाद से इस रत्न भंडार की मरम्मत नहीं की गयी है। वर्तमान समय में रत्न भंडार की मरम्मत अत्यावश्यक हो गयी है। आभूषणों का हस्तांतरण पूरा होने के बाद एएसआई को सूचित किया जायेगा। एएसआई रत्न भंडार की स्थिति का आकलन करेगा और मरम्मत करेगा। गजपति ने कहा कि एएसआई इस बात की जांच करेगी कि रत्न भंडार के पास कोई गुप्त सुडंग तो नहीं है। इसी तरह रत्न भंडार की मरम्मत के बाद आभूषणों की गिनती की जायेगी। गजपति ने कहा कि जब तक मरम्मत पूरी नहीं हो जाती, तब तक आभूषणों की गिनती नहीं होगा।

## न तो सांप मिला, न ही गुप्त कक्ष या सुरंग

पुरी जगन्नाथ मंदिर के आंतरिक रत्न भंडार से पवित्र त्रिदेवों के आभूषणों को स्थानांतरित करने के लिए प्रवेश करने वाली 11 सदस्यीय टीम कथित तौर पर 7 घंटे और 30 मिनट के ऑपरेशन में सभी कीमती सामानों को अस्थायी रत्न भंडार में स्थानांतरित करने के बाद 12वीं सदी के मंदिर से बाहर आ गयी। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उच्च स्तरीय समिति के प्रमुख न्यायमूर्ति बिस्वथ रथ ने कहा, 'हमने सुबह 8.30 बजे मंदिर में प्रवेश किया और तय किए गए शुभ मुहूर्त के अनुसार सुबह 9.51 बजे रत्न भंडार के ताले खोले।' रत्न भंडार के अंदर रहस्यमयी कक्ष और सुरंग होने की अटकलों के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, 'हमने ऐसी सूचनाओं पर कभी विश्वास नहीं किया। मैंने राज्य के लोगों से अपील की है कि वे इस तरह की निराधार सूचनाओं पर विश्वास न करें। मैं यूट्यूबर्स और मीडिया से भी अनुरोध करता हूं कि वे इस तरह की झूठी जानकारी प्रसारित न करें। हमने रत्न भंडार के सभी तरफ का निरीक्षण किया, लेकिन ऐसा कोई कक्ष या सुरंग नहीं मिली। हमने सब कुछ कैमरे में कैद कर लिया है।'

# रेल मंत्रालय ने संबलपुर में रेलवे फ्लाईओवर परियोजना के लिए 288.61 करोड़ मंजूर किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** रेल मंत्रालय ने संबलपुर स्टेशन को संबलपुर सिटी स्टेशन से जोड़ने वाले 8.10 किमी लंबाई के रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 288.61 करोड़ मंजूर किए हैं। इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना का उद्देश्य ट्रेन परिचालन को बढ़ाना है। इसके अलावा, संबलपुर स्टेशन और संबलपुर सिटी स्टेशन का पुनर्विकास किया जायेगा, जिस पर क्रमशः लगभग 350 करोड़ और 24 करोड़ खर्च किये जाने का प्रावधान है। इसके अलावा, संबलपुर-झारसुगुड़ा खंड और संबलपुर-केरेजंग खंड के बीच तीसरी और चौथी लाइन रेलवे बोर्ड में मंजूरी के उन्नत चरण में है। संबलपुर सिटी स्टेशन और सरला स्टेशन के बीच झारसुगुड़ा लाइन को सीधे जोड़ने वाले एक और रेल फ्लाईओवर को पहले ही 272 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी जा चुकी है।

### परियोजना के मुख्य बिंदु

**बेहतर ट्रेन आवाजाही:** फ्लाईओवर संबलपुर में सभी दिशाओं से एक साथ ट्रेन की आवाजाही की सुविधा प्रदान करेगा, ट्रेन यातायात को आसान बनाएगा और टिटिलागढ़, भुवनेश्वर और झारसुगुड़ा की ओर सुगम संचालन सुनिश्चित करेगा।

**परिचालन दक्षता:** क्रॉस-ट्रैफि क विलंब और परिचालन अक्षमताओं को दूर करके, परियोजना मंडल में ट्रेनों की औसत गति और दक्षता को बढ़ावा देगी।

**ऊर्जा कॉरीडोर योजना:** निर्माण भारतीय रेलवे के ऊर्जा कॉरीडोर का हिस्सा है, जो टिकाऊ और कुशल बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है।

**लंबाई और लागत:** फ्लाईओवर 8.10 किमी का होगा और इसे 288.61 करोड़ की लागत से मंजूरी दी गयी है।

### फ्लाईओवर के लाभ

**क्षमता मे वृद्धि :** नया फ्लाईओवर अन्य लाइनों को पार करने की आवश्यकता को दरकिनार करते हुए, टिटिलागढ़, झारसुगुड़ा और भुवनेश्वर दिशाओं से आने वाली ट्रेनों के लिए समर्पित बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा।

**भीड़भाड़ से राहत :** ट्रेन यातायात को अब संबलपुर/संबलपुर सिटी स्टेशनों और आसपास के स्टेशनों पर नहीं रोका जायेगा, जिससे इस व्यस्त जंक्शन पर आने वाली ट्रेनों की प्रतीक्षा अवधि में काफी कमी आयेगी।

**परेशानी मुक्त यात्री आवाजाही :** यह परियोजना टिटिलागढ़, झारसुगुड़ा और भुवनेश्वर दिशाओं में यात्री ट्रेनों की सुचारू आवाजाही की सुविधा देगी।

### परियोजना के प्रभाव

वर्तमान में संबलपुर स्टेशन से लगभग 60 यात्री ट्रेनें संचालित हैं। इनमें से 40 ट्रेनें झारसुगुड़ा की ओर और 20 ट्रेनें भुवनेश्वर की ओर संचालित होती हैं। इसके अलावा इस खंड में कई मालगाड़ियों का भी परिचालन होता है। झारसुगुड़ा, टिटिलागढ़ और भुवनेश्वर दिशाओं से क्रॉस-यातायात के कारण संबलपुर जंक्शन और संबलपुर सिटी स्टेशनों पर देरी और परिचालन संबंधी अक्षमताएं होती हैं। इस फ्लाईओवर के निर्माण से सतह क्रॉसिंग के बिना एक साथ ट्रेन की आवाजाही को सक्षम करके इन मुद्दों को हल किया जायेगा, जिससे अवरोधों को रोका जा सकेगा और क्षेत्र में समग्र ट्रेन परिचालन क्षमताओं में वृद्धि होगी।

# संबलपुर मंडल में पौधरोपण अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** पर्यावरण स्थिरता और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के लिए मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में 17 जुलाई को ईस्ट कोस्ट रेलवे, संबलपुर मंडल के इएनएचएम विंग द्वारा सरला स्टेशन पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तुषार कांत पांडे, मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, लीना पांडे, अध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर और कलुंगे गोरख डब्ल्यू, वन मंडलाधिकारी, संबलपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्री पांडे ने कहा कि वृक्षारोपण एक महत्वपूर्ण गतिविधि है जो पृथ्वी को हरा-भरा, जीवंत और स्वस्थ बनाने में मदद करती है। इसलिए, हर व्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए। इस कार्यक्रम के दौरान सरला स्टेशन यार्ड क्षेत्र में विभिन्न किस्मों के लगभग 1000 पौधे रोपे गये। क कार्यक्रम का समन्वय सिद्धांत मिश्रा, मंडल यांत्रिक इंजीनियर, संबलपुर ने किया। वृक्षारोपण अभियान में सभी अधिकारी, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्य, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।

# कीट डीम्ड विश्वविद्यालय के 12 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइ

● कीट-कीस के संस्थापक ने प्रत्येक एथलीट को 7-7 लाख रुपये देने की घोषणा की




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कीट डीम्ड विश्वविद्यालय (KIIT-DU), भुवनेश्वर के लिए एक बड़ी उपलब्धि यह है कि इसके 12 प्रतिभावान खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर लिये हैं, जिससे कीट संस्थान को गर्व और खुशी हुई है।

कीट देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जो भारत के सभी विश्वविद्यालयों में एथलीटों का सबसे बड़ा दल भेज रहा है। कीट -कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने प्रत्येक एथलीट को 7-7 लाख रुपये देने की घोषणा की है, जिससे उन्हें इस क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। जिन एथलीटों ने अपना स्थान अर्जित किया है, वे हैं - पुरुष हॉकी में अमित रोहिदास, भाला फेंक में किशोर कुमार जेना; 3000 मीटर स्टीपलचेज और 5000 मीटर में पारुल चौधरी; 20 किमी रेस वॉक और मैराथन रेस वॉक मिक्स्ड रिले में प्रियंका; जेवलिन थ्रो में अन्नू रानी; 100 मीटर बाधा दौड़ में ज्योति याराजी; शॉटपुट में तजिंदरपाल सिंह तूर; शॉटपुट में आभा खटुआ; 4७400 मीटर रिले रेस में प्राची; 5000 मीटर में अंकिता; 20 किमी रेस वॉक में परमजीत सिंह बिष्ट और मैराथन रेस वॉक मिक्स्ड रिले टीम में सूरज पंवार।

कीट -कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने भुवनेश्वर में एक विशेष कार्यक्रम में गौरवान्वित दल को बधाई देते हुए कहा, 'आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने आपको इस प्रतिष्ठित मंच पर पहुंचाया है।' उन्होंने प्रत्येक खिलाड़ी को 7 -7 लाख रुपये की नकद सहायता की घोषणा की। सभी 12 खिलाड़ी जो वर्तमान में यूरोप के विभिन्न देशों में विभिन्न शिविरों में हैं, कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए।

मीडिया को जानकारी देते हुए डॉ. सामंत ने कहा कि कीट -कीस भारत का पहला ऐसा संगठन है, जिसने सबसे अधिक खिलाड़ियों को ओलंपिक में भेजा है। उन्होंने यह भी बताया कि कीट -कीस ने 20 ओलंपियन और 2 पैरालिंपियन पहले ही तैयार किए हैं, जिन्होंने 2016 रियो ओलंपिक, 2020 टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 2024 पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि कीट -कीस को 7 अर्जुन पुरस्कार विजेताओं पर गर्व है।

उन्होंने कहा, हमें खुशी है कि कीट के 12 प्रतिभावान खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग ले रहे हैं, जिससे हमें और देश को गर्व होगा। अपना सर्वश्रेष्ठ दें और अपनी उपलब्धियों से चमकें। पूरा कीट -कीस परिवार आपके पीछे खड़ा है और आपका उत्साहवर्धन कर रहा है।

इन प्रतिभाशाली एथलीटों ने असाधारण कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया है। प्रोफेसर सरनजीत सिंह, कुलपति, कीट डीम्ड विश्वविद्यालय प्रोफेसर ज्ञान रंजन मोहंती, कुलसचिव, कीट डीम्ड विश्वविद्यालय,संजय कुमार गार्नाईक, मुख्य एथलेटिक कोच; और डॉ. गगनेंदु दाश, महानिदेशक, खेल और योग, कीट डीम्ड विश्वविद्यालय भी अवसर पर उपस्थित थे।

# सोआ उत्कृष्टता का प्रतीक है : प्रो. कर्मालकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बुधवार को कई प्रमुख शिक्षाविदों ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में से एक बनकर उभरे एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सोआ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) की जमकर सराहना की और कहा कि यह शिक्षण संस्थान समाज के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है।

सोआ विश्वविद्यालय के 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपद कर्मालकर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए और अपने भाषण में कहा कि दूरदर्शी नेतृत्व के कारण सोआ उच्च शिखर पर पहुंच गया है और शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाया है उच्च स्तर तक। प्रो. कर्मालकर के साथ, भुवनेश्वर एकाम्र निर्वाचन क्षेत्र के विधायक बाबू सिंह, बीजू पटनायक प्रौद्योगिकी विवि (बीपीयूटी) के कुलपति प्रोफेसर अमीय कुमार रथ और ओडिशा प्रौद्योगिकी और अनुसंधान विवि (ओयूटीआर) के कुलपति विभूति भूषण विश्वाल कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने सोआ को 18वें स्थापना दिवस की बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर मनोजरंजन नायक की जमकर सराहना की और कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही यह शैक्षणिक संस्थान कम समय में ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद ने की। प्रो. कर्मालकर ने कहा कि सोआ ने उत्कृष्टता के लिए लगातार प्रयास किया है और अपने नाम को सार्थक किया है, जिसका वास्तविक अर्थ शिक्षा और अनुसंधान है। प्रो. कर्मालकर ने कहा कि अनुसंधान का स्रोत एक जिज्ञासु इंसान से शुरू होता है और अनुसंधान के क्षेत्र में समस्याओं को हल करने का उत्साह महत्वपूर्ण है। बिजली के बल्ब के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन बार-बार असफल होने के बाद सफल हुए, जबकि नासा के अंतरिक्ष में रॉकेट भेजने के 28 प्रयास 20 बार विफल रहे।




# रथयात्रा में जेएसपी फाउंडेशन ने भक्तों को सेवा प्रदान की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पिछले वर्षों की तरह पवित्र रथ यात्रा के दौरान भक्तों की सेवा करने की परंपरा को बरकरार रखते हुए, अग्रणी इस्पात निमार्ता जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की सामाजिक शाखा, जेएसपी फाउंडेशन ने आयोजित रथ यात्रा के दौरान भक्तों के बीच 14.26 लाख से अधिक मुफ्त भोजन वितरित किया। पुरी में 6 जुलाई, 2024 से सुना बेश दिवस तक, फाउंडेशन ने 12 दिनों तक गुंडिचा मंदिर के पास पुरी बस स्टैंड पर हर दिन पारंपरिक उडिया भोजन उपलब्ध कराया।

इस अवसर पर जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती शालू जिंदल ने कहा, "रथ यात्रा आध्यात्मिकता, भक्ति और एकता का प्रतीक है। इस पवित्र रथ यात्रा में भोजन, पेयजल, ओआरएस और अन्य व्यवस्थाएं प्रदान करके भक्तों की सेवा करने का अवसर देने के लिए हम भगवान श्रीजगन्नाथ के आभारी हैं। उन्होंने सेवाएं प्रदान करने में सहयोग के लिए जिला प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया।

इस सेवा के लिए पुरी बस स्टैंड पर एक अस्थायी रसोई और भोजन सेवा केंद्र स्थापित किया गया था। इस केंद्र में जेएसपी के 100 से अधिक स्वयंसेवक और कर्मचारी भक्तों की सेवा में लगे हुए थे और ताजा पका हुआ भोजन वितरित करते थे। भोजन तैयार करने और वितरण में स्वच्छता और सुरक्षा मानकों को बनायें रखने के लिए फाउंडेशन द्वारा विशेष उपाय किये गये हैं। जेएसपी फाउंडेशन ने समंग पार्किंग स्थल पर एक अलग रसोई और खाद्य सेवा केंद्र में पका हुआ भोजन भी उपलब्ध कराया।

इसके अलावा जेएसपी फाउंडेशन की ओर से दो अलग-अलग मोबाइल टैंकों के माध्यम से ठंडा पेयजल वितरित किया गया। इन दोनों टंकियों से प्रतिदिन 6000 लीटर से अधिक ठंडा पानी वितरित किया गया है। श्रद्धालुओं को 10 हजार से अधिक ओआरएस पैकेट भी दिये गये. इस अवसर पर पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान बारिश से बचाने के लिए फाउंडेशन की ओर से 500 रेनकोट उपलब्ध कराये गये हैं। फाउंडेशन ने पुरी नगर पालिका के स्वच्छता अभियान का समर्थन करने के लिए तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के उपयोग के लिए 70 एफआरपी शौचालय भी प्रदान किये। जेएसपी फाउंडेशन द्वारा प्रदान की गयी इन सेवाओं की तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय प्रशासकों द्वारा सराहना की गयी है। कई भक्तों द्वारा खानपान सेवा की गुणवत्ता और दक्षता की अत्यधिक सराहना की।







VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**